

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो०: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश, दिल्ली एनसीआर, हरियाणा, पंजाब बिहार, मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड, असम से प्रसारित

वर्षः 3 अंकः 344 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शुक्रवार 26 सितम्बर 2025 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया

# उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025

## भारत और यूपी में निवेश विन-विन का सौदाः पीएम मोदी

समाज जागरण

ग्रेटर नोएडाः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज गुरुवार को ग्रेटर नोएडा में आयोजित उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने भारत की तेज विकास यात्रा, आर्थिक सुधारों और आत्मनिर्भरता की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत को शोध, विनिर्माण और व्यापार में आत्मनिर्भर बनना होगा और इसके लिए निजी निवेश के साथ-साथ एक व्यापक इकोसिस्टम तैयार करना जरूरी है।

पीएम मोदी ने कहा, "शोध के क्षेत्र में निवेश को कई गुना बढ़ाने की आवश्यकता है। निजी निवेश अब अनिवार्य हो चुका है और हमें स्वदेशी रिसर्च, डिजाइन और डेवलपमेंट का संपूर्ण इकोसिस्टम बनाना होगा।" उन्होंने उत्तर प्रदेश की निवेश संभावनाओं पर जोर देते हुए कहा कि राज्य में कनेक्टिविटी क्रांति से लॉजिस्टिक्स लागत घटी है। यूपी देश में सबसे ज्यादा एक्सप्रेसवे वाला राज्य है, सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे यहां हैं और यह दो बड़े





फ्रेट कॉरिडोर का केंद्र है।

उन्होंने बताया कि नमामि गंगे योजना के कारण उत्तर प्रदेश क्रूज टूरिज्म के मानचित्र पर आ गया है और राज्य हेरिटेज टूरिज्म में भी पहले स्थान पर है। स्थानीय उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजार में पहुंचाने के लिए वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ODOP) योजना को महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने कहा कि "यूपी इलेक्ट्रॉनिक्स और मोबाइल उत्पादन में नए कीर्तिमान बना रहा है। आज भारत के करीब 55 प्रतिशत मोबाइल फोन उत्तर प्रदेश में बनते हैं। यहां एक बड़ा सेमीकंडक्टर संयंत्र भी जल्द शुरू होने वाला है, जिससे आत्मनिर्भरता को और मजबूती मिलेगी।"

रक्षा क्षेत्र की बात करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि भारत में अब हर रक्षा उपकरण पर 'मेड इन इंडिया' की पहचान है और उत्तर प्रदेश इसमें अहम भूमिका निभा रहा है। "रूस के सहयोग से जल्द ही यूपी में AK-203 राइफल का उत्पादन शुरू होगा। इसके अलावा यूपी डिफेंस कॉरिडोर में ब्रह्मोस मिसाइल और अन्य हथियार प्रणालियों का निर्माण भी हो रहा है।"

आर्थिक सुधारों का जिक्र करते हुए उन्होंने जीएसटी सुधारों को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने उदाहरण देकर समझाया कि "2014 में 1000 रुपए की शर्ट पर 170 रुपए टैक्स लगता था। 2017 में जीएसटी आने के बाद यह 50 रुपए हो गया और अब नई सुधारों के बाद केवल 35 रुपए रह गया है। इसी तरह हर 100 रुपए खर्च पर परिवारों को अब 2014 से पहले की तुलना में 26 रुपए की बचत हो रही है। ट्रैक्टर, तीन-व्हीलर, स्कूटर और मोटरसाइकिल पर भी टैक्स काफी कम हुआ है।"

उन्होंने कहा कि इन बचतों का फायदा गरीब, नव-मध्यवर्ग और मध्यवर्ग सभी को हो रहा है। "आयकर में 12 लाख रुपए तक की आय को टैक्स फ्री किया गया है और जीएसटी सुधारों से इस साल देशवासियों को 2.5 लाख रुपए करोड़ की बचत होगी। हम 'जीएसटी सेविंग्स फेस्टिवल' मना रहे हैं।" निवेशकों को आकर्षित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, "भारत आज मजबूत सुधार इच्छाशक्ति, लोकतांत्रिक स्थिरता, नीति की स्पष्टता, कुशल कार्यबल और युवा उपभोक्ता शक्ति के साथ खड़ा है। भारत और खासतौर पर उत्तर प्रदेश में निवेश करना एक विन-विन स्थिति है।"

यह ट्रेड शो 25 से 29 सितंबर तक चलेगा। "Ultimate Sourcing Begins Here" थीम पर आधारित इस आयोजन में 2,200 से अधिक प्रदर्शक हिस्सा ले रहे हैं और यहां 1,25,000 से ज्यादा B2B और 4,50,000 से अधिक B2C विजिटर आने की उम्मीद है। रूस इस बार का पार्टनर देश है। आयोजन में हस्तशिल्प, वस्त्र, चमड़ा, कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, आईटी, इलेक्ट्रॉनिक्स, आयुष और अन्य क्षेत्रों के उत्पादों के साथ-साथ उत्तर प्रदेश की कला, संस्कृति और व्यंजन भी प्रदर्शित किए जाएंगे।

### भारतीय वायु सेना को 97 लड़ाकू विमानों की आपूर्ति के लिए सरकार ने हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स के साथ 7 अरब डॉलर का समझौता किया

समाज जागरण

भारत ने भारतीय वायु सेना के लिए 97 तेजस M'-1A लड़ाकू विमानों की खरीद हेतु हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के साथ ₹62,370 करोड़ (लगभग 7 अरब डॉलर) का समझौता किया है।

रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि ये विमान 64% से ज्यादा स्थानीयकृत हैं, जो 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत रक्षा निर्माण को बढ़ावा देने पर जोर देता है। इनकी आपूर्ति 2027-28 में शुरू होगी।

यह ऑर्डर ऐसे समय में आया है जब भारत की लड़ाकू विमानों की संख्या तेजी से कम हो रही है। रूस निर्मित मिग-21, जो छह दशकों से भी ज्यादा समय से भारतीय वायु सेना की रीढ़ रहे हैं, 26 सितंबर को चंडीगढ़ में एक सेवामुक्ति समारोह में अंततः सेवानिवृत्त होने वाले हैं।

## वेस्टइंडीज सीरीज के लिए भारतीय टेस्ट टीम की घोषणा

### करुण नायर बाहर, पडिक्कल, जगदीशन टीम में; सरफराज और सुथार को जगह नहीं

समाज जागरण

भारतीय टेस्ट टीम की घोषणाः भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की सीनियर पुरुष चयन समिति ने गुरुवार को शुभमन गिल की अगुवाई में दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए 15 खिलाड़ियों की टीम की घोषणा की। मध्यक्रम के बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल को टीम में वापस बुलाया गया है, जो इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में खेल चुके हैं और करुण नायर की जगह लेंगे।

इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में खराब प्रदर्शन के बाद नायर को टीम से बाहर कर दिया गया था। मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने कहा कि टीम को उनसे और उम्मीदें थीं। उन्होंने कहा, "हमें करुण नायर से और उम्मीदें थीं। यह सिर्फ. एक पारी नहीं हो सकती। पडिक्कल ज्यादा योगदान दे सकते हैं। हम सभी को 15-20 मौके देना चाहते हैं, लेकिन इन परिस्थितियों में यह संभव नहीं है।"

**अगरकर ने कहा, "पडिक्कल शानदार फॉर्म में हैं और वह पहले भी टीम में थे।"**

तमिलनाडु के शानदार फॉर्म में



चल रहे विकेटकीपर बल्लेबाज एन. जगदीशन, जिन्हें टीम के इंग्लैंड दौरे के दौरान पहली बार भारत के लिए चुना गया था, को ऋषभ पंत की लगातार अनुपस्थिति में कवर के तौर पर चुना गया है। पंत पिछले जुलाई में मैनचेस्टर में इंग्लैंड के खिलाफ भारत के चौथे टेस्ट के दौरान हुए अपने बाएं पैर के फ्रैक्चर से अभी भी उबर रहे हैं।

ध्रुव जुरेल पहली पसंद के विकेटकीपर होंगे, जबकि पंत की अनुपस्थिति में रवींद्र जडेजा को उप-कप्तान बनाया गया है।

**भारत बनाम वेस्टइंडीज का पहला मैच 2 अक्टूबर 2025 से शुरू होने वाला है।**

टीम की घोषणा में सलामी बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन को भी टीम में नहीं चुना गया, जो ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड दोनों श्रृंखलाओं के लिए भारतीय टीम का हिस्सा थे।

ईश्वरन को टीम में शामिल न करने के पीछे का कारण बताते हुए अगरकर ने कहा, "हम घरेलू श्रृंखला में तीन सलामी बल्लेबाजों को नहीं उतार सकते; इसके बजाय, हमने एक अतिरिक्त स्पिन ऑलराउंडर को शामिल किया है।" इस फैसले के चलते अक्षर पटेल को 16 सदस्यीय टीम में जगह मिल गई। घरेलू क्रिकेट में प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाले बाएं हाथ के ऑर्थोडॉक्स स्पिनर मानव सुथार को पहली बार टीम में शामिल किया जाना तय था, लेकिन उन्हें अपने मौके का इंतजार करना होगा। सरफराज खान, जिन्हें ऑस्ट्रेलिया सीरीज में एक भी मैच नहीं खेलने का मौका मिला और इंग्लैंड सीरीज के लिए भी टीम से बाहर कर दिया गया, भी टीम में जगह बनाने में नाकाम रहे।

## 2025 की तीसरी तिमाही में रियल एस्टेट में तेजी, आवासीय कीमतों में 14% वृद्धि

समाज जागरण

वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं और भू-राजनीतिक तनाव के बावजूद 2025 की तीसरी तिमाही में भारत में आवासीय मांग मजबूत बनी रही, जिसमें कुल बिक्री मूल्य में सालाना आधार पर 14 प्रतिशत की वृद्धि हुई। बिक्री मूल्य 2024 की तीसरी तिमाही में 1.33 लाख करोड़ रुपए से बढ़कर इस वर्ष की पहली तिमाही में 1.52 लाख करोड़ रुपए हो गया। यह जानकारी गुरुवार को आई रिपोर्ट में दी गई।

**आय में वृद्धि, शहरीकरण और घर खरीदने की बढ़ती चाहत ने बिक्री में इस बढ़त को बढ़ावा दिया**

आय में वृद्धि, शहरीकरण और घर खरीदने की बढ़ती चाहत ने बिक्री में इस बढ़त को बढ़ावा दिया। हालांकि, बिक्री की मात्रा में 9 प्रतिशत की गिरावट के साथ, इस सेक्टर को अफोर्डेबिलिटी, लागत और विभिन्न बाजारों में असमान मांग जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ा।

**एनारॉक की रिपोर्ट में कहा गया है कि 2025 की तीसरी तिमाही में टॉप सात शहरों में 97,080 घरों की बिक्री हुई**

एनारॉक की रिपोर्ट में कहा गया है कि 2025 की तीसरी तिमाही में टॉप सात शहरों में 97,080 घरों की बिक्री हुई, जबकि 2024 की तीसरी तिमाही में 1.07 लाख यूनिट की बिक्री हुई थी। टॉप सात शहरों में, मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन



(एमएमआर) में लगभग 30,260 यूनिट की सबसे अधिक बिक्री दर्ज की गई, इसके बाद 16,620 यूनिट के साथ पुणे का स्थान रहा।

**चेन्नई और कोलकाता को छोड़कर, सभी टॉप शहरों में सालाना बिक्री में गिरावट दर्ज की गई**

एनारॉक ग्रुप के चेयरमैन अनूज पुरी ने कहा, "कुल मिलाकर, इन दो पश्चिमी शहरों ने 2025 की तीसरी तिमाही में टॉप 7 शहरों में कुल बिक्री का 48 प्रतिशत हिस्सा लिया। चेन्नई और कोलकाता को छोड़कर, सभी टॉप शहरों में सालाना बिक्री में गिरावट दर्ज की गई।"

**बिक्री लॉन्च से अधिक रहने से पता चलता है कि मांग-आपूर्ति का समीकरण मजबूत बना हुआ है**

इन शहरों में नई हाउसिंग सप्लाई में मामूली 3 प्रतिशत की वृद्धि हुई, 2025 की तीसरी तिमाही में लगभग 96,690 यूनिट लॉन्च किए गए, जबकि 2024 की इसी अवधि में 93,750 यूनिट लॉन्च किए गए थे। फिर भी, बिक्री लॉन्च से अधिक रहने से पता चलता है कि मांग-आपूर्ति का समीकरण मजबूत बना हुआ है।

**मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन ने इस तिमाही में 29,565 यूनिट लॉन्च कर नई सप्लाई में शीर्ष स्थान हासिल किया**

मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन ने इस तिमाही में 29,565 यूनिट लॉन्च कर नई सप्लाई में शीर्ष स्थान हासिल किया, इसके बाद पुणे ने लगभग 19,375 यूनिट लॉन्च किए।रिपोर्ट में कहा गया, "दिलचस्प बात यह है कि जबकि अन्य शहरों में सालाना आधार पर नई सप्लाई में गिरावट आई, पुणे, कोलकाता और चेन्नई में नई सप्लाई क्रमशः 56 प्रतिशत और 38 प्रतिशत बढ़ी।"

**1.5 करोड़ रुपए की लग्जरी हाउसिंग कैटेगरी में 38 प्रतिशत की सबसे अधिक नई सप्लाई देखी गई**

1.5 करोड़ रुपए की लग्जरी हाउसिंग कैटेगरी में 38 प्रतिशत की सबसे अधिक नई सप्लाई देखी गई, इसके बाद 80 लाख-1.5 करोड़ रुपए के प्रीमियम सेगमेंट का 24 प्रतिशत हिस्सा रहा। 40-80 लाख रुपए के मिड-सेगमेंट का इस तिमाही में कुल नई सप्लाई में 23 प्रतिशत का योगदान रहा, जबकि अफोर्डेबल सेगमेंट का हिस्सा 16 प्रतिशत के साथ सबसे कम था।

**सात प्रमुख शहरों में कुल उपलब्ध हाउसिंग इन्वेंटरी में सालाना आधार पर मामूली गिरावट देखी गई**

इस बीच, सात प्रमुख शहरों में कुल उपलब्ध हाउसिंग इन्वेंटरी में सालाना आधार पर मामूली गिरावट देखी गई, जो कि 2024 की तीसरी तिमाही के अंत के 5,64,415 यूनिट से 2025 की तीसरी तिमाही के अंत तक लगभग 5,61,756 यूनिट रह गई।

## राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने वृंदावन और मथुरा के स्थलों में दर्शन कर पूजा अर्चना की

(रघुनंदन पराशर जैतो दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख)

नई दिल्ली,25 सितंबर :राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने आज (25 सितंबर, 2025) एक विशेष ट्रेन से नई दिल्ली से वृंदावन (उत्तर



प्रदेश) की यात्रा की।अपने एक दिवसीय दौरे के दौरान, उन्होंने वृंदावन और मथुरा के प्रमुख धार्मिक स्थलों का दौरा किया। राष्ट्रपति ने श्री बांके बिहारी मंदिर, निधिवन, सुदामा कुटी, कुब्जा कृष्ण मंदिर और श्री कृष्ण जन्मस्थान में दर्शन कर और पूजा-अर्चना की।

## दिल्ली की रामलीलाओं से लाखों लोगों को रोजगार, दस हजार करोड़ का आर्थिक योगदान



समाज जागरण, दिल्ली ब्यूरो रमेशचंद्र द्विवेदी

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में चल रही भव्य रामलीलाओं ने इस बार न सिर्फ धार्मिक और सांस्कृतिक माहौल को संजीवनी दी है, बल्कि आर्थिक दृष्टि से भी शहर की रौनक बढ़ा दी है। मिले सूत्रों के अनुसार, दिल्ली में आयोजित रामलीला कार्यक्रमों से लाखों लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार मिला है। इसके साथ ही करीब 10 हजार करोड़ रुपये का आर्थिक योगदान राजधानी की व्यवस्था में जुड़ रहा है।

जानकारी के मुताबिक, इस बार दिल्ली में लगभग 800 स्थानों पर रामलीला मंचन हो रहा है। इन आयोजनों से कलाकारों, कारीगरों, स्टेज मैनेजमेंट टीम, ध्वनि-प्रकाश तकनीशियनों, खानपान व्यवसायियों, वस्त्र-निमार्ताओं और परिवहन सेवाओं से जुड़े हजारों परिवारों को रोजगार का अवसर मिला है।

विशेषज्ञों का कहना है कि रामलीला महोत्सव न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह रोजगार और आर्थिक सशक्तिकरण का भी बड़ा माध्यम बनता जा रहा है। जीएसटी 2.0 और नवरात्रि पर्व के साथ मिलकर ये आयोजन आर्थिक प्रवाह को नई गति दे रहे हैं। इन आयोजनों से जहां प्रभु श्रीराम का संदेश जन-जन तक पहुंच रहा है, वहीं दिल्ली की आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ हो रही है। बेरोजगारी से जूझ रहे युवाओं और छोटे व्यवसायियों को इस अवसर से नई ऊर्जा और राहत मिली है।

## लद्दाख से काशीपुर, कश्मीर से देहरादून तक...

### हर आंदोलन में एक जैसी साजिश की बू, कौन हैं जो Gen Z को बनाना चाहते हथियार?

समाज जागरण

नई दिल्लीः देश में युवाओं के आंदोलनों की झड़ी सी लगी है. पहले कानपुर, लखनऊ, बरेली, नागपुर और हैदराबाद. उसके बाद लेह-लद्दाख और अब उत्तराखंड के काशीपुर और देहरादून. हर जगह का पैटर्न लगभग एक जैसा है. सवाल यह है कि क्या यह सब महज संयोग है या फिर सोची-समझी रणनीति जिसके जरिए सरकार को घेरने और युवाओं को मोहरा बनाने की कोशिश की जा रही है. सरकार ने साफ कर दिया है कि अराजकता फैलाने वालों पर कोई ढील नहीं दी जाएगी. एजेंसियां साजिश की तह तक जाने में जुटी हैं.

नेपाल के बाद भारत में भी Gen Z गुस्साया?

नेपाल में हाल ही में हुए Gen Z आंदोलन का असर अब भारत में दिखाई दे रहा है. वहां युवाओं को फ्रंट पर रखकर आंदोलन खड़ा किया गया. अब भारत में भी उसी स्टाइल में माहौल बनाने की कोशिश की जा रही ह. शुरूआत 'आई लव मोहम्मद' के नाम पर जुलूस




निकालने और पुलिस पर हमला करने से हुई. फिर लेह-लद्दाख में सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाकर अराजकता फैलाई गई. अब उत्तराखंड में पेपर लीक को मुद्दा बनाकर हिंसक प्रदर्शन हो रहे हैं.

काशीपुर में पुलिस के साथ मारपीट की गई और देहरादून में खुलेआम 'नेपाल बनाने' की धमकी दी गई. 'आजादी' के नारे लगाए गए. हिंदू आस्था को भी टारगेट किया गया. नारेबाजी का पैटर्न भी हर जगह एक जैसा दिखा. कहीं 'वोट चोर गद्दी छोड़' तो कहीं 'पेपर चोर गद्दी छोड़'. साफ है कि मकसद केवल गुस्सा दिखाना नहीं बल्कि सरकार को अस्थिर करना है.

**विदेशी फंडिंग और बड़ी साजिश पर शक**

खुफिया एजेंसियां इन घटनाओं पर बारीकी से नजर रख रही हैं. श्रीलंका और बांग्लादेश में भी यही पैटर्न देखा गया था, जहां युवाओं के कंधों पर रखकर सरकार विरोधी आंदोलन चलाए गए. आशंका जताई जा रही है कि भारत में भी कहीं विदेशी फंडिंग या बाहरी ताकतें तो इन प्रदर्शनों को हवा नहीं दे रहीं.

# सोनम को खलनायक बनाकर गलती कर रही है दिल्ली



लेह-लद्दाख के अधिकारों के लिए गांधीवादी तरीके से आंदोलनकारी सोनम वांगचुक को खलनायक बनाकर भारत सरकार शायद उसी गलती को दोहरा रही है जो उसने मणिपुर के मामले में की.गृह मंत्रालय ने लेह में हिंसक विरोध प्रदर्शन के लिए सोनम वांगचुक को ज़िम्मेदार ठहराया है और कहा है कि कार्यकर्ता ने अपने भड़काऊ बयानों के जरिए भीड़ को उकसाया। सरकार ने कहा कि लेह में स्थिति शाम 4 बजे तक नियंत्रण में आ गई थी

मणिपुर और लेह लद्दाख के आंदौलन में जमीन आसमान का अंतर है. मणिपुर को हिंदू राज्य बनाने के लिए कुकी और मैतेयी समूह को आपस में लडवाया गया. बडे पैमाने पर पूजाघर जलाए गए और सशस्त्र हिंसा को राज्य सरकार ने रोकने के बजाय उसे हवा दी. सरकार ढाई साल तक मणिपुर को जलता देखती रही.

लेह में परिदृश्य अलग है. लेह लद्दाख में लोग समूहों में विभक्त नहीं हैं. वे गांधीवादी तरीके से आंदोलनरत हैं और संवाद के लि पैदल चलकर दिल्ली तक गए. लेह लद्दाख में कोई पूजाघर नहीं जलाया गया. यहाँ भाजपा का दफ्तर आग के हवाले किया गया. पुलिस की गोली से 4लोग मारे गए और 70 से ज्यादा लोग घायल हो गए. लद्दाख लेह का आंदोलन एक सुलझे हुए व्यक्ति के हाथ में है जो नवाचारों के लिए लोकप्रिय है.

लेह लद्दाख में हिंसा और आगजनी के बाद सरकारी बयान में कहा गया है, "यह स्पष्ट है कि श्री सोनम वांगचुक ने अपने भड़काऊ बयानों के जरिए भीड़ को उकसाया था। संयोग से, इस हिंसक घटनाक्रम के बीच, उन्होंने अपना अनशन तोड़ दिया और स्थिति को नियंत्रित करने के लिए गंभीर प्रयास किए बिना एम्बुलेंस से अपने गाँव के लिए रवाना हो गए।"

आपको याद होगा कि लेह लद्दाख छह साल पहले तक जम्मू काश्मीर का अंग था लेकिन केंद्र ने धारा 370 हटाने की सनक में जम्मू आश्मीर के तीन टुकडे कर उसे केंद्र शाशित बना दिया. आज लेह लद्दाख की जनता का न अपना कोई विधायक है न साओसद. यहां की जनता क्षेत्र को संविधान के अनुच्छेद छह में शामिल कर स्वायत्तता की मांग कर रही है जो केंद्र को मंजूर नहीं.

केंद्र ने शीर्ष निकाय, लेह (एबीएल) और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस (केडीए) द्वारा उठाए गए मुद्दों पर चर्चा करने के लिए उच्चस्तरीय समिति की बैठक के लिए 6 अक्टूबर की तारीख पहले ही तय कर दी थी, और एबीएल द्वारा प्रस्तावित उच्चस्तरीय समिति के लिए नए सदस्यों पर भी सहमति बन गई थी।

लद्दाख को पूर्ण राज्य के दर्जे दिए जाने को लेकर और छठी अनुसूची में शामिल किए जाने को लेकर सोनम वांगचुक पिछले 15 दिनों से भूख हड़ताल पर थे। लेकिन प्रदर्शन के हिंसक रूप लेने के बाद उन्होंने हड़ताल को खत्म करने का निर्णय लिया.

लेह लद्दाख की प्रकृति शांत है. ये इलाका सामरिक नजरिए से भी महत्वपूर्ण है. यहाँ की जनता बिना वर्दी की सैनिक मानी जाती है. यहाँ विकास की अंधी दौड कभी शुरू नहीं हुई लेकिन 11 साल में लेह लद्दाख के साथ केंद्र ने संवेदनशील रवैया नहीं अपनाया. अब लेह लद्दाख बेकाबू हो रहा है. कोई माने या न माने लेकिन हकीकत यही है कि लेह लद्दाख की जनभावनाओं की कद्र नहीं की जा रही है. सरकार लेह लद्दाख की जनता को,'ईडियट', समझ रही है. लेकिन ऐसा है नहीं. यहाँ की जनता राष्ट्रभक्त, शांत, धर्मप्रेमी है. उसे गोली से दबाया जा सकता.दबाया नही चाहिए.क्योंकि लेह लद्दाख में नयी जनरेशन जेनजी है परिदृश्य मे.

हमें उम्मीद करना चाहिए कि मणिपुर में नाकाम रही सरकार लेह लद्दाख को जलने से बचाने के लिए संवाद का दरवाजा खुला रखेगी.और लद्दाख को मणिपुर की तरह राख मेंनही बदलने नहीं देगी.

@ राकेश अचल

# वह आँगन लगे उदास है

बेटा घर का चिराग है,
बेटी घर की लक्ष्मी है,
जिस घर में बेटी नहीं,
वह आँगन लगे उदास है।

बेटा एक कुल का सितारा है,
बेटी दो कुलों की मयार्दा है,
बेटी, बेटी, बहन बहू, माँ है,
बेटी से चलता पूरा परिवार है।

दुनिया की आधी आबादी है,
सीता, सावित्री, गायत्री देवी,
गंगा, यमुना, सरयू की धार है,
बेटी से चलता सारा संसार है।

बेटी दुर्गा, लक्ष्मी, सरस्वती,
काली, कमला, माँ शारदा है,
बेटियों की जहाँ पूजा होती है,
वह होता अति पवित्र संसार है।

बेटी की रक्षा सुरक्षा उसे
सक्षम दुर्गा बनाने में ही है,
उसकी क्षमता शक्ति उसकी
स्वयं की ताकत बढ़ाने में है।

आदित्य बेटी को पढ़ाओ,
लिखाओ, पूरी सुरक्षा दो,
बेटी खुश होगी जब तब,
खुश होगा पूरा घर द्वार है।



डॉ कर्नल आदि शंकर मिश्र
आदित्य, विद्यावाचस्पति

# कालजई संस्कृति के पुजारी पंडित दीनदयाल।



भोलानाथ मिश्र

पंडित दीनदयाल उपाध्याय एक ऐसे ऋषि राजनीतिक चिंतक थे जिन्होंने भारतीय राजनीति में अपनी अमिट छाप छोड़ी। 25 सितंबर, 1916 को उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के नगला चंद्रभान गांव में जन्मे दीनदयाल जी ने अपने जीवन को राष्ट्र सेवा में समर्पित कर दिया। वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक रहे और बाद में जनसंघ में शामिल हुए, जहां उन्होंने एकात्म मानववाद के सिद्धांत को प्रस्तुत किया।

दीनदयाल जी कहा करते थे - "हम अतीत के गौरव से अनुप्राणित हैं, परन्तु उसको भारत के राष्ट्रजीवन का सर्वोच्च बिंदु नहीं मानते हैं। हम वर्तमान के प्रति यथार्थवादी हैं, किंतु उससे बंधे नहीं हैं। हमारी आंखों में भविष्य के स्वर्णिम स्वप्न हैं, किंतु हम निढालु नहीं हैं, बल्कि उन स्वप्नों को सच करने वाले कर्मयोगी हैं।" वह अनादि, अतीत, अस्थिर वर्तमान और चिरंतन भविष्य की कालजई मृत्यंजय संस्कृति के पुजारी थे।

दीनदयाल जी का एकात्म मानववाद का सिद्धांत उनकी सबसे बड़ी देन है। उनका कहना था कि "हमारी संपूर्ण अर्थव्यवस्था का केंद्र 'मानव' होना



चाहिए। भौतिक उपकरण मानव के सुख के साधन हैं, साध्य नहीं।" एकात्म मानववाद के आधार पर जीवन की सभी व्यवस्थाओं का विकास करना चाहिए।

दीनदयाल जी ने कुटीर उद्योगों को भारतीय अर्थनीति का आधार माना। उनका कहना था कि "प्रगतिशील तकनीकी वही है जो बेकारी मिटाए, विषमता घटाए तथा प्रदूषण से बचाए।" 'सबको काम' ही भारतीय अर्थव्यवस्था का एक मुख्य मूलाधार है। विकेंद्रित अर्थव्यवस्था का विकास करने से ही देश की आर्थिक प्रगति संभव है।

10 फरवरी, 1968 को प्रातः 8 बजे दीनदयाल जी लखनऊ से ट्रेन से चले थे। 11 फरवरी, 1968 को प्रातः 3:30 बजे संदिग्ध अवस्था में दीनदयाल नगर (मुगलसराय) में रेलवे पुलिस ने दीनदयाल जी का मृत अवस्था में शव प्राप्त किया था। शव का पोस्टमार्टम वाराणसी में हुआ और बाद में हवाई जहाज द्वारा शव को दिल्ली में 30 राजेंद्र प्रसाद रोड लाया गया ।

दीनदयाल जी की विरासत आज भी हमें प्रेरित करती है। उनकी विचारधारा और सिद्धांत हमें राष्ट्र सेवा और मानव कल्याण के लिए प्रेरित करते हैं। वह एक ऐसे नेता थे जिन्होंने अपने जीवन को राष्ट्र के लिए समर्पित कर दिया और हमें एक बेहतर भविष्य की दिशा में मार्गदर्शन किया।

# पीडीए की एकता तोड़ना चाहती है बीजेपी: अखिलेश

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आज गुरुवार को लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा कि जाति का हमारे समाज से गहरा भावनात्मक जुड़ाव है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पिछड़े वर्गों को जाति के आधार पर ही आरक्षण मिला है और मंडल कमीशन की प्रस्तावना में यह बात दर्ज है कि पिछड़े लोग जाति के आधार पर ही पहचाने जाते हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा पीडीए यानी पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यकों की एकजुटता से घबराई हुई है। जब से समाजवादी पार्टी ने अलग-अलग विभागों में पीडीए की हिस्सेदारी और तैनाती के आंकड़े सार्वजनिक किए हैं, तबसे भारतीय जनता पार्टी विचलित है और वह समाज के लोगों को अपमानित करने का रास्ता चुन रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा लगातार ऐसे मुद्दे गढ़ रही है जिससे पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों के बीच पैदा हुई एकता को कमजोर किया जा सके।

योगी सरकार द्वारा हाल ही में जारी उस आदेश पर सवाल खड़े करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि अब प्रदेश में एफआईआर, अरेस्ट वारंट या किसी भी सरकारी दस्तावेज पर जाति का उल्लेख नहीं किया जाएगा। इस आदेश को चुनौती देते हुए उन्होंने कहा कि जब हरिजन एक्ट ही जाति के आधार पर बना है तो जाति की पहचान को मिटाने की कोशिश क्यों की जा रही है। अखिलेश यादव ने तंज कसते हुए पूछा कि जब प्रदेश में ऐसे मामले हुए हैं जिनमें लोगों ने गंगाजल से मकान धुलवाया या मंदिरों को जातिगत भेदभाव के कारण साफ कराया गया, तो उन पर कार्रवाई क्यों नहीं की गई? उन्होंने कहा कि मैं खुद एक मंदिर गया था जहां मंदिर के पुजारी ने रोकने की कोशिश की, लेकिन भाजपा के ही लोगों ने उस जगह को धुलवाया। भाजपा को यह स्पष्ट करना चाहिए कि आखिर ऐसा क्यों किया गया। अखिलेश ने दोहराया कि इस समय समाजवादी पार्टी ही है जिस पर पीडीए समाज का भरोसा कायम हो रहा है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने भाजपा सरकार को भ्रष्टाचार के मामलों में कठघरे में खड़ा करते हुए तीखे अंदाज में कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा ने भ्रष्टाचार के सारे रिकार्ड तोड़ दिए हैं। उन्होंने कहा कि आज खुद सत्तारूढ़ दल के विधायक मंच से बोल रहे हैं कि काम के बदले दस प्रतिशत कमीशन लिया जा रहा है। विधायक इस बात को सार्वजनिक रूप से कह रहे हैं लेकिन भाजपा सरकार इस पर ध्यान नहीं देती। इसके बजाय भाजपा हमें क्रीम, पाउडर और शैंपू जैसे मुद्दों में उलझाने की कोशिश कर रही है। अखिलेश यादव ने व्यंग्य करते हुए कहा कि हम भी बाजार जाएंगे और देखेंगे कि आखिर कौन लोग ज्यादा मुनाफा कमा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की सरकार उन लोगों से बात कर रही है और उन्हें बढ़ावा दे रही है, जो ज्यादा मुनाफा कमा रहे हैं, जबकि आम जनता की समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

इस मौके पर अखिलेश यादव ने समाजवादी पार्टी में शामिल हो रहे नए नेताओं का स्वागत किया। उन्होंने खासकर सुधीर चौहान, पूर्व विधायक चौधरी अमर सिंह, विद्यासागर और बसपा से आए लालजी भारती का जिक्र किया और कहा कि इन नेताओं का पार्टी में आना समाजवादी पार्टी को मजबूती देगा। अखिलेश यादव ने विश्वास जताया कि सामाजिक न्याय और बराबरी की लड़ाई को और अधिक बल देने के लिए ऐसे नेताओं का साथ आना बेहद जरूरी है।

अखिलेश यादव ने लगातार भाजपा पर हमले जारी रखते हुए कहा कि भाजपा सरकार लोगों को उलझाने का काम कर रही है ताकि जनता मुख्य मुद्दों पर सवाल न पूछ सके। उन्होंने कहा कि भाजपा तबसे घबराई हुई है जबसे समाजवादी पार्टी ने विभिन्न विभागों में पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यकों की वास्तविक हिस्सेदारी का खुलासा किया। उन्होंने कहा कि आंकड़े बताते हैं कि पीडीए की हिस्सेदारी नाम मात्र की है, और इन्हें उनके अधिकार से दूर रखने के लिए भाजपा तमाम चालें चल रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा चाहे कितना भी भ्रम फैलाने की कोशिश कर ले लेकिन सच यह है कि पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक अब समाजवादी पार्टी के साथ मजबूती से खड़े हैं।

उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा से सामाजिक न्याय की राजनीति करती रही है और यही रास्ता आगे का भविष्य तय करेगा। जाति को खत्म करने की बजाय अगर समाज को समान अधिकार देने की दिशा में कदम उठाए जाते तो बेहतर होता, लेकिन भाजपा इसके उलट काम कर रही है। उन्होंने कहा कि जाति व्यवस्था को नकारने से पिछड़ों का हक छिन जाएगा। उन्होंने दोहराया कि मंडल कमीशन के आधार पर ही आरक्षण प्रणाली चली और इसी कारण पिछड़ी जातियों को समान अवसर मिल पाए। अगर जातिगत पहचान और दर्जे से इनकार किया गया तो यह समाज के बड़े वर्ग के हितों का हनन होगा।

पूर्व मुख्यमंत्री ने भाजपा को चुनौती दी कि वह बताए कि अब तक भ्रष्टाचार के मामलों में क्या कदम उठाए गए। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल नारेबाजी करती है, लेकिन सच्चाई यह है कि उसके शासनकाल में जनप्रतिनिधि तक मंच से मान रहे हैं कि सरकारी व्यवस्था कमीशनखोरी से चल रही है। उन्होंने कहा कि गरीब और जरूरतमंद के हक की बात करने के बजाय भाजपा जनता को झूठे मुद्दों में भटकाने की कोशिश कर रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा का असली चेहरा जनता के सामने साफ हो चुका है और अब जनता इसे बखूबी समझ रही है।

लखनऊ में आयोजित इस प्रेस कांफ्रेंस में अखिलेश यादव के तेवर साफ दिखे। उन्होंने भाजपा पर सीधा हमला बोला और कहा कि पार्टी पीडीए की एकता से डर रही है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा का ध्यान जनता की समस्याओं और युवाओं के भविष्य को सुधारने पर नहीं है बल्कि वह साजिश करके असली मुद्दों से ध्यान भटका रही है। उन्होंने यह भी कहा कि अब समाजवादी पार्टी ही है जिस पर पीडीए समाज का भरोसा है और इस भरोसे को मजबूत करने की दिशा में पार्टी लगातार कार्य कर रही है।

इस बयान और आयोजन का नतीजा यह रहा कि अखिलेश यादव ने पार्टी कार्यकताओं में उत्साह का संचार किया और यह स्पष्ट संदेश दिया कि समाजवादी पार्टी भाजपा को हर मोर्चे पर चुनौती देती रहेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीतियां जनता के खिलाफ हैं और आने वाले समय में समाजवादी पार्टी ही जनता की सच्ची आवाज बनेगी। अखिलेश यादव ने दावा करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी एकमात्र ऐसा विकल्प है जो भाजपा के भ्रष्टाचार, नफरत और भटकाने वाली राजनीति का जवाब दे सकती है।



अजय कुमार

# लेह में जेन जेड और अरब स्प्रिंग स्टाइल में फैलाई गई हिंसा

लेह-लद्दाख में हालिया हिंसक घटनाएं न केवल स्थानीय राजनीतिक सरगर्मियों को उजागर कर रही हैं, बल्कि चर्चित पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक और कांग्रेस के संभावित संबंधों, विदेशी हस्तक्षेप, और केंद्र सरकार से असंतोष के मुद्दों को भी सामने ला रही हैं। सोनम वांगचुक, लद्दाख क्षेत्र को राज्य का दर्जा दिलाने और छठी अनुसूची के तहत विशेष दर्जे की मांग को लेकर भूख हड़ताल कर रहे थे। उनकी भूख हड़ताल 10 सितंबर 2025 से शुरू हुई थी और कई नेताओं व प्रशासन के आग्रह के बावजूद वे अनशन पर डटे रहे। इस दौरान गिन-चुन कर चुने गए भाषणों में वांगचुक ने नेपाल के जेन जी मूवमेंट और अरब स्प्रिंग जैसे आंदोलनों का जिक्र किया और युवाओं को उससे प्रेरणा लेकर आगे आने को कहा। यही तथ्य केंद्र सरकार के मुताबिक हिंसा के पीछे प्रमुख कारण माना जा रहा है। हिंसा में चार लोगों की मौत हुई और दर्जनों घायल हुए। पुलिस और प्रशासन के कार्यालयों सहित बीजेपी के दफ्तरों में भी तोड़फोड़ और आगजनी हुई। प्रशासन ने इलाके में कर्फ्यू लगा दिया है तथा सीआरपीएफ, पुलिस और भारत-तिब्बत सीमा पुलिस की तैनाती की है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब वांगचुक अपनी मांगों को लेकर केंद्र सरकार से मुलाकात करने वाले थे, उससे दो-तीन दिन पहले उन्होंने लद्दाख को हिंसा की आग में किस साजिश के तहत झोंक दिया। इस हिंसा के पीछे कांग्रेस की भूमिका को लेकर तीखे आरोप लगाए गए हैं। बीजेपी का आरोप है कि स्थानीय कांग्रेस पार्षद फुंटसोग स्टैनजिन त्सेपाग ने सीधे तौर पर हिंसक घटनाओं का मार्गदर्शन किया। पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर त्सेपाग को आरोपी बनाया है और कांग्रेस के संबंध को लेकर तस्वीरें, वीडियो भी जारी किए गए हैं। कांग्रेस ने इन आरोपों को सिरे से नकारा है और सोनम वांगचुक भी अपने ऊपर लगे उकसावे के आरोपों का खंडन कर चुके हैं।

सरकार और स्वतंत्र पर्यवेक्षकों के अनुसार, आंदोलन के दौरान जब वांगचुक ने अपने भाषण में अरब स्प्रिंग और नेपाल के जेन-जेड आंदोलनों का उल्लेख किया, उससे आंदोलनकारी युवा वर्ग खास तौर पर प्रेरित हुआ। इस संदेश के चलते युवा प्रदर्शनकारियों ने आक्रोश में आकर सरकारी इमारतों, बीजेपी कार्यालयों और वाहनों पर हमला किया। जो भीड़ पहले शांतिपूर्वक अनशन स्थल पर थी, उसने बाद में हिंसक प्रदर्शन किए। इस पूरी प्रक्रिया को कुछ रिपोर्टों में सुनियोजित और योजनाबद्ध बताया गया है, जिसमें राजनीतिक प्रतिनिधियों के निजी स्वार्थों और साजिश की भी चर्चा हुई है। वैसे सोनम वांगचुक की छवि एक शिक्षावादी और पर्यावरण योद्धा की रही है, लेकिन बीते कुछ वर्षों में उनकी राजनीतिक टिप्पणियां और बाहरी मंचों पर दिए गए भाषण चचाओं में रहे हैं। फरवरी 2025 में उनकी पाकिस्तान यात्रा पर भी सवाल उठे थे, जहाँ वे एक पर्यावरण सम्मेलन में शामिल हुए थे। उस यात्रा के दौरान रिकॉर्ड किए गए बयानों पर कई बार विवाद हुआ कि कहीं किसी देश-विदेश की प्रेरणा या संसाधनों की भूमिका तो नहीं। वांगचुक की ये जन जागरूकता-आधारित राजनीति अक्सर जोखिम भरी मानी जाती है क्योंकि वह बार-बार युवाओं से संगठित प्रतिरोध या गांधी के मार्ग की जगह अधिक आक्रामक रुख अपनाने की अपील कर चुके हैं।

उधर, केंद्रीय गृह मंत्रालय और राज्य प्रशासन इस हिंसा और उसके पीछे की संभावित विदेशी ताकतों की भूमिका को लेकर हर एंगल से जांच कर रहे हैं। सोनम वांगचुक की पाकिस्तानी संपर्कों वाली यात्रा, अरब स्प्रिंग और नेपाल-जेन-जेड आंदोलनों पर बार-बार जोर, और भीड़ के हिंसक हो जाने की तमीज को शक की नजर से देखा जा रहा है, लेकिन अभी तक प्रत्यक्ष विदेशी फंडिंग या दखल की पुष्टि नहीं हो सकी है, जबकि बीजेपी के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने हिंसा के लिए कांग्रेस को उत्तरदायी बताते हुए स्थानीय पार्षद फुंटसोग स्टैनजिन त्सेपाग का नाम और सबूत मीडिया प्रमोशन में इस्तेमाल किए हैं। बीजेपी की तरफ से दावा किया गया कि कांग्रेस और इसके स्थानीय नेताओं ने युवाओं को खास दिशा में उकसाया जिससे स्थिति बेकाबू हुई। वहीं, कांग्रेस नेतृत्व ने इन दावों को राजनीति से प्रेरित बताते हुए बीजेपी के खिलाफ साजिश की बात कही है।



संजय सक्सेना

# सरकार ने मांग बढ़ाने के लिए अपनाया नया रुख, टैक्स छूट पर जोर

मांग को बढ़ावा देने के लिए कर लाभों का सहारा लेना यह दिखाता है कि सरकार नया रास्ता अपना रही है लेकिन यह कई नई चुनौतियों से रूबरू करा सकता है। बता रहे हैं एके भट्टाचार्य

रविवार को राष्ट्र के नाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन से एक प्रमुख निष्कर्ष यह निकल कर आया कि सरकार ने आर्थिक वृद्धि पटरी पर लाने और उसे निरंतर गति देने के लिए अपनी नीति में थोड़ी तब्दीली की है। बेशक, उनके संबोधन का मुख्य उद्देश्य वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद द्वारा जीएसटी दरों में संशोधन और 450 से अधिक वस्तुओं एवं सेवाओं पर दरों में कटौती के निर्णय के संभावित प्रभाव से राष्ट्र को अवगत कराना था। तथाकथित बचत का उत्सव, जो प्रधानमंत्री की नजर में जीएसटी दर में कटौती से शुरू होने वाला था, घोषित लक्ष्य था। लेकिन उस लक्ष्य के पीछे उनकी सरकार की आर्थिक नीति में बदलाव स्पष्ट दिखाई दे रहा था।

कोविड महामारी के बाद के वर्षों में मोदी सरकार ने आर्थिक वृद्धि पटरी पर लाने के लिए दोआयामी दृष्टिकोण अपनाया। एक तरफ केंद्र सरकार ने अपने राजकोषीय घाटे में लगातार कमी लानी शुरू कर दी जो 2020-21 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 9.2 फीसदी से अधिक था और 2024-25 में कम होकर 4.77 फीसदी तक सिमट गया। दूसरी तरफ, सरकार ने बेहतर व्यय मिश्रण के माध्यम से राजकोषीय मजबूती हासिल करने की कोशिश की। इस अवधि के दौरान पूंजीगत व्यय में लगातार वृद्धि होने के बावजूद राजस्व व्यय में कमी आई।

केंद्र सरकार का राजस्व व्यय वर्ष 2020-21 में जीडीपी के 15.5 फीसदी से घटकर 2024-25 में 10.9 फीसदी रह गया जबकि उक्त अवधि में ही उसका पूंजीगत व्यय जीडीपी के 2.15 फीसदी से बढ़कर 3.18 फीसदी हो गया। बेशक राजस्व में तेजी से काफी मदद मिली और इससे पिछले कुछ दशकों में केंद्र सरकार के राजस्व घाटे में सर्वाधिक तेजी से कमी आई। यह 2020-21 में जीडीपी के 7.3 फीसदी से कम होकर 2024-25 में 1.71 फीसदी रह गया। इस तरह, कोविड महामारी के बाद के वर्षों में सरकार की नीति राजकोषीय घाटा नियंत्रित रखने, अपना राजस्व व्यय कम करने और निजी क्षेत्र की हिचकिचाहट के बीच बुनियादी ढांचे के निर्माण पर अधिक खर्च करने पर केंद्रित थी।

अगर प्रधानमंत्री के राष्ट्र के नाम संबोधन को कोई संकेत माना जाए तो ऐसा लगता है कि वह नीति अब बदल रही है। ह्यबचत का उत्सवह्व आर्थिक वृद्धि को दोबारा धार देने और इसे निरंतर बरकरार रखने के लिए एक नया नीतिगत जरिया प्रतीत हो रहा है। प्रधानमंत्री ने जीएसटी दर के युक्तिकरण को उपभोक्ताओं के हाथों में अधिक खर्च योग्य रकम डालने के माध्यम के रूप में देखा। उम्मीद तो अब यही की जा रही है कि उपभोक्ता कर कटौती से बची रकम बचत की झोली में डालने के बजाय खर्च करेंगे।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# सीएम के विजन से चमकी किस्मत, पीएम से मिला संवाद का मौका

## ग्रेटर नोएडा में आयोजित यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में गोरखपुर की कौशल्या देवी से भी संवाद किया पीएम मोदी ने

समाज जागरण

**श्री बाबा गोरखनाथ कृपा एमपीओ से जुड़कर लखपति दीदी बन चुकी हैं कौशल्या**

**गोरखपुर मंडल की 31 हजार महिलाएं हैं एमपीओ की शेयरहोल्डर्स, डेढ़ साल का टर्नओवर 115 करोड़ रुपये**

गोरखपुर, 25 सितंबर। डेढ़ साल पहले एक गांव की भौगोलिक सीमा और चंद हजार रुपयों की आमदनी तक सिमटी कौशल्या देवी की किस्मत सीएम योगी के विजन से चमक गई है। अब उनकी पहचान देशव्यापी होने जा रही है। इसका जरिया बना मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में स्थापित श्री बाबा गोरखनाथ कृपा मिल्क प्रोड्यूसर ऑर्गनाइजेशन (एमपीओ)। इस एमपीओ से जुड़कर पशुपालक कौशल्या देवी ने महज डेढ़ साल में करीब चौदह लाख रुपये की आमदनी अर्जित कर आत्मनिर्भरता की नई इबारत लिख डाली है। उनकी सफलता को जुलाई माह में मुख्यमंत्री से सराहना मिली थी तो गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी उनकी सक्सेस स्टोरी सुनी और खूब शाबासी दी।




गुरुवार को ग्रेटर नोएडा में आयोजित यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में आत्मनिर्भरता की नई कहानी लिखने वाली जिन महिलाओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करने और उनसे अपनी सफलता की दास्तां सुनाने का अवसर मिला, उनमें गोरखपुर के चौरीचौरा तहसील क्षेत्र की पशुपालक कौशल्या देवी भी शामिल रहीं। कौशल्या, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन से उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड के सहयोग से स्थापित श्री बाबा गोरखनाथ कृपा मिल्क प्रोड्यूसर ऑर्गनाइजेशन की शेयरहोल्डर हैं। बकौल कौशल्या देवी, पीएम मोदी ने बड़ी सहजता से उनका नाम, पता और कार्य के बारे में पूछा। उन्होंने प्रधानमंत्री को बताया कि श्री बाबा गोरखनाथ कृपा एमपीओ से जुड़ने के बाद उनकी जिंदगी बदल गई है।

उन्होंने एमपीओ से जुड़ने के बाद पशुपालन/दुग्ध संग्रह के काम से मिली आर्थिक कामयाबी का जिक्र करने के साथ बताया कि डेढ़ साल में ही वह करीब 14 लाख रुपये का आय अर्जित कर चुकी हैं। संस्था से जुड़ने से पहले उनके पास मात्र दो पशु थे, इनकी संख्या बढ़कर 14 हो चुकी है। कौशल्या के अनुसार, एमपीओ ने नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड के सहयोग से करीब छह माह पहले उनके घर गोबर गैस यूनिट भी लगवा दिया है। जब से यह यूनिट लगा है, तबसे उन्होंने गैस सिलिंडर नहीं भरवाया है। रसोई का काम अब इसी से हो जा रहा है। इसके पहले कौशल्या देवी को 12 जुलाई को लखनऊ में पशुपालन से जुड़े एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपना अनुभव साझा करने का अवसर मिला था।

महिला सशक्तिकरण के लिए श्री बाबा गोरखनाथ कृपा एमपीओ का गठन बुंदलेखंड में बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी की सफलता को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर हुआ है। इस एमपीओ के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) धनराज साहनी बताते हैं कि क्रियाशीलता के महज डेढ़ साल में गोरखपुर मंडल की 31 हजार महिलाएं इससे जुड़कर आत्मनिर्भरता की राह पर चल पड़ी हैं। डेढ़ साल में इस एमपीओ का टर्नओवर 115 करोड़ रुपये का है। संस्था से जुड़ी महिलाएं प्रतिदिन करीब 65 हजार लीटर दूध का संग्रह करती हैं। अब तक कुल मिलाकर 93 करोड़ रुपये का भुगतान महिला शेयरहोल्डर्स को किया जा चुका है। एमपीओ से जुड़ी 1841 महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं। इस एमपीओ का कार्यक्षेत्र मंडल के चार जिलों गोरखपुर, महराजगंज, देवरिया और कुशीनगर है। एमपीओ द्वारा 500 से अधिक मिल्क पूलिंग पॉइंट्स के माध्यम से संग्रहित दूध की आपूर्ति मदर डेयरी को की जाती है। लखपति दीदियों के अलावा एमपीओ से जुड़ी अन्य महिलाएं भी औसतन महिलाओं प्रतिमाह सात से आठ हजार रुपये की आय घर बैठे प्राप्त कर रही हैं।

एमपीओ की महिला शेयरहोल्डर को कंपनी की तरफ से पशु आहार और खनिज मिश्रण, पशुओं के थनैला रोग जांच, पशुओं के कृत्रिम गभार्धान पंजीकरण की भी सुविधाएं मिलती हैं। इसके अलावा उन्हें पशुओं का स्वास्थ्य बेहतर करने और अधिक दूध उत्पादन से जुड़ी जानकारियां भी उपलब्ध कराई जाती हैं।

### *दिल्ली में भाजपा के चारों इंजन फेल, पिछले सालों का रिकॉर्ड तोड़ रहे डेंगू-मलेरिया के केस - अंकुश नारंग*

मुख्य संवाददाता *नई दिल्ली, 25 सितंबर दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी के नेता प्रतिपक्ष अंकुश नारंग ने दिल्ली के अंदर बढ़ते डेंगू, चिकनगुनिया और मलेरिया के केस को चिंता जताई है और इसकी रोकथाम को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाने पर भाजपा सरकार को आड़े हाथ लिया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में भाजपा के चारों इंजन फेल हो चुके हैं। डेंगू-मलेरिया के केस पिछले सालों का रिकॉर्ड तोड़ रहे हैं। इस साल अब तक डेंगू के 685 और इस सप्ताह 66 नए केस आए हैं, जबकि मलेरिया के कुल 333 और इस सप्ताह 36 केस आ चुके हैं। उन्होंने कहा कि "आप" सरकार कैंपेन चलाकर इन मौसमी बीमारियों के प्रति लोगों को जागरूक करती थी, लेकिन भाजपा कुछ नहीं कर रही है। उधर, मांगों को लेकर 29 सितंबर से डीबीसी कर्मचारी हड़ताल पर जा रहे हैं।

## आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं पर्यवेक्षकों हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया

समाज जागरण

जनपद श्रावस्ती के सिरसिया ब्लॉक में बाल विवाह मुक्त अभियान के सतत प्रयासों के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं पर्यवेक्षकों हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम PCMA Act, 2006 एवं Marriage & Migration Register के विषय पर केंद्रित रहा, जिसमें विशेष रूप से विवाह एवं प्रवासन रजिस्टर के सही क्रियान्वयन एवं संधारण पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक की अध्यक्षता सीडीपीओ श्री मुकेश सचान जी द्वारा की गई। प्रशिक्षण सत्र का संचालन नीति आयोग (एसोसिएशन फॉर वॉलेंट्री एक्शन) से श्री अभिषेक जी और श्री मोहम्मद यूसुफ जी ने किया। इस अवसर पर महिला कल्याण विभाग से डीसीपीयू सोशल वर्कर श्री सत्यम मोदनवाल जी, देहात इंडिया से श्री मोहम्मद यूसुफ, रॉकेट लर्निंग से जिला समन्वयक श्री शाहनवाज , सौरभ जी , गरिमा जी भी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के प्रावधानों पर विस्तृत जानकारी दी



गई। साथ ही, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बाल विवाह रोकथाम और बाल संरक्षण की दिशा में अधिक जिम्मेदारी एवं सजगता के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया।

यह प्रशिक्षण न केवल आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की क्षमता वृद्धि में सहायक सिद्ध होगा, बल्कि जिले में बाल संरक्षण संबंधी कार्यों को भी एक नई दिशा प्रदान करेगा। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को बाल विवाह के विरुद्ध शपथ दिलाई गई और महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जारी लिंक के माध्यम से प्रमाण पत्र डाउनलोड भी कराया गया।

## श्री राम लखन धार्मिक लीला कमेटी: सीता स्वयंवर का किया गया भव्य मंचन....

समाज जागरण

नोएडा। श्री राम लखन धार्मिक लीला कमेटी सेक्टर 46 के द्वारा गुरुवार को रामलीला के चौथे दिन रामलीला के शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सपा के पूर्व राज्य मंत्री श्री राकेश यादव अति विशिष्ट अतिथि के रूप में फेलिक्स हॉस्पिटल के मालिक डॉक्टर डीके गुप्ता, विशिष्ट अतिथि के रूप में दीपक विग, डॉक्टर हरीश त्रिपाठी, शिवराम यादव व भीष्म यादव शामिल हुए। सभी लोगों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की।



आज रामलीला के चौथे दिन शिव धनुष के खंडित होते ही सियावर रामचंद्र की जय कारे से पूरा रामलीला मैदान गुंज उठा। मिथिला के राजा जनक का दरबार सीता स्वयंवर के लिए भव्य रूप से सजाया गया। भगवान शिव का धनुष दरबार के मध्य में रखा है एक-एक करके सभी राजा महाराजा धनुष को उठाने का प्रयास करते हैं लेकिन कोई हिला तक नहीं पता है तब गुरु विश्वामित्र की आज्ञा पाकर भगवान श्री राम शिव धनुष को प्रणाम कर उसकी प्रत्यंचा चढ़ाने का प्रयास करते हैं और शिव धनुष खंडित हो जाता है।मुख्य अतिथि राकेश यादव ने कमेटी के लोगों को शानदार आयोजन के लिए बधाई दी। और सभी लोगों से कहा कि हमें श्री राम भगवान के आदर्शों का पालन करना चाहिए।

इस अवसर पर रामलीला के अध्यक्ष विपिन अग्रवाल ने आए हुए सभी अतिथियों और रामलीला देखने आए रामलीला के दर्शकों का स्वागत किया।

इस अवसर पर आयोजन समिति के चेयरमैन मनोज अग्रवाल सीएम डी प्रिया गोल्ड , वाइस चेयरमैन राजेंद्र जैन , पूनम सिंह, अध्यक्ष विपिन अग्रवाल , महासचिव गिर्राज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सीए मनोज अग्रवाल, पं कृष्णा स्वामी, संजय गोयल, आलोक गुप्ता , गौरव कुमार यादव, रामवीर यादव , अशोक गोयल, विकास बंसल , संदीप अग्रवाल, सुशील कुमार सिंघल, पीयूष गोयल, कार्तिक मिश्रा सुशील गुप्ता, पीयूष द्विवेदी, शरद कुमार सिन्हा, अभिषेक जैन, डॉ कपिल सिंघल, कुलदीप गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, गौरव मित्तल, पवन अग्रवाल, नवीन सोनी, सौरभ अग्रवाल, बिमलेन्दु कुमार, सुनील जैन, गौरव छावड़ा, श्रीधर गोयनका, राम अवतार सिंह, अखिल जैन, विजय अग्रवाल, अरुण गोयल, विकास जैन, दीपांशु अग्रवाल आदि मौजूद थे।

## सघन चेकिंग अभियान चलाया गया

**यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए पम्पलेट्स का वितरण किया**

समाज जागरण

जनपद श्रावस्ती परिवहन आयुक्त उत्तर प्रदेश के आदेशानुसार दिनांक





01.09.2025 से 30.09.2025 तक चलाए जाने वाले नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान के अंतर्गत दिनांक 23.09.2025 को पुलिस अधीक्षक जनपद श्रावस्ती, श्री राहुल भाटी के निर्देश में अपर पुलिस अधीक्षक श्री मुकेश कुमार उत्तम व क्षेत्राधिकारी यातायात श्री भरत पासवान के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात द्वारा जनपद के विभिन्न पेट्रोल पम्प, स्थानीय बाजार, व अन्य भीड़-भाड़ वाले स्थानो पर आम-जनमानस को एकत्र कर उन्हें शासन द्वारा चलाए जा रहे *No Helmet No fuel अभियान के बारे मे अवगत कराया गया तथा दो पहिया वाहन चलाते बिना समय सदैव हेलमेट पहनने,व चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने व मादक पदार्थों का सेवन कर वाहन न चलाने, बिना बीमा वाहन न चलाने, व बिना नम्बर प्लेट वाहन न चलाने आदि यातायात नियमों के प्रति विस्तृत रूप से जागरूक करते हुए उन्हे यातायात नियमों सम्बन्धित पम्पलेट्स का वितरण कर उन्हे सदैव यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई` तथा सड़क पर चलते समय यातायात नियमों का उल्लंघन करने से होने वाली जान-माल की हानि के बारे मे अवगत कराया गया इसके अलावा प्रभारी यातायात द्वारा जनपद के विभिन्न स्थानों पर सघन चेकिंग अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन जैसे बिना हैलमेट वाहन चलाना, मोबाइल फोन पर बात करते हुए वाहन चलाना आदि नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाकर अधिक से अधिक शमन अधिरोपित किया गया। तथा भविष्य में पुनः ऐसा न करने की हिदायत दिया गया`

## बाढ़ प्रभावित लोगों की मदद के लिए नोएडा माकपा कार्यकताओं ने जनता से किया फंड एकत्रित- गंगेश्वर दत्त शर्मा

समाज जागरण

नोएडा, पंजाब और अन्य राज्यों के बाढ़ प्रभावित लोगों की मदद के लिए भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के राष्ट्रीय आह्वान के तहत सीपीआई(एम) नोएडा कमेटी ने सेक्टर- 8 व 9 नोएडा मार्केट में पार्टी जिला सचिव कामरेड राम सागर के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ता गंगेश्वर दत्त



शर्मा, भरत डेंजर, भीखू प्रसाद, रमाकांत सिंह, अरुण पटेल आदि ने आम लोगों से फंड इकट्ठा किया।

पार्टी नेता गंगेश्वर दत्त शर्मा ने बताया कि देश में प्राकृतिक आपदा बाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद के लिए हमारी पार्टी व जनसंगठन लगातार अभियान चला रहे हैं और आज पार्टी ने पूरे देश में फंड इकट्ठा करने की अपील किया जिसके तहत नोएडा पार्टी के कार्यकताओं ने आज फंड इकट्ठा करने का अभियान चलाया। फंड में प्राप्त हुई राशि बाढ़ प्रभावित लोगों की मदद के लिए पार्टी राज्य कमेटी को सौंप दी जाएगी। साथ ही उन्होंने अभियान के तहत फंड देने वाले सभी दानदाताओं का पार्टी की ओर से शुक्रिया अदा किया।

## विद्यामंदिर क्लासेस ने घोषित किया विद्यामंदिर इंटेलेक्ट क्वेस्ट 2025

### 100% तक छात्रवृत्ति और 2.5 करोड़ के नकद पुरस्कार उपलब्ध

समाज जागरण

नोएडा : आईआईटी-जेईई (मेन व एडवांस्ड), नीट, बोर्ड्स और ओलंपियाड्स की तैयारी में अग्रणी विद्यामंदिर क्लासेस ने अपने बहुप्रतीक्षित, सबसे बड़े एवं प्रतिष्ठित परीक्षा विद्यामंदिर इंटेलेक्ट क्वेस्ट (VIQ) 2025 की तारीखों की घोषणा कर दी है। यह परीक्षा 28 सितंबर, 5, 11, 12 और 26 अक्टूबर 2025 को कई स्लॉट्स में आयोजित होगी और इसमें कक्षा 5 से लेकर 12वीं तक के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे।

यह परीक्षा ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में होगी। यह एक राष्ट्रीय स्तर की योग्यता एवं छात्रवृत्ति परीक्षा है, जो विद्यार्थियों को अपनी प्रतिस्पर्धात्मक और शैक्षणिक क्षमता को आंकने का अवसर देती है। विद्यार्थियों की भागीदारी बढ़ाने के लिए सीमित समय तक पंजीकरण निःशुल्क रखा गया है।

इस अवसर पर संस्थापक, श्री संदीप मेहता (आईआईटी दिल्ली एलुमनस) ने कहा,"VIQ केवल एक परीक्षा नहीं, बल्कि गंभीर छात्रों के लिए शैक्षणिक सफलता की ओर पहला कदम है। इसमें सफल विद्यार्थियों को 100% तक की छात्रवृत्ति और 2.5 करोड़ तक के नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। साथ ही, प्रतिभागियों को वर्ष की सबसे कम शैक्षणिक फीस, निःशुल्क ऑफलाइन कक्षाएं, ई-स्टडी मैटेरियल, प्रैक्टिस टेस्ट और मॉक बोर्ड परीक्षाओं का लाभ मिलेगा। ऑफलाइन मोड से पंजीकरण करने वाले विद्यार्थियों को आकर्षक गुडी बैग्स (स्टडी किट्स, वाटर टम्बलर, रिस्टबैंड आदि) भी प्रदान किए जाएंगे। सभी प्रतिभागियों को ई-सर्टिफिकेट दिया जाएगा, जबकि टॉपर छात्रों को मैडल, ट्रॉफी और VMC की प्रतिष्ठित बैचों Citadel of Excellence (COE) तथा Illuminati में प्रवेश का सुनहरा अवसर मिलेगा।

विद्यामंदिर क्लासेस हमेशा से अपने अनोखे पैडागॉजी, कठोर टेस्टिंग और समर्पित मेंटरशिप के लिए जानी जाती है। VIQ इन्हीं मूल्यों को आगे बढ़ाते हुए देशभर के मेधावी छात्रों को सही दिशा और संसाधन उपलब्ध कराने का एक सुनहरा मंच है।

## एनटीपीसी रिहंद में हिंदी पखवाड़ा के दौरान आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का दर्शकों ने जमकर उठाया लुफ़्त

अभय कुमार पटेल/ समाज जागरण

सोनभद्र/बीजपुर। एनटीपीसी रिहंद स्टेशन में 14 से 29 सितंबर 2025 तक मानव संसाधन विभाग-राजभाषा अनुभाग के तत्वावधान में मनाए जा रहे हिंदी पखवाड़ा के दौरान आवासीय परिसर स्थित तरंग प्रेक्षागृह में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन के आयोजन का श्रोताओं ने देर रात्रि तक जमकर लुफ़्त उठाया। कवि सम्मेलन का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित कार्यकारी निदेशक (रिहंद) अनिल श्रीवास्तव व विशिष्ट अतिथि वर्तिका महिला मंडल की अध्यक्षा शिखा श्रीवास्तव ने अन्य सह अतिथियों के साथ संयुक्त रूप से प्रज्ञा दीप प्रज्वलित करने के उपरांत मंचासीन कवियों एवं कवयित्री को अंगवस्त्र प्रदान कर उनका सम्मान किया। इसके पूर्व आगंतुक अतिथियों को पुस्तक एवं पुष्पगुच्छ प्रदान कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के शुरूआती दौर में प्रबंधक-




राजभाषा द्वारा आगंतुकों का स्वागत एवं कवियों का परिचय कराया गया। कवि सम्मेलन का शुभारंभ लखनऊ से पधारी सुश्री 'शशि श्रेया' ने वाणी की आराध्य देवी माँ सरस्वती की वंदना करने के उपरांत हमारे हाथ मे' झुन झुने है मोहब्बत जाहिलों में बट रही है' को सुना कर प्रेक्षागृह में श्रृंगार रस का समावेश किया। मंच का संचालन कर रहे बाराबंकी से पधारे राम किशोर तिवारी ने भगत सिंह से संबंधित पंक्तियां' जो काल ब्याल के फन पर भी कान्हा बन करके नाचा था। जिसने उस ब्रिटिश हुकूमत के गालों पर जड़ा तमाचा था। उस भगत सिंह नरनाहर के चरणों मर शीश झुकाता हूँ' को सुना कर श्रोताओं को भगत सिंह के वीरता एवं शौर्य की याद को तरोताजा कर दिया। अगली कड़ी में अंबेडकर नगर से पधारे 'अभय सिंह निर्भीक ने देश प्रेम से ओत -प्रोत कविता 'भारत माता का हरगिज सम्मान नहीं खोने देंगे। अपने पूज्य तिरंगे का अपमान नहीं होने देंगे' को सुनाकर प्रेक्षागृह में वीर रस की बयार बहा दी। वाराणसी से पधारे अंतर्राष्ट्रीय कवि डॉ अनिल चौबे ने ' औषधि ला हनुमान जहाँ रघुबीर की दूर व्यथा करते है। धन्य है भारत देश जहाँ पर काग भी रामकथा करते है ' को सुना कर श्रोताओं के अंदर भक्ति रस का समावेश किया। कवि सम्मेलन को मोड़ देते हुए प्रयागराज से पधारे अखिलेश चन्द्र द्विवेदी ने हास्य एवं व्यंग्य की कविता को सुनाकर लोगों को खूब हँसाया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्टेशन के महाप्रबंधकगण, मानव संसाधन प्रमुख, विद्यालयों के प्राचार्यगण विभिन्न यूनियन व एसोसिएशन के प्रतिनिधिगण, डिप्टी कमांडेंट सीआईएसएफ आदि के साथ -साथ स्टेशन के अन्य कर्मचारी व अधिकारीगण तथा उनके परिजन उपस्थित रहे।

## नवरात्रि में दिखा 'नारी शक्ति' का अनोखा रूप, 1.91 लाख बालिकाओं ने सीखी बैंकिंग की बारीकियां

- छात्राओं को मिला बैंकिंग व्यवस्था, वित्तीय सेवाओं और डिजिटल बैंकिंग का ज्ञान

- बालिकाओं ने जाना छोटी-छोटी बचत ही है भविष्य में बड़े लाभ का आधार

- शाखाओं में पहुंची बालिकाओं ने बैंक अधिकारियों के साथ संवाद कर शांत की अपनी जिज्ञासाएं

- बेटियों के कल की आर्थिक सशक्तिकरण यात्रा की नींव बनी बैंक शाखाओं का भ्रमणः मोनिका रानी

लखनऊ, 25 सितम्बर। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलम्बन के लिए चल रहे 'मिशन शक्ति' विशेष अभियान वर्ष 2025-26 के पांचवे चरण ने गुरुवार को एक नया इतिहास रचा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा 20 सितम्बर को शुभारम्भ किए गए इस चरण के अंतर्गत गुरुवार को प्रदेशभर के परिषदीय और कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों की कक्षा 6 से 8 की कुल 1.91 लाख बालिकाओं ने अपने-अपने क्षेत्रों की विभिन्न बैंक शाखाओं का भ्रमण किया।

बता दें कि यह कार्यक्रम केवल एक भ्रमण नहीं रहा, बल्कि भविष्य की आत्मनिर्भर नारी शक्ति की सशक्त नींव रही, जहां छात्राओं को बैंकिंग व्यवस्था, वित्तीय सेवाओं और डिजिटल बैंकिंग की बारीकियों से रूबरू कराया गया। ज्ञातव्य हो कि इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को बचत, बैंकिंग प्रक्रिया और डिजिटल सेवाओं से परिचित कराना था। छात्राओं को खाता खोलने की प्रक्रिया, पासबुक, चेकबुक और एटीएम कार्ड के उपयोग की जानकारी दी गई। साथ ही जमा-निकासी पर्ची भरने की विधि, मोबाइल बैंकिंग, यूपीआई और इंटरनेट बैंकिंग जैसी डिजिटल सेवाओं का भी प्रत्यक्ष अनुभव कराया गया।

**बचत और निवेश योजनाओं पर रहा फोकस**

इस दौरान बचत और निवेश योजनाओं पर विशेष जोर दिया गया, जिससे छात्राएं समझ सकें कि छोटी-छोटी बचत भविष्य में बड़े लाभ का आधार बन सकती है। बैंक अधिकारियों ने उन्हें फिक्स्ड डिपॉजिट और आवर्ती जमा जैसी बुनियादी निवेश योजनाओं की जानकारी दी।

## पेस संस्था विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्यों का एक दिवसीय प्रशिक्षण

समाज जागरण

जनपद श्रावस्ती पार्टिसिपेटरी एक्शन फॉर कम्युनिटी एंपावरमेंट (पेस) सामाजिक संगठन द्वारा संचालित चाइल्ड राइट प्रोजेक्ट के तत्वाधान में चयनित 15 ग्राम पंचायतों के प्राथमिक, उच्च प्राथमिक विद्यालयों में गठित विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्यों के प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें बाल अधिकार एवं सरंक्षण पर विस्तृत जानकारी साझा किया गया। संस्था के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर विनोद कुमार पाण्डेय जी ने समिति के सरंचना एवं उसके कार्य एवं महत्व पर चर्चा किया तथा कम्युनिटी मोबलाइजर मनोज कुमार जी ने विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्यों की जिम्मेदारियों एवं बच्चों को विद्यालय से जोड़ने में उनकी भूमिका पर चर्चा किया ।कार्यक्रम में उपस्थित पेस संस्था से कम्युनिटी मोबिलाइजर जगदम्बा प्रसाद शुक्ला जी ने बच्चों से संबधित अपराधों पर विस्तृत चर्चा किया एवं रोकथाम हेतु प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में पेस संस्था से प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर विनोद कुमार पाण्डेय जी, कम्युनिटी मोबिलाइजर मनोज कुमार, जगदम्बा प्रसाद शुक्ला, शालिनी त्रिपाठी एवं वॉलंटियर नंदनी सिंह, सुलोचना वर्मा रामनारायण वर्मा, एसएमसी सदस्यगण, ग्राम प्रधानगण, पंचायत सहायक, आशा, ए एन एम, आगनवाड़ी कार्यकत्रियों ने प्रतिभाग किया।





## होटल, ढाबों के मालिकों को चेतावनी दी गई कि बालश्रम न करायें

समाज जागरण

जनपद बलरामपुर पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार एवं पुलिस उपाधीक्षक श्रीमती ज्योति श्री (नोडल अधिकारी) के निर्देशन मे थाना प्रभारी निरीक्षक श्री बलजीत राव थाना ए0एच0टी0 मय सयुंक्त टीम के साथ जनपद बलरामपुर के थाना को नगर में स्थित अम्बेडकर तिराहा पर नूरी लस्सी एण्ड फालूदा की दुकान पर बाल तस्करी




से आजादी 3.0 अभियान के अन्तर्गत बालश्रम,बालभिक्षावृत्ति, बाल विवाह,बचपन बचाओ आन्दोलन के अंतर्गत - एक युद्ध नशे के विरुद्ध आदि के बारे में आम जनमानस को जागरूक किया। गया 1- थाना प्रभारी निरीक्षक श्री बलजीत राव ,2- हेड कांस्टेबल रूपेश कुमार ,3- कांस्टेबल संजीत तिवारी , 4- महिला आरक्षी अर्चना द्वारा थाना को नगर अन्तर्गत नूरी लस्सी एण्ड फालूदा की दुकान में बाल श्रम करते हुये पाया गया उपरोक्त को बाल श्रम न कराने की चेतावनी /निर्देश दिया गया तथा जलपान गृह /होटल, ढाबा ,चेक किया गया अभियान के दौरान मौके पर मौजूद जनता को जागरूक किया गया होटल ढाबा वर्कशॉप मालिकों को हिदायत दी गई कि बाल श्रम करना व कराना दंडनीय अपराध है।

# तालाब में तैरता मिला बुजुर्ग का शव, परिजनों ने पुलिस कार्रवाई से किया इनकार

**समाज जागरण**

संभल। असमोली ग्राम सैंधरी में उस समय सनसनी फैल गई जब गांव के तालाब में एक बुजुर्ग का शव तैरता हुआ मिला। मृतक की पहचान अनूप सिंह (75 वर्ष) पुत्र मन्दरासी निवासी ग्राम सैंधरी के रूप में हुई। वे 24 सितम्बर की शाम से लापता थे।



ग्रामीणों ने बताया कि अनूप सिंह कभी-कभी शराब का सेवन करते थे और मानसिक रूप से अस्वस्थ भी बताए जाते थे। 25 सितम्बर की सुबह करीब 10:30 बजे कुछ ग्रामीण खेतों की ओर जा रहे थे तभी अचानक तालाब में शव दिखाई दिया। सूचना पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए। शव की जेब से आधार कार्ड बरामद होने पर मृतक की पहचान सुनिश्चित हुई। घटना की जानकारी पाकर पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची, लेकिन मृतक के परिजनों ने पुलिस कार्रवाई से साफ इनकार कर दिया। इसके बाद शव को परिजनों के हवाले कर दिया गया, जहां अंतिम संस्कार संपन्न कराया गया। ग्रामीणों के अनुसार मृतक के डूबने की आशंका जताई जा रही है, हालांकि परिवारजन किसी भी जांच-पड़ताल को लेकर तैयार नहीं हैं।

# गुन्नौर पुलिस ने मिशन शक्ति व साइबर अपराध पर दिए टिप्स

**समाज जागरण**

गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र में मिशन शक्ति के तहत गुरुवार को प्रेमलता इंटर कॉलेज जगन्नाथपुर के छात्रों को महिला उपनिरीक्षक अर्पणा बंसल व नीलम ने पहुंच के छात्रों को टिप्स दिए है ।उपनिरीक्षको ने जानकारी देते हुए कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इसके अलावा वृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, मुख्यमंत्री अभिउदय योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, साइबर अपराध आदि के बारे में बताया गया। वहीं आपातकालीन हेल्पलाइन जैसे-1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, पुलिस आपातकालीन हेल्पलाइन 112 , 108, 181 महिला हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड केयर हेल्पलाइन के बारे में बताया गया।



# स्थानांतरण को लेकर शिक्षकों ने किया विरोध, मंत्री आवास पहुंचे

**समाज जागरण**

चंदौसी। ऑफलाइन स्थानांतरण की मांग को लेकर गुरुवार शाम कई जिलों के शिक्षक माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी के चंदौसी स्थित सुभाष रोड आवास पहुंचे और नारेबाजी करते हुए स्थानांतरण सूची जारी करने की मांग की। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मोहित चौधरी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और शिक्षकों से बातचीत की। उन्होंने शिक्षकों को समझाते हुए कहा कि मंत्री पार्टी के कार्यक्रम में व्यस्त हैं, उनके आने पर समस्याओं को सुना जाएगा। शिक्षकों का कहना है कि शासनादेश 6 जून को जारी हुआ था, जिसके अनुसार स्थानांतरण सूची 27 जून तक जारी होनी चाहिए थी। लेकिन अब तक सूची जारी नहीं होने से शिक्षकों में रोष व्याप्त है।



## गाँव से युवती लापता, परिजनों ने जताई आशंका

**समाज जागरण**

सम्भल (असमोली)। थाना असमोली क्षेत्र के एक गाँव से 20 वर्षीय युवती अचानक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों ने थाना प्रभारी को तहरीर देकर गाँव के ही कुछ लोगों पर युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है।

परिजनों के अनुसार 22 सितंबर 2025 को दोपहर करीब 1 बजे युवती घर पर मौजूद थी। तभी गाँव के कुछ लोग घर पहुँचे और उसे अपने साथ ले गए। जब परिजनों को इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने आसपास काफी खोजबीन की, लेकिन युवती का कोई सुराग नहीं मिला।

घटना के बाद परिजनों ने थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया कि गाँव के ही कुछ लोग इसमें शामिल हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन से गुहार लगाई है कि उनकी बेटी को सकुशल बरामद किया जाए और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। इस घटना से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है और परिजन गहरी चिंता में हैं।

## बाइक बचाने के प्रयास में टैक्सी पलटी

**समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर अफजलगढ़। उत्तरकाशी के गांव बैगनमोरी निवासी चालक सद्दाम पुत्र तालिब व अशरफ पुत्र यामीन टैक्सी गाड़ी से बनबसा से देहरादून जा रहे थे। जिकरीवाला के पास अफजलगढ़ थाने के गांव रामनगर निवासी महमूद पुत्र रसीद व उसकी पुत्री आयशा बाइक से आ रहे थे।

बाइक को बचाने के प्रयास में टैक्सी पलट गई। वहीं बाइक भी अनियंत्रित होकर गिर गई। टैक्सी और बाइक सवार चारों घायल हो गए। सभी को सीएचसी में भर्ती कराया गया। वहां से चिकित्सक ने अशरफ व महमूद को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# मिशन शक्ति 5.0 के तहत यूपी में गूंज रहा पोषण का संदेश

लखनऊ, 25 सितंबर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में मिशन शक्ति के तहत महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य, सम्मान और सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए आठवां राष्ट्रीय पोषण माह और 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान जोर-शोर से चलाया जा रहा है। यह अभियान नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के मिशन शक्ति के मूल उद्देश्यों को साकार कर रहा है, जिसका लक्ष्य महिलाओं को स्वास्थ्य, शिक्षा, आर्थिक आत्मनिर्भरता और सामाजिक सम्मान के क्षेत्र में सशक्त बनाना है।

**पोषण और आत्मनिर्भरता की दिशा में योगी सरकरा का अहम कदम**

बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा गर्भवती और धात्री महिलाओं को पोषण व स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। किशोरियों को पोषण, स्वास्थ्य और जीवन कौशल के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। अनुपूरक पुष्टाहार कार्यक्रम के तहत स्वयं सहायता समूहों को पुष्टाहार के उत्पादन और वितरण से जोड़ा गया है। इससे न केवल महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है,

# जनकपुरी में सीता स्वयंवर का मंचन, धनुष भंग कर राम बने सीता के सईया

**समाज जाागरण**

बबराला नगर में चल रहे रामलीला महोत्सव के पांचवें दिन बुधवार की रात श्रद्धालुओं ने पौराणिक प्रसंगों से सजीव परिचय पाया। मंचन का मुख्य आकर्षण रहा जनकपुरी में आयोजित सीता स्वयंवर का दृश्य।

कथा क्रम के अनुसार राजा जनक ने घोषणा की कि जो भी वीर शिवजी के धनुष पिनाक को उठाकर उस पर प्रत्यंचा चढ़ाएगा, वही उनकी पुत्री सीता का वरण करेगा। इसी दौरान गुरु विश्वामित्र के साथ स्वयंवर सभा में पहुंचे अयोध्यापति दशरथ नंदन श्रीराम ने सहज भाव से धनुष उठाकर भंग कर दिया। इस दृश्य को देख पंडाल जयकारों से गूंज उठा। इसके उपरांत सीता ने श्रीराम को जीवनसाथी के रूप में स्वीकार करते हुए वरमाला पहनाई। वरमाला के साथ ही दर्शकों ने पुष्पवर्षा कर भावनाओं की अविरल धारा बहा दी।



धनुष भंग की घटना से आक्रोशित होकर भगवान परशुराम स्वयंवर स्थल पर पहुंचे। उन्होंने क्रोध में आकर राम और लक्ष्मण को ललकारा। इस दौरान परशुराम और राम-लक्ष्मण के बीच संवाद तथा लक्ष्मण की नोकझोंक ने मंचन को अत्यंत रोचक और जीवंत बना दिया। इसी बीच लंकापति रावण का भी आगमन हुआ। स्वयंवर में निमंत्रण न मिलने पर उसने राजा जनक से आपत्ति जताई। तभी पाताल लोक के राजा बाणासुर से उसका विवाद छिड़ गया, जिसने सभा को और रोमांचक बना दिया।

इस अद्भुत मंचन को वृंदावन के श्रीकृष्ण लीला संस्थान के कलाकारों ने स्वामी शिवराज ठाकुर के निर्देशन में प्रस्तुत किया। कलाकारों के सजीव अभिनय और भावपूर्ण संवादों ने वातावरण को भक्ति और आस्था से सराबोर कर दिया। पूरा पंडाल जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा और श्रद्धालु भावविभोर हो उठे।

# श्री राम जन्म और ताड़का वध का हुआ मंचन

**समाज जागरण**

चंदौसी। रामलीला नाट्य परिषद चन्दौसी द्वारा रामबाग धाम के विशाल रंग मंच पर श्री राम जन्म और ताड़का वध की लीला हुई।

रामलीला के मुख्य यजमान निर्मल गुप्ता, तेजेन्द्र पाल चौधरी, इंजी0 मौसम गुप्ता, मोहित गुप्ता, इंजी0 मधुर गुप्ता (साहू खानचंद इंडस्ट्रीज) और समस्त परिवार के द्वारा फीता काटकर लीला का सुभारम्भ किया गया।

आज की रामलीला में श्रवण कुमार अपने माता पिता को कांवड़ में लेकर तीर्थ यात्रा पर जा रहे होते हैं जहां राजा दशरथ जी श्रवण कुमार को नदी में पानी भरने की आवाज को सुनकर यह समझते हैं कि कोई जानवर पानी पी रहा है और शब्द भेदी वाण चला कर अंत कर देते हैं उनके माता पिता दशरथ को श्राप देते हैं कि जिस प्रकार हमारी मृत्यु पुत्र वियोग में हो रही है उसी प्रकार तुम्हारी मृत्यु होगी। श्री राम जी, भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न चारों भाइयों का अयोध्या नरेश श्री दशरथ जी और कौशल्या जी के महल में जन्म हुआ। चारों ओर बधाइयां गायी जा रही थी पूरी अयोध्या नगरी में खुशी का वातावरण छा गया। चारों कुमार शिक्षा प्राप्त करने गुरुकुल जाते हैं। चारों कुमार शस्त्र और शास्त्र की शिक्षा



पूर्ण कर बापस महल आ जाते हैं। उसके बाद राक्षसो से बचाने के लिए गुरु विस्वामित्र महाराज दशरथ से उनके दो कुमार राम और लक्ष्मण को अपने साथ ले जाते हैं। जहां राम जी और लक्ष्मण जी ताड़का और अनेक राक्षस का वध करते हैं। रामलीला के मध्य में दर्शकों के लिए स्व0 गेंदन लाल वार्ष्णेय जी और स्व0 अतुल डन जी की पुण्य स्म्रति में उनके परिजन श्री अजय जी एल सी और प्रियांशु वार्ष्णेय की ओर से लकी ड्रा, बम्पर ड्रा, सुपर बम्पर ड्रा और सुपर डुपर बम्पर ड्रा निकाले गए।

श्रीरामलीला नाट्य परिषद की ओर से सभी यजमानों का माला, पटका, माता की चुनरी पहना कर सम्मान किया गया। और एक श्री राम चरित मानस की ग्रंथ उपहार स्वरूप भेट की गई।

प्रधान गिरराज किशोर, उपप्रधान नवीन चौधरी,मंत्री कपिल राजा, निर्देशक प्रदीप शर्मा, कन्हैया वार्ष्णेय, ओमेंद्र वार्ष्णेय, स्टेज प्रबंधक प्रमोद गुरु , नवल किशोर, संयोजक अमित, हीरालाल, संगीतकार ओम पेंटर ,राज बिहारी, सिद्धार्थचौधरी, रितिक वार्ष्णेय ,गोविंद किशोर ,वंश वंदेमातरम,उमंग वार्ष्णेय, प्रतीक वार्ष्णेय,हर्षित वार्ष्णेय,रितिक वार्ष्णेय, धीरेंद्र डिब्बे वाले, सुरेंद्र डिब्बे वाले, नवीन दरोगा,कृष्णा डीजे ,प्रियंक वार्ष्णेय,वासु गुप्ता ,प्रवर शर्मा, मुकुल शर्मा, आदि कलाकार और पदाधिकारी मौजूद रहे। मंच का संचालन अमित अप्पू ने किया।

# पुलिस और गोकशी के आरोपियों की मुठभेड़ : पैर में गोली लगने से दो घायल, तीन फरार

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर चांदपुर में पुलिस ने गोकशी के दो आरोपियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि तख्तपुर गोकशी कांड में शामिल लोग चांदपुर से अम्हेड़ा की ओर जा रहे हैं।

पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो मोटरसाइकिल पर सवार 5 संदिग्धों को रोकने का प्रयास किया गया। संदिग्धों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में दो आरोपियों के पैर में गोली लगी। तीन अन्य आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले।



गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कमालपुर निवासी शहजाद पुत्र भुल्लन और भुल्लन पुत्र अल्लाह दिया के रूप में हुई है। फरार आरोपियों में रसूलपुर नंगला के अजीम उर्फ छंगा और वसीम पुत्रगण याकूब और एक अन्य शामिल हैं।

पुलिस ने मौके से दो अवैध तमंचे, जिंदा व खोखा कारतूस, एक मोटरसाइकिल, दो छुरी और पशु कटान के उपकरण बरामद किए हैं। पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि वे अरमान पुत्र भुल्लन रिजवान पुत्र रहीस निवासी कमालपुर के साथ मिलकर घूमंतू गोवंशीय पशुओं को पकड़कर सुनसान जगहों पर ले जाते थे।

वहां पशुओं को काटकर मांस बेच देते थे। 22 सितंबर की रात भी इन्होंने तख्तपुर के जंगल में गोकशी की थी। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है।

# मीना की दुनिया कार्यक्रम बच्चों में शिक्षा और संस्कार का दीप जलाता है- डॉ. दुर्गा टंडन

**समाज जागरण**

चंदौसी। खतियान मोहल्ला स्थित सरोजिनी नायडू जूनियर हाई स्कूल नगर क्षेत्र चंदौसी में बहुत हर्षोल्लास से मीना का जन्मदिन मनाया गया।

बेसिक शिक्षा विभाग के मीना की दुनिया कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को विद्यालय में मीना का जन्मदिन बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने नृत्य, गीत, नाट्य और कविताओं के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण केक काटकर जन्मदिन मनाना रहा।

कार्यक्रम में स्वच्छता पखवाड़ा गतिविधि के अंतर्गत बच्चों ने विद्यालय परिसर को स्वच्छ रखने का प्रेरणादायी संदेश दिया। इसके साथ ही उन्हें बालिका शिक्षा, समानता, अनुशासन, बच्चों के अधिकार, सामाजिक जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण और सकारात्मक सोच जैसे महत्वपूर्ण जीवन मूल्यों की शिक्षा भी दी गई।

प्रधानाध्यापिका डॉ. दुर्गा टंडन ने इस अवसर पर कहा

मीना की दुनिया कार्यक्रम बच्चों में शिक्षा और संस्कार का दीप जलाता है।



मीना की दुनिया कार्यक्रम की शुरूआत 24 सितंबर 1998 को यूनिसेफ और शिक्षा विभाग के सहयोग से की गई थी। उस समय समाज में बालिकाओं की शिक्षा में असमानता, स्वास्थ्य और स्वच्छता की कमी, तथा सामाजिक अंधविश्वास जैसी चुनौतियाँ प्रचलित थीं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को आत्मविश्वासी बनाना, समान अवसर प्रदान करना, सामाजिक बुराइयों के प्रति जागरूक करना और स्वास्थ्य, स्वच्छता, अनुशासन एवं सकारात्मक सोच जैसी आदतें विकसित करना है। यह कार्यक्रम न केवल शिक्षा का प्रचार करता है, बल्कि बच्चों में अच्छे संस्कार और सामाजिक जिम्मेदारी का बीज भी बोता है।

विद्यालय परिवार ने बताया कि ऐसे आयोजन बच्चों की प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ उन्हें समाज के जागरूक और संस्कारित नागरिक बनने की दिशा प्रदान करते हैं। कार्यक्रम के पश्चात सभी बच्चों को पेंसिल पेन और कॉपी बांटी गई। कार्यक्रम में अभिषेक गुप्ता, दुर्गा टंडन, आयुषी गुप्ता, प्रेमपाल, संध्या आदि विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# बबराला छात्राओं ने गंगाघाट पर सफाई कर स्वच्छ रखने ली शपथ

**समाज जाागरण**

बबराला थाना क्षेत्र के गंगाघाट राजघाट पर गुरुवार को नमामि गंगे परियोजना के तहत गंगा घाट पर स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया।

इस अभियान का नेतृत्व परियोजना अधिकारी अमन तिवारी के द्वारा किया गया ,कार्यक्रम में शांति देवी कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं ने गंगा घाट पर सफाई अभियान चलाकर लोगों को गंगा को स्वच्छ रखने का संदेश दिया।

परियोजना अधिकारी अमन तिवारी ने छात्राओं को गंगा की पवित्रता और महत्व के बारे में जानकारी देते हुए गंगा स्वच्छता की शपथ दिलवाई। उन्होंने कहा कि गंगा सिर्फ एक नदी नहीं, बल्कि हमारी आस्था और जीवन का आधार है, इसलिए इसे स्वच्छ रखना हम सबकी जिम्मेदारी है।

विद्यालय के प्रधानाचार्य सोमेश पाठक ने गंगा में फैल रहे प्रदूषण से होने वाली हानियों और स्वच्छता के फायदों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जब हम गंगा को मां का स्वरूप मानते हैं, तो उसका सम्मान करते हुए उसे प्रदूषणमुक्त रखना भी हमारा कर्तव्य है। उन्होंने छात्राओं से अपील की कि गंगा घाट पर कोई भी प्लास्टिक या अन्य प्रकार की गंदगी न फैलाएं और दूसरों को भी ऐसा करने से रोकें।



इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिकाएं सरिता, प्रेरणा पाठक, विनीता यादव और पूनम यादव भी मौजूद रहीं। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने न केवल घाट की सफाई की बल्कि स्थानीय लोगों को भी गंगा स्वच्छता का संदेश दिया।.गंगा स्वच्छता अभियान के इस कार्यक्रम ने उपस्थित सभी लोगों को गंगा को साफ और निर्मल रखने का संकल्प दिलाया और यह संदेश दिया कि गंगा की स्वच्छता से ही आने वाली पीढ़ियों का स्वस्थ भविष्य संभव है।

# असमोली में न्यायपंचायतवार शिक्षक प्रशिक्षण सम्पन्न

**समाज जागरण**

सम्भल। विकासखंड असमोली के सभागार में नेकपुर, एंचौड़ा कंबोह और भटपुरा न्यायपंचायतवार एक दिवसीय शिक्षक-प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। यह प्रशिक्षण राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर आधारित है, जो 8 से 30 सितंबर तक जनपद की आठों विकासखंड की 65 न्यायपंचायतों में आयोजित किया जा रहा है। अब तक बहजोई, बनियाखेड़ा, जुनावाई, गुन्नौर, पंवासा, रजपुरा, सम्भल और असमोली विकासखंड की 57 न्यायपंचायतों में प्रशिक्षण सम्पन्न हो चुका है।

डीपीएमयू जिला समन्वयक विपुल राठौर ने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य राष्ट्र निर्माण के लिए गुणात्मक शिक्षा की स्थापना करना है। गुरुजनों और दीदीजनों को युगनिमार्ता के रूप में स्थापित करना तथा ग्राम सचिवालय और ग्रामकुल को सक्रिय बनाना इस अभियान का प्रमुख लक्ष्य है। इस प्रशिक्षण का प्रेरणास्रोत पुनरुत्थान विद्यापीठ अहमदाबाद, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और गिजूभाई का ग्रंथ दिवास्वप्न है।



प्रशिक्षण चार सत्रों में सम्पन्न हुआ। पहले सत्र में शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर आधारित गुणात्मक शिक्षा, स्वाध्याय और विद्यार्थियों को विश्वस्तरीय बनाने की सीख दी गई। दूसरे सत्र में प्रश्नोत्तर, तीसरे सत्र में फीडबैक और अंतिम सत्र में शपथ ग्रहण कराया गया।

खंड शिक्षा अधिकारी अंशुल कुमार ने कहा कि शिक्षक का कार्य केवल विद्यार्थियों को अगली कक्षा में भेजना नहीं, बल्कि उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाना है।

डीपीएमयू जिला समन्वयक डॉ. एस.एन. शर्मा ने कहा कि हर शिक्षक को अपने भीतर गुरुत्व की भावना जगानी चाहिए और पुनरुत्थान विद्यापीठ के सिद्धांतों को अपनाना चाहिए।

अंत में गुरुजनों को यह शपथ दिलाई गई कि–सभी एक-दूसरे को गुरुजी और दीदी कहकर संबोधित करेंगे विद्यार्थी और राष्ट्र के सच्चे शिक्षक बनेंगे विद्यालयों में क ख ग घ मिशन को पूर्ण रूप से लागू करेंगे पाँचों ग्रंथों का स्वाध्याय करेंगे समाज और विद्यार्थियों के लिए आदर्श शिक्षक बनने का संकल्प निभाएंगे ग्राम सचिवालय एवं ग्रामकुल को सक्रिय करेंगे और उनके लिए विद्यार्थी एवं राष्ट्र सर्वप्रथम रहेगा।

# मौसा ने भांजे को मारे 25 से ज्यादा चाकू:इलाज के दौरान मौत, बेटी को भगाने से नाराज था

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर किरतपुर थाना क्षेत्र के मोहल्ला जाटान निवासी रिजवान मंगलवार रात गजरौला आचपाल क्षेत्र में लहूलुहान हालत में मिला। उसके पास ही आरोपी की कार खड़ी थी। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। रिजवान को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने मेरठ रेफर कर दिया। बुधवार दोपहर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

बिजनौर जिला अस्पताल के डॉक्टर लव कुमार ने बताया कि मरीज को गंभीर हालत में लाया गया था। उसके शरीर पर दर्जनभर से ज्यादा चाकू के वार थे। हालत गंभीर होने के कारण उसे मेरठ रेफर किया गया। मृतक की मां ताहिरा ने पुलिस को बताया कि



नजीबाबाद निवासी अनीस कुरैशी (वर्तमान में दिल्ली निवासी) सोमवार सुबह करीब 11 बजे किरतपुर आए। उन्होंने रिजवान और उसके भाई राजा को कार में बैठाया। इसी दौरान अनीस ने रिजवान पर ताबड़तोड़ चाकू से हमला किया और फरार हो गए। घटना की जड़ 4 दिन पुरानी है। अनीस की बेटी अपने मौसेरे भाई गुफरान के साथ प्रेम प्रसंग के चलते घर से भाग गई थी। इसी रंजिश में अनीस ने गुफरान के बड़े भाई रिजवान की हत्या कर दी। रिजवान की शादी 11 महीने पहले फिजा से हुई थी। बीते 20 दिन पहले ही उसके घर बेटी का जन्म हुआ था। होटल में काम कर परिवार का खर्च उठाता था।रिजवान के तीन भाई और तीन बहनें हैं। पिता की पहले ही मौत हो चुकी है, वहीं एक बहन की ट्रेन हादसे में जान चली गई थी। बुधवार शाम मेरठ से जब शव किरतपुर स्थित घर लाया गया तो परिजनों में कोहराम मच गया। मां और पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। गुरुवार को शव को सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा।

# मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अन्तर्गत आज बालिकाओं ने संभाली प्रशासन की कमान

**- मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अन्तर्गत जनपद की बेटियों को सांकेतिक रुप से एक दिन के लिए बनाया गया डीएम, एसपी, सीडीओ एवं एडीएम**

**- कक्षा 11वीं की छात्रा कु.रहनुमा खान बनायीं गयीं एक दिन की सांकेतिक जिलाधिकारी**

**- कक्षा 11वीं की छात्रा कु. नम्रा नाज बनायीं गयीं एक दिन की सांकेतिक पुलिस अधीक्षक**

**समाज जागरण**

बहजोई ।नारी सुरक्षा-नारी सम्मान की थीम पर नारी शक्ति का नया आयाम महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को नई ऊंचाई देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के द्वारा नवरात्रि के प्रथम दिन से प्रारम्भ किये गये मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अन्तर्गत आज जनपद के प्रमुख प्रशासनिक पदों अर्थात जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी के पद पर एक दिन के लिए सांकेतिक रुप से बालिकाओं को पद भार ग्रहण कराया गया। सांकेतिक रुप से एक दिन की जिलाधिकारी चंदौसी के जीके सिल्वर स्टोन में कक्षा 11वीं की छात्रा कु. रहनुमा खान को बनाया गया जोकि विकासखंड बनियाखेडा के ग्राम मई की रहने वाली हैं।जबकि एक दिन का पुलिस अधीक्षक जीके सिल्वर स्टोन की कक्षा 11 की छात्रा कु. नम्रा नाज को बनाया गया जोकि चंदौसी के सम्भल गेट स्थित चूने वाली गली की रहने वाली हैं। मुख्य विकास अधिकारी के पद पर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय आवासीय बनियाखेडा विकासखंड बनियाखेडा में कक्षा आठ में पढने वाली कु. साक्षी चौहान को बनाया गया जोकि विकासखण्ड बनियाखेडा के ग्राम अमियापुर पचाक की रहने वाली हैं। अपर जिलाधिकारी के पद पर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय आवासीय बनियाखेडा विकासखंड बनियाखेडा की कक्षा 11 की कु. संगीता को बनाया गया जोकि विकासखंड पवांसा के ग्राम हिन्डोली की रहने वाली हैं।

सर्वप्रथम एक दिन की सांकेतिक रुप से बनायी गयीं जिलाधिकारी,तथा मुख्य विकास अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी का कलक्ट्रेट सभागार में पुस्तक देकर स्वागत किया गया।

एक दिन की जिलाधिकारी कु. रहनुमा खान तथा मुख्य विकास अधिकारी कु. साक्षी चौहान एवं अपर जिलाधिकारी कु. संगीता ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनपद के समस्त संबंधित अधिकारियों के साथ मिशन शक्ति से संबंधित समीक्षा बैठक की तथा सांकेतिक जिलाधिकारी द्वारा बैठक में बताया गया कि वह कक्षा 11वीं में कॉमर्स की छात्रा हैं। बैठक के अन्तर्गत उपस्थित मीडिया एवं अधिकारियों द्वारा सुझाव भी दिये गये। सांकेतिक जिलाधिकारी ने कहा कि मिशन शक्ति महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए चलाया जाना वाला मिशन है तथा उन्होंने कहा कि मा. प्रधानमंत्री जी द्वारा चलाए गये बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ मिशन बेटियों की पढ़ाई में बहुत ही सहायक रहा है। उन्होंने कहा कि बालिकाओं को उच्च शिक्षा प्रत्येक अभिभावक द्वारा दिलायी जानी चाहिए इसके लिए अधिकारी भी अभिभावकों से मिलकर उनको जागरूक करें। उन्होंने शासन की विभिन्न योजनाओं की भी सराहना की। सांकेतिक मुख्य विकास अधिकारी कु. साक्षी चौहान ने मिशन शक्ति, महिला सुरक्षा एवं कन्या सुमंगला योजना, चाइल्ड हैल्प लाइन आदि योजनाओं के विषय में बताया तथा सांकेतिक अपर जिलाधिकारी कु. संगीता ने भी शासन की योजनाओं पर प्रकाश डाला एवं लोगों को जागरूक करने के लिए कहा।

जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया ने कहा कि समस्त अधिकारी अपने विभागों में नारी सुरक्षा , सम्मान, एवं स्वावलंबन की गतिविधियां करवाएं, कार्यक्रम कराएं तथा उनमें जनप्रतिनिधि गणों एवं बालिकाओं को भी आमंत्रित किया जाए। जिलाधिकारी ने समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश @ 2047 के अंतर्गत सुझाव देने के लिए भी मीडिया से अपील की और कहा कि आप लोग भी अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करें।

## बाजार में जीएसटी उत्सव, एमएलसी ने दिया स्वदेशी अपनाने का संदेश

समाज जागरण

कांधला। (फुरकान जंग) नगर के बाजार में जीएसटी उत्सव उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं एमएलसी वीरेन्द्र सिंह ने व्यापारियों और दुकानदारों के बीच पहुंचकर पत्रक वितरित किए तथा जीएसटी में किए गए बदलावों की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान एमएलसी वीरेन्द्र सिंह ने कहा जीएसटी सुधार केवल कर व्यवस्था को आसान बनाने का प्रयास नहीं है, बल्कि यह व्यापार को नई ऊंचाइयों तक ले जाने वाला कदम है। स्वदेशी को अपनाना ही राष्ट्र निर्माण में हमारी सबसे बड़ी भागीदारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लिए गए फैसले दूरगामी हैं और इनसे व्यापारी वर्ग को लाभ होगा। इस दौरान व्यापारी वर्ग और उपभोक्ताओं ने भी जीएसटी बदलाव को सकारात्मक बताते हुए कहा कि अब कारोबार में और अधिक पारदर्शिता आएगी। कार्यक्रम स्थल पर मौजूद सभी ने स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने और प्रोत्साहित करने का संकल्प लिया। रोहित गुप्ता, डॉ रश्मिकांत जैन, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष प्रतिभा उर्फ सिमरन, दीपक गुप्ता, सुधा तोमर, ईश्वर दयाल कंसल, सहित व्यापारी एवं भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## मारपीट कर नगदी छीन कर ले जाने का आरोप, पुलिस जांच मे जुटी

समाज जागरण

कांधला। थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी मियां निवासी एक युवक ने कई लोगों पर मारपीट करते हुए हजारों रुपए की नगदी छीनने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी मियां निवासी इमरान पुत्र साजिद ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि वह सोमवार की को जनपद बागपत के ग्राम टांडा से पैंतालीस हजार रुपए की नगदी लेकर अपने गांव लौट रहा था। जैसे ही पीड़ित गांव खेड़ा कुर्तान के पास पहुंचा तो आरोप है कि बाग के निकट खड़े प्रवेज, आलिम व आसिफ ने अपने दो अज्ञात साथियों के साथ पीड़ित को रोक लिया और लाठी डंडों से मारपीट करनी शुरू कर दी। आरोप है की पाँचों लोगों ने छीना झपटी करते हुए पीड़ित की जेब में रखी पैंतालीस हजार रुपए की नगदी छीन ली और मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि दो पक्षों में मारपीट हुई है। रुपए छीनने की बात सामने नहीं आई है। मामले की जांच कार्रवाई की जाएगी।

## तितरवाड़ा में मारपीट में क्रॉस में रिपोर्ट दर्ज

समाज जागरण

कैराना। गांव तितरवाड़ा निवासी मनीष ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका भाई मोहित गांव में ही सब्जी और फल बेचने का काम करता है। गांव के ही फेकी ने उसके भाई से फल उधार लिए थे। मंगलवार रात करीब 8 बजे उसका भाई मोहित उधार के पैसे करने गया तो फेकी ने उसके भाई की गर्दन पर धारदार हथियार से हमला कर दिया जिससे उसका भाई बुरी तरह घायल हो गया। सूचना मिलने पर जब वह अपने परिजनों के साथ मौके पर पहुंचे तो वहां पर फेकी, जॉनी, अश्वनी, ओमपाल, जय कुमार, धानू, सोमपाल और सोनू ने गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर दिया जिससे वह तथा उसके परिवार के संदीप, पंकज और अजय गंभीर रूप से घायल हो गए। बाद में आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। वहीं दूसरे पक्ष के सोमपाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मंगलवार को गांव का ही मोहित उसके घर आया तथा आवाज लगाकर कहने लगा कि अपनी बाइक मुझे दे दो मुझे कहीं पर जाना है। जैसे ही वह बाहर आया तो वहां पर मोहित, पंकज, जसवीर, मनीष, संदीप और राजू ने उनके ऊपर लाठी डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। उसकी भाभी शर्मिष्ठा तथा माता महेंद्र उसे बचाने आई तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। आरोपियों ने इस भाभी को चाकू मार कर घायल कर दिया। बाद में आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गए। सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची तथा घायलों को सरकारी अस्पताल पहुंचाया। गंभीर हालत के चलते उसकी भाभी शर्मिष्ठा को मेरठ रेफर कर दिया। दोनों मामलों में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी।

## रामलीला महोत्सव में भव्य रामलीला का आयोजन

समाज जागरण

शामली। शहर के श्री मंदिर हनुमान टीला हनुमान धाम शामली के रंगमंच पर आयोजित किए जा रहे 56वे रामलीला महोत्सव मे भव्य रामलीला का आयोजन किया किया गया। देर रात्रि दशरथ मरण लीला का मंचन हुआ जिसको देखकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए।

देर रात्रि शहर के मंदिर हनुमान धाम पर आयोजित रामलीला का शुभारंभ गणेश व सरस्वती वंदना से हुआ। जिसके बाद दशरथ मरण लीला का मंचन हुआ, जिसमे राजा दशरथ का अभिनय रवि पाठक, रानी कैकेई का अभिनय आँशु निर्वाल, भगवान श्रीराम का अभिनय आकाश धीमान तथा सुमंत का अभिनय सुनील अग्रवाल टीटू के द्वारा किया गया। रामलीला मंच के कलाकारों द्वारा किए गए मार्मिक अभिनय से दर्शक मंत्रमुग्ध हो गये। मंचन के दौरान राजा दशरथ द्वारा राम के वनवास के दुख में प्राण त्यागने की हृदयस्पर्शी लीला का चित्रण देख दर्शक भावुक हो उठे। कलाकारों ने अपने सशक्त अभिनय और संवादों से पूरे वातावरण को राममय बना दिया। रामलीला समिति पदाधिकारियों ने बताया कि आगामी दिनों में सीता हरण और राम-रावण युद्ध जैसी लीलाओं का मंचन किया जाएगा। इवसर पर मंदिर समिति के अध्यक्ष सलिल द्विवेदी, सचिव राजकुमार मित्तल, उपेन्द्र द्विवेदी, पं दिनेश पाठक, रमेश धीमान, उत्तम नामदेव, आदेश शर्मा, राकेश आचार्य, सुनील गुप्ता रामायणी, संदीप नामदेव, लोकेश वाचस्पति, निशांत पाठक, उज्जवल नामदेव, दीपक सैनी, सुनील अरोड़ा आदि उपस्थित रहे।



## वैदिक इंटर कॉलेज में मिशन शक्ति फेस 5 के तहत जागरूकता कार्यशाला

समाज जागरण

शामली। मिशन शक्ति फेस-5 के तहत वैदिक इंटर कॉलेज, कुरमाली में बालिकाओं के लिए जागरूकता कार्यशाला एवं टॉक शो का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को मासिक धर्म के प्रति जागरूक करना और सोशल मीडिया के नकारात्मक प्रभावों से बचाव के उपाय बताना रहा।

इस अवसर पर महिला शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष एवं सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर पूनम तोमर ने छात्राओं को संबोधित किया। उन्होंने मासिक धर्म से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने और स्वच्छता बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मासिक धर्म एक प्राकृतिक प्रक्रिया है और इसे लेकर शर्म या हिचकिचाहट महसूस नहीं करनी चाहिए। उन्होंने बदलते दौर में आत्म-सुरक्षा के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने छात्राओं को सतर्क रहने, विषम परिस्थिति में त्वरित निर्णय लेने और मानसिक सजगता बनाए रखने की सीख दी। उन्होंने कहा कि आत्म-सुरक्षा केवल शारीरिक बल पर निर्भर नहीं करती, बल्कि साहस और जागरूकता भी जरूरी है। सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग पर बोलते हुए उन्होंने छात्राओं को व्यक्तिगत जानकारी साझा करने से बचने, अजनबियों से मित्रता करते समय सावधानी बरतने और साइबर बुलिंग से सतर्क रहने की सलाह दी। प्रधानाचार्य कुलदीप सिंह ने कहा कि ऐसी कार्यशालाएं बालिकाओं के सर्वांगीण विकास और सशक्तिकरण के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

## एसओजी व बाबरी पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, 50 किलो से अधिक गांजा सहित तस्कर गिरफ्तार

समाज जागरण

शामली।( फुरकान जंग)पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर परिक्षेत्र के कुशल नेतृत्व व पुलिस अधीक्षक शामली एन0पी0 सिंह के निर्देशन में जनपद शामली में ऑपरेशन सवेरा : नशे के अंधकार से, जीवन के उजाले की ओरह अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में अपर पुलिस अधीक्षक शामली संतोष कुमार सिंह के प्रभावी नेतृत्व तथा क्षेत्राधिकारी थानाभवन के निकट पर्यवेक्षण में एसओजी टीम शामली व थाना बाबरी पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए बड़ी सफलता प्राप्त की है। पुलिस टीम ने एक मादक पदार्थ तस्कर रिजवान पुत्र फतेहदीन निवासी ग्राम विज्ञाना थाना बुढ़ाना जनपद मुजफ्फरनगर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 50.240 किलो ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है, जिसकी अंतर्राष्ट्रीय अनुमानित कीमत करीब 12,50,000 रुपये आंकी गई है।गिरफ्तारी व बरामदगी के दौरान महिला कांस्टेबल सोनिया थाना बाबरी का योगदान उल्लेखनीय रहा। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।



## एलम मे मिशन शक्ति 5.0 का आगाज, छात्राओं को किया जागरूक

समाज जागरण

कांधला।(फुरकान जंग) महिलाओं, छात्राओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण को नई दिशा देने वाली मिशन शक्ति 5.0 योजना का आगाज कस्बा एलम मे हुआ। गुरुवार को इंटर कॉलेज में थाना कांधला की वूमेन टीम ने थाना प्रभारी सतीश कुमार के नेतृत्व में छात्राओं को सुरक्षा संबंधी जानकारी देकर जागरूक किया। इस दौरान छात्राओं को वूमेन पावर लाइन-1090, यूपी-112, महिला हेल्पलाइन-181, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, साइबर क्राइम हेल्पलाइन-1930 सहित तमाम हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम के बाद छात्राओं ने वूमेन टीम के साथ कस्बे में एक जागरूकता रैली भी निकाली और लोगों को महिला सुरक्षा के प्रति संदेश दिया। थाना प्रभारी सतीश कुमार ने छात्राओं से कहा कि आज के समय में बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेटों से पीछे नहीं हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में महिलाओं के लिए कई योजनाएं और हेल्पलाइन चल रही हैं, जिनका उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि कोई पीड़िता अपनी पहचान उजागर नहीं करना चाहती तो महिला पुलिस टीम घर जाकर उसकी शिकायत सुनेगी और आवश्यक कार्रवाई करेगी। कार्यक्रम में कॉलेज के प्रधानाचार्य मोहम्मद वासिद, एसआई शैलेन्द्र चौधरी, एसआई सुनील कुमार, महिला हेड कांस्टेबल मिथिलेश, रूबी, अंजु, श्वेता, अभिनव तोमर, अमरीश शर्मा, नीतू भार्गव, पारुल पंवार, राहुल देव सहित कई लोग मौजूद रहे।



## स्नातकोत्तर महाविद्यालय में श्रमदान व निबंध प्रतियोगिता

समाज जागरण

कांधला। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत कस्बे के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एक दिन, एक घंटा, एक साथ,थीम पर श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर व उसके आसपास साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है । कार्यक्रम में पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। प्राचार्य प्रो. बृजा भूषण ने उनके चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की। साथ ही एकात्म मानववाद का सिद्धांत विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बीए तृतीय वर्ष की जुवेरिया पुत्री नसीम प्रथम स्थान पर रहीं, जबकि बीए प्रथम वर्ष की महक पुत्री शाहिद ने द्वितीय और बीए तृतीय वर्ष की अफ्शा पुत्री मोहम्मद महफूज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्याम बाबू एवं सद्भावना कल्चरल क्लब की संयोजिका डॉ. नयना शर्मा के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग कर दोनों आयोजनों को सफल बनाया।



## संविधान और सामाजिक न्याय को लेकर भारत मुक्ति मोर्चा ने सौंपा ज्ञापन

समाज जागरण

शामली। भारत मुक्ति मोर्चा के पदाधिकारियों ने गुरुवार को राष्ट्रपति के नाम संबोधित एक ज्ञापन एडीएम न्यायिक को सौंपा। ज्ञापन में संविधान एवं लोकतंत्र की रक्षा, बहुजन समाज के संवैधानिक अधिकारों की सुरक्षा और सामाजिक न्याय को लेकर प्रमुख मांगें उठाई गई।

मोर्चा पदाधिकारियों ने कहा कि बहुजन समाज के हजारों संगठनों के तत्वावधान में राष्ट्रव्यापी चरणबद्ध आंदोलन चलाया जा रहा है। इसमें धरना-प्रदर्शन, जेल भरो आंदोलन और जन आक्रोश रैली शामिल की जाएंगी। ज्ञापन में प्रमुख मांगों में सभी चुनावों में ईवीएम हटाकर बैलेट पेपर लागू करना, ओबीसी सहित सभी जातियों की जातीय जनगणना कराना, आदिवासियों पर हो रहे अन्याय को रोकना, मुस्लिम, ईसाई और बौद्ध समुदायों के संवैधानिक अधिकारों व धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा करना, तथा सरकारी कर्मचारियों को पदोन्नति में आरक्षण लागू करना शामिल है। पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि इन मुद्दों का समय पर समाधान नहीं किया गया, तो 25 सितंबर को सभी जिला मुख्यालयों पर राष्ट्रव्यापी जेल भरो आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अरविन्द कुमार, परमाल सिंह, रमेश कुमार आदि मौजूद रहे।



## व्यापारियों ने किया प्रभारी मंत्री का शॉल उड़ाकर सम्मान

समाज जागरण

शामली। जनपद प्रभारी मंत्री दिनेश खटीक गत बुधवार देर रात भाजपा नेता एवं लघु उद्योग भारती के मंडल अध्यक्ष अंकित गोयल के आवास पर पहुंचे। इस दौरान शहर के उद्यमियों और व्यापारियों ने शॉल ओढ़ाकर व बुके भेंट कर उनका सम्मान किया। व्यापारियों को संबोधित करते हुए मंत्री दिनेश खटीक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जीएसटी में भारी कटौती कर सभी वर्गों को राहत दी है। आम जनमानस के जीवन में जरूरी वस्तुएं सस्ती हो गई हैं और जीएसटी व्यवस्था को सरल बनाया गया है। उन्होंने सभी से स्वदेशी वस्तुएं अपनाने की अपील करते हुए कहा कि इससे देश की अर्थव्यवस्था और मजबूत होगी। अंकित गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा जीएसटी कम करके देशवासियों को दीपावली का तोहफा दिया गया है। उन्होंने बताया कि जल्द ही शामली के व्यापारियों की मीटिंग जीएसटी विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से कराई जाएगी, ताकि सभी को नई नीतियों की जानकारी दी जा सके। इस दौरान व्यापारियों ने अपनी समस्याओं को लेकर ज्ञापन भी सौंपा। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेंद्र निर्वाल, वेद प्रकाश आर्य, अशोक बंसल, आलोक जैन, अनुज गर्ग, आशीष अग्रवाल, अमित जैन, राहुल जैन, राहुल गोयल, अनुराग जैन, संजीव कुमार, सुखमाल गुप्ता, विशाल गुप्ता आदि मौजूद रहे।



## बकाया भुगतान की मांग को लेकर ठेकेदारों का प्रदर्शन

समाज जागरण

शामली। शहर के करनाल रोड स्थित लक्ष्मी सिविल इंजीनियर एंड सर्विसेज के कार्यालय पर ठेकेदारों का धरना प्रदर्शन लगातार तीसरे दिन भी जारी रहा। बकाया भुगतान की मांग को लेकर ठेकेदार रात-दिन धरना प्रदर्शन करने को मजबूर है। वहीं कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर संजीव पटेल का कहना है कि ठेकेदारों का भुगतान किया जा रहा है, लेकिन दूसरे जिले के ठेकेदार आकर शामली के ठेकेदारों को बरगलाने का कार्य कर रहे है।

शहर के करनाल रोड स्थित लक्ष्मी सिविल इंजीनियर एंड सर्विसेज के कार्यालय पर ठेकेदारों का लगातार तीसरे दिन भी गुरुवार को धरना प्रदर्शन जारी रहा। धरने का नेतृत्व मुजफ्फरनगर निवासी ठेकेदार राहुल कुमार, निखिल कुमार, अमृतपाल ने किया, जिनके साथ 15 से 20 अन्य ठेकेदार भी शामिल हुए। ठेकेदारों का आरोप है कि कंपनी के जनरल मैनेजर राजीव राय की देखरेख में ग्राम पंचायतों में पानी की टंकियों का निर्माण कार्य कराया गया था। इसके लिए, विभिन्न ठेकेदारों को अलग-अलग कार्य का ठेका दिया गया और कार्य भी पूर्ण हुए करीब एक साल से अधिक समय हो गया है, लेकिन कंपनी ठेकेदारों का भुगतान नही कर रही है। उन्होंने बताया कि इसमें करीब 12 ठेकेदार ऐसे है जिनका चार करोड से अधिक का भुगतान बकाया है। जिसके कारण ठेकेदार गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। ठेकेदार राहुल ने बताया कि कार्य में लगे श्रमिक लगातार मजदूरी की मांग कर रहे हैं, लेकिन भुगतान न होने से ठेकेदारों के पास देने के लिए पैसा नहीं है। उन्होंने कंपनी के लोगों पर डराने धमकाने का भी आरोप लगाया है। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक बकाया भुगतान नहीं किया जाता, धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। वहीं कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर संजीव पटेल का कहना है कि ठेकेदारों का जो बकाया रूका है उसको देने के लिए 6 अक्टूबर तक का समय मांगा गया है, लेकिन कुछ मुजफ्फरनगर के ठेकेदार शामली के ठेकेदारों का बरगलाने का कार्य कर रहे है। उन्होने जल्द ही आला अधिकारियों से वार्ता कर ठेकेदारों की समस्या का समाधान कराने की मांग की है।



## खेत पर काम करने गई महिलाओं के साथ दबंगों ने की मारपीट

समाज जागरण

कांधला। थाना क्षेत्र के गांव सुन्ना में खेत पर काम कर रही तीन महिलाओं पर गांव के ही कई लोगों ने लाठी डंडा से हमला कर दिया। हमले में तीनों महिला घायल हो गई। पीड़ित महिलाओं ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना क्षेत्र के गांव सुन्ना निवासी महिला जास्मीन पत्नी कालू ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि गांव के ही नूरा का परिवार पीड़िता के परिवार से रंजिश रखता है। मंगलवार को पीड़िता अपनी सास हफीजन व देवरानी गुलफसा के साथ खेत पर कार्य कर रही थी। आप है किसी बीच नूर अपने पुत्र सादिक, शाहिद व तालीब के साथ खेत पर पहुंचा और गाली गलौज करने लगा। विरोध किया तो आरोप है कि चारों लोगों ने पीड़िता और पीड़िता की सास व देवरानी पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। हमले में तीनों महिलाएं घायल हो गई। शोर शराबा होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते थे फरार हो गए। पीड़िता ने अपना और अपने परिवार की महिलाओं का डॉक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। गौरतलब है एक दिन पूर्व नूरा परिवार के लोगों ने भी मारपीट करने का आरोप लगाया था.पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बहन ने भाई के लापता होने की थाने पर कराई गुमशुदगी दर्ज

समाज जागरण

कांधला। कस्बे के मोहल्ला मिह्गान निवासी महिला ने अपने भाई के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने की तहरीर देते हुए गुमशुदगी दर्ज कराई है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज करते हुए युवक की तलाश शुरू कर दी है।

कस्बे के मोहल्ला मिह्गान निवासी सायरा पत्नी नसीम ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि पीड़िता के भाई रिजवान की दिमागी हालत ठीक नहीं है। सोमवार को पीड़िता का भाई घर से बिना बताए संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। काफी तलाश करने के बाद भी पीड़िता के भाई का कोई सुराग नहीं लग सका। पीड़िता ने थाने पर तहरीर देकर अपने भाई को बरामद कराए जाने की मांग की है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज करते हुए लापता युवक की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पीड़ित युवक की गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है। शीघ्र ही लापता युवक को बरामद कर परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

## महिला के साथ मारपीट और कपड़े फाडने पर मुकदमा दर्ज

समाज जागरण

कैराना। नगर के मोहल्ला निवासी महिला ने अदालत के माध्यम से कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि मौहल्ला अफगानान निवासी साजिद, नरगिस और कांधला निवासी नरगिस के दो भाई तथा आमिर और कासिम उससे रंजिश रखते हैं तथा आए दिन परेशान करते हैं। 3 जुलाई की सुबह 10 बजे वह अपने घर पर बैठी थी। इस दौरान आरोपी लाठी डंडे लेकर आए और उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की। आरोपियों ने उसके साथ अश्लील हरकतें करते हुए उसके कपड़े फाड़ दिए। शोर शराबा होने पर मोहल्ले वाले आ गये इसके बाद आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गए। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके कार्यवाही शुरू कर दी है।

## फोन पर धमकी देने पर रिपोर्ट दर्ज

समाज जागरण

कैराना। मोहल्ला इस्लामनगर निवासी गुलफसा ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका पूर्व पति शाहनवाज निवासी मंडवाड़ा थाना बुढ़ाना आए दिन फोन पर उसके साथ गाली गलौज करता है तथा उसका जान से मारने की धमकी देता है। जिससे उसका परिवार डरा हुआ है। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली।

## पानी भरने से किसानों की फसल हुई जलमग्न

समाज जागरण

शामली। ऊन क्षेत्र के गांव भडी के ग्रामीणों ने शनिवार को डीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि यमुना नदी के किनारे बने ठोक्कर (मिनी बांध) टूटने से उनके खेत जलमग्न हो गए हैं और सैकड़ों बीघा फसल पानी में बहकर नष्ट हो गई है।

ग्रामीणों ने कहा कि इस वर्ष यमुना नदी का जलस्तर बढ़ने से ठोक्कर संख्या 2, 3 और 4 टूट गए। इसके कारण खेतों में कटान हुआ और किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ा। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि हरियाणा सरकार द्वारा अपनी सीमा में यमुना नदी के बीच करीब 12 ठोक्कर बना दिए गए हैं, जिससे नदी का रुख उत्तर प्रदेश की ओर हो गया और गांव भडी के ठोक्कर क्षतिग्रस्त हो गए। उन्होंने मांग की कि टूटे हुए ठोक्करों का तत्काल पुनर्निर्माण कराया जाए, नए ठोक्करों का निर्माण किया जाए और प्रभावित किसानों की भूमि का सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिया जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि समय पर ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले दिनों में गांव और आसपास के अन्य क्षेत्रों को भी खतरा हो सकता है। इस अवसर पर नाजिम हसन, ताज अली, रागिब, मुकरीम, मूदा, शकील, आरिफ आदि मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति के अंतर्गत ग्राम पुरमाफी में जन जागरूकता अभियान

समाज जागरण

शामली। डीएम के निर्देशन में मिशन शक्ति विशेष अभियान फेज-5 के अंतर्गत ग्राम पुरमाफी स्थित पूर्व माध्यमित विद्यालय में महिला कल्याण विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं और बच्चों से संबंधित विभिन्न योजनाओं और कानूनों



का प्रचार-प्रसार किया गया। पात्र आवेदकों से योजनाओं के आवेदन भी कराए गए। जागरूकता के लिए पोस्टर-पंपलेट वितरित किए गए और जूनियर हाईस्कूल के छात्र-छात्राओं ने रैली निकालकर ग्रामीणों को जागरूक किया। पुलिस टीम ने एंटी-रोमियो अभियान, किशोर पुलिस इकाई और हेल्पलाइन नंबर 1090 व 112 की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। जिला मिशन कोऑर्डिनेटर सदफ खान और परियोजना समन्वयक अजरा खान ने निराश्रित महिला पेंशन, कन्या सुमंगला योजना, बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना और कानूनी आर्थिक सहायता जैसी योजनाओं की जानकारी दी। जेण्डर स्पेशलिस्ट कुलदीप शर्मा और सागर वर्मा ने हेल्पलाइन नंबर 1098, 181, 1930, 101, 102, 108 आदि की जानकारी दी।

# श्री बालाजी रामलीला देखने के लिये उमड़ रही दर्शकों की भारी भीड़

**समाज जागरण**

बागपत। श्री बालाजी रामलीला कमेटी खेकड़ा के तत्वाधान में चल रही भव्य रामलीला का शुभारंभ श्री बालाजी रामलीला कमेटी के पदाधिकारीयो ने संयुक्त रूप से भगवान श्रीराम जी की आरती कर किया। रामलीला के मंचन के छठे दिन पर राम लक्ष्मण द्वारा दशरथ, माता कौशल्या, कैकई,सुमित्रा से वनवास जाने की आज्ञा मांगना, दशरथ द्वारा सुमंत को साथ भेजना और भाव विभोर में कहना कि राम लक्ष्मण को नदी से ही वापस ले आना,राम लक्ष्मण की निषादराज से भेट होना, केवट द्वारा राम लक्ष्मण को नदी पार कराना, सुमंत का राजा दशरथ को कहना कि राम लक्ष्मण



तो वनों को प्रस्थान कर गए है, दशरथ का पुत्र वियोग में तड़प-तड़प कर अपने प्राण त्याग देना तक की लीला का सुन्दर चित्रण के साथ मंचन किया गया।सभी कलाकारों ने अपनी कला से दशकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।कलाकारों में मुख्य रूप से दशरथ के रूप में मनोज जैन, केवट के रूप में मोहित जैन ने अपने भाव पूर्ण कला से सभी दर्शकों का मन मोह लिया। राम लक्ष्मण सीता और कौशल्या ने भी अपनी कला से सभी का मन जीत लिया। रामलीला में उपस्थित आनंद यादव, धर्मवीर यादव, नितिन जैन, अनंत यादव, डायरेक्टर मुकेश गौड़, अतुल रूहेला, सुनील रूहेला,राजेंद्र यादव, मनोज धामा चार्ली,संजीव जैन, विकास जैन, मनोज जैन, अनिल कुमार,अंकित जैन, अनिल गोनियाल ,दीपक द्वितीय, बिट्टू शर्मा, राकेश, विनोद कुमार,सतेंद्र, जय सिंह ,नरेश कुमार, गौतम ,अनुभव मेकअपमैन, रोहित साउंड वाले, शेखर रूहेला, प्रशांत रूहेला, निखिल धामा,दीपक यादव,संजू शर्मा, दीपक पांचाल, गौरव वर्मा, अरुण यादव, मोहन वेदी, मोनू, सोनू, अनुज कश्यप, सूरज, मनोज, अम्बे प्रसाद, भूरे, रोहित आदि सभी कलाकारों का मुख्य सहयोग रहा।

# आजम खान की रिहाई न्याय व संविधान की जीत : नवाब अहमद हमीद

**समाज जागरण**

बागपत। सपा के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश की राजनीति के चर्चित चेहरों में शुमार मोहम्मद आजम खान की जेल से रिहाई पर कांग्रेस के प्रांतीय महासचिव नवाब अहमद हमीद ने खुशी जताई और उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह फैसला न्याय, स्वतंत्रता और भारतीय संविधान की विजय का प्रतीक है। नवाब अहमद हमीद ने अपने वक्तव्य में कहा कि पूर्व सांसद मोहम्मद आजम खान की रिहाई सिर्फ एक व्यक्ति की आजादी नहीं है, बल्कि उन तमाम लोगों के लिए उम्मीद की नई किरण है, जो वर्षों से न्याय की लड़ाई लड़ रहे हैं। भारतीय संविधान हमें समानता, आजादी और न्याय का हक देता है। आजम खान को लंबे



समय तक जेल में रखना राजनीतिक प्रतिशोध का हिस्सा प्रतीत होता रहा, लेकिन अंततः न्याय की जीत हुई। उन्होंने कहा कि आजम खान को केवल एक नेता की हैसियत से नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि उन्हें एक विचार, एक आंदोलन और उन तमाम आवाजों का प्रतीक मानना चाहिए जो सदैव पिछड़े वर्गों, अल्पसंख्यकों और वंचित तबकों के लिए उठाई गईं। शिक्षा को नई दिशा देने के लिए उन्होंने मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय जैसे महत्वपूर्ण संस्थान की नींव रखी और अपने क्षेत्र रामपुर को विशेष पहचान दिलाई। उनके ये प्रयास इतिहास में दर्ज रहेंगे। नवाब अहमद हमीद ने स्पष्ट कहा कि आजम खान की रिहाई लोकतंत्र की मजबूती का अहम पड़ाव है। हमें संविधान पर पूरा विश्वास है और भरोसा है कि जिस प्रकार आजम खान को न्याय मिला, उसी तरह देश का हर नागरिक भी धर्म, राजनीति या वर्गभेद से परे न्याय पाने का हकदार है। यही भारतीय संविधान की आत्मा है, जिसे बचाना और उस पर अमल करना हम सबकी ज़िम्मेदारी है। कांग्रेस पार्टी इस दिशा में लगातार संघर्षरत है।

# श्री रघुवर रामलीला में राम वनवास की लीला का किया गया मनमोहक मंचन

**समाज जागरण**

बागपत। श्री रघुवर रामलीला समिति ठाकुर द्वारा बागपत में राम वनवास की लीला के मंचन में राम वन गमन की ओर प्रस्थान करते है। वह अयोध्यावासियों को सोता हुआ छोड़कर वनों की ओर चल देते है। जब सुमंत की आँखें खुलती है तो वह राम, लक्ष्मण व सीता को अपने बीच ने देखकर दहाड़ मार मार कर विलाप करते है तो दर्शक बहुत शांत देखकर विलाप सुनते है। जब केवट राम, लक्ष्मण व सीता को नैया पार कराते हैं तो केवट राम से उतराई नहीं लेता। कहता है कि प्रभु आप भी पालन हार ओर में तारण हार, ऐसे में कैसे उतराई आपसे ले लू। केवट



राम से आग्रह करते है कि जब 14 वर्ष के बाद आप अयोध्या वापस आयेगे तो मेरी नैया से ही आपको मैं ही वापस अयोध्या लेकर जाऊँगा। मंचन में संजय रुहेला, सुभाष लखेरा,मोंटी चौहान, नीरज गुप्ता, सुजीत लखेरा,आशीष रुहेला,आशु शर्मा,महेश जोंटी,गौरव ,यश,दीपक सिंधी,बिजेंद्र गौतम,अनुज उपाध्य, मिठू शर्मा,पवन तिवारी,सोनू शर्मा महेश शर्मा सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# फिल्म एक्टर फरान अख्तर ने किया अहीर शहीदों का अपमान : वीरेंद्र यादव

**समाज जागरण**

बागपत। सुप्रसिद्ध समाजसेवी एवं महादेवी इंटर कॉलेज गोना के चेयरमैन वीरेंद्र यादव ने कहा कि फिल्म एक्टर और निमार्ता फरान अख्तर द्वारा बनाई गई फिल्म 120 बहादुर में अहीर शहीदों का अपमान किया गया है। कहा कि मैं और मेरा यादव समाज इसकी निंदा करता है ओर मांग करता है कि उन शहीदों का सम्मान किया जाए, नहीं तो यादव समाज इसका बहिष्कार करेगा। वीरेंद्र यादव ने बताया कि रेजांगला युद्ध में 13वीं कुमाऊँ बटालियन के लगभग



120 भारतीय सैनिकों ने हिस्सा लिया था, जिनमें से 114 यादव (अहीर) सैनिक युद्ध में शहीद हुए थे। यह भारत के इतिहास में वीरता की सबसे बड़ी मिसालों में से एक है, जिसमें 120 भारतीय सैनिकों ने 3,000 से अधिक चीनी सैनिकों का सामना किया था। वर्ष 1962 के भारत-चीन युद्ध में लड़े गए रेजांगला युद्ध में 114 यादव (अहीर) जवानों ने अपने प्राणों का बलिदान दिया था। इस युद्ध में कुल 120 भारतीय सैनिकों की टुकड़ी थी, जिसमें 114 यादव जवान शहीद हुए थे। इस युद्ध के बाद, इन वीर सैनिकों की बहादुरी और साहस का गवाह बनने के लिए रेजांगला के पास एक अहीर धाम स्मारक भी बनाया गया है।

# नाबालिग लड़की की बरामदगी की मांग को लेकर उप मुख्यमंत्री से मिले लोग

**समाज जागरण**

बागपत। बागपत के सिंघावली अहीर थाना क्षेत्र में नाबालिक लड़की की बरामदगी की मांग को लेकर समाज सेवी लोग लखनऊ में उप मुख्यमंत्री



बृजेश पाठक से मिले। उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने बागपत एसपी को फोन किया और जल्द से जल्द नाबालिग लड़की को बरामद करने के लिए दिशा- निर्देश दिए। बागपत से ब्राह्मण रक्षा दल के अध्यक्ष मनोज शर्मा कोषाध्यक्ष कपिल शर्मा बसी सचिव अजय शर्मा जिला मंत्री सुनील शर्मा जिला उपाध्यक्ष राजीव शर्मा ब्लॉक छपरौली अध्यक्ष प्रदीप शर्मा आदि तथा राष्ट्र वादी ब्राह्मण महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवेश दत्त शर्मा अपने पदाधिकारियों के साथ उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक से मिले।

# दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर भाजपा की संगोष्ठी

## एकात्म मानववाद और आत्मनिर्भर भारत पर हुई चर्चा

**समाज जागरण**

बागपत। शहर के चमरावल रोड़ स्थित भाजपा जिला कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में गाजियाबाद के पूर्व महापौर आशु वर्मा मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर हुई। कार्यक्रम में पंडित दीनदयाल के एकात्म मानववाद के दर्शन पर विचार रखे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को पूरा करने में कार्यकताओं की भूमिका पर चर्चा की। पूर्व महापौर आशु वर्मा ने कहा कि पंडित दीनदयाल का विचार और जीवन-दर्शन सभी को राष्ट्रहित, समाज कल्याण और जनसेवा की प्रेरणा देता रहेगा। पंडित का पूरा जीवन भारत और भारतीयता के लिए समर्पित रहा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय एकात्म मानववाद और अंत्योदय के प्रणेता थे। उन्होंने समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति के उत्थान की बात कही थी। 2014 के बाद से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीबों और वंचितों की सेवा के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। योगी सरकार भी उत्तर प्रदेश में अंत्योदय की भावना को आधार बनाकर आगे बढ़ रही है। गरीबों की सेवा ही सरकार का प्रमुख संकल्प है और इसी दिशा में योजनाएं चलाई जा रही हैं। पीएम



मोदी देश की आने वाले दशकों की नींव मजबूत कर रहे है, इसलिए हमारा मंत्र है आत्मनिर्भर भारत। उन्होंने प्रत्येक कार्यकताओं से अपने देश में बनी वस्तुओं को खरीदने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के आदर्श और विचार आज भी प्रासंगिक हैं। केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार उनकी स्मृति में जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही है। कार्यक्रम में सभी 12 मंडलों के नवनियुक्त पदाधिकारी का सोल उड़कर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सरिता चौधरी ने किया। इस दौरान जिला कार्यक्रम संयोजक रविन्द्र आर्य, पूर्व जिलाध्यक्ष सूरजपाल सिंह, सुदेश चौहान, जिला उपाध्यक्ष अनिल चौहान कंवरपाल घिटोरा, कुलदीप भारद्वाज, अनिता खौखर, निशांत चौधरी, आत्माराम मौर्य, डॉ विनय त्यागी, सतबीर सिंह बड़का, राजेश चौहान सत्येंद्र मौर्य, ज्योति मौर्य, प्रमोद खोकर, नगर अध्यक्ष संदीप वशिष्ठ , प्रतिभा शर्मा, मनजीत गुर्जर, प्रभात तोमर, डॉ मनीष कुशवाहा, सोनू चोटी, सुनील तोमर, दिनेश प्रधान, देवेन्द्र खौखर, मंजीत गुर्जर, विनोद देशवाल, सुभाष शर्मा सोनवीर सरूरपुर, कपिल, सुनील दीक्षित, मनोज कटारिया, अमित उपाध्याय, सुंदर पावला, सुधीर त्यागी, राजगोपाल कश्यप, अक्षय चौधरी, श्रवण भारद्वाज, जोगिंदर वाल्मीकि, चन्द्रमोहन, मांगेराम कश्यप, दीपक आदि मौजूद रहे।

# छात्राओं को जियालाल प्रेमवती सम्मान से सम्मानित

**समाज जागरण**

बागपत। बृहस्पतिवार जिला रेड क्रॉस समिति बागपत एवं लायंस क्लब अग्रवाल मंडी द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित पोस्टर पेंटिंग एवं स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता के सर्व हितकारी इंटर कॉलेज मीतली, सरदार पटेल इंटर कॉलेज बली, एवं पैरामाउंट पब्लिक स्कूल अग्रवाल मंडी टटीरी की पोस्टर पेंटिंग एवं स्लोगन राइटिंग में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली 12 छात्र, छात्राओं को समाजसेवी ईश्वर अग्रवाल द्वारा अपने माता-पिता की पुण्य स्मृति में स्थापित जियालाल प्रेमवती सम्मान सर्टिफिकेट स्मृति चिन्ह एवं उपहार देकर प्रत्येक कॉलेज एवं स्कूल प्रांगणो में




सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला रेड क्रॉस समिति बागपत के सचिव अभिमन्यु गुप्ता ने कहा छात्र छात्राएं नेत्रदान के प्रति समाज में जागरूकता फैलाने का कार्य कर रहे है। इसके लिए सभी बधाई के पात्र है और आप और अधिक कार्य करके दृष्टि दुत बन सकते है। रेड क्रॉस समिति के सभापति पंकज गुप्ता ने सभी विजेता छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा की सर्टिफिकेट आपको जीवन भर काम आएगा। स्कूल कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं समस्त स्टाफ ने जिला रेड को समिति एवं लायंस क्लब के प्रयास की सराहना की।

# इंस्पेक्टर, दरोगा और छह सिपाहियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज, वर्दी पर फिर उठे सवाल ?

**समाज जागरण**

बागपत। बड़ौत कस्बे में अवैध हिरासत और फर्जी मुकदमा दर्ज करने का बड़ा मामला सामने आया है। सीजेएम कोर्ट के आदेश पर तत्कालीन इंस्पेक्टर, दरोगा और छह सिपाहियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया। यह मामला पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़ा कर रहा है। बागपत जनपद पुलिस महकमे में बड़ी कार्रवाई हुई है। जिले के बड़ौत कस्बे में पुलिस पर गंभीर आरोप लगे हैं। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रत्नम श्रीवास्तव के आदेश पर तत्कालीन थाना प्रभारी अजय शर्मा, एसआई मुकेश, हेड कांस्टेबल वरुण वीर सिंह और कांस्टेबल हरीश कुमार, अंशुल कुमार, अजीत सिंह, रोहित भाटी व देवेश के खिलाफ गुरुवार को मुकदमा दर्ज किया गया। यह मामला जनवरी 2021 का है। सरोज नामक महिला ने याचिका दाखिल कर आरोप लगाया था कि पुलिस ने उनके बेटे मोहित को अवैध रूप से हिरासत में लिया और पांच ट्रैक्टर-ट्रॉली बरामद दिखाकर फर्जी मामले में जेल भेज दिया। सरोज का कहना था कि गांव की एक महिला से विवाद के चलते उनके परिवार को जानबूझकर फंसाया गया।

शिकायत के अनुसार, 12 जनवरी को पुलिसकर्मी उनके घर आए और बेटे के बारे में पूछताछ की। दो दिन बाद खेत से लौटते समय उनके बेटे अमित को पकड़ लिया गया और थाने में रखने के साथ अभद्रता भी की गई। महिला का आरोप है कि उन्हें धमकाया गया कि अगर थाने से नहीं गईं तो बेटे का एनकाउंटर कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि बेटे को 19 जनवरी तक हिरासत में रखा गया और बाद में चोरी का फर्जी मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया। जबकि सीसीटीवी फुटेज से साबित हुआ कि पुलिस उनके घर पर बरामदगी की कहानी पूरी तरह से झूठी थी। सीजेएम ने सभी पक्षों को सुनने के बाद 16 सितंबर को आदेश दिया कि संबंधित पुलिसकर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाए। आदेश के बाद गुरुवार को केस दर्ज कर लिया गया है। यह कार्रवाई पुलिस की कार्यप्रणाली और निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है।

# जनता को विकास कार्यों के प्रति जागरूक किया

**समाज जागरण**

बड़ौत। नगर की ताराचंद मार्केट कोताना रोड स्थित ए वन बैट्री जिला पंचायत सदस्य सुनील कुमार आर्य के प्रतिष्ठान पर एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सुनील कुमार आर्य ने कहा कि जनपद बागपत की समस्याओं को लेकर लगभग तीन वर्ष से हम सभी समस्याओं का निस्तारण करने के लिए जनहित में काम कर रहे है। जनता ने हमें जिला पंचायत सदस्य बनाकर विकास कार्य करने का मौका दिया। हमने जनता की भलाई को देखते हुए सैकड़ो की तादाद में विकास कार्य करवाए हमने जिला पंचायत अध्यक्ष के माध्यम से गांव में जैसे तालाब की खुदाई करवाना, गांव में नाली खड़ंजो का निर्माण करवाना, विद्युत विभाग से लाइट की बिजली का प्रबंध करना, विधवाओं बुजुर्गों विकलांगों की पेंशन बनवाने का कार्य किया गया। किसानों के मुद्दों पर संघर्ष किया सभी किसानों के कार्य करवा कर जनता के हितों में काम किया आगे भी हम जनता की



प्रेस वार्ता करते हुए जिला पंचायत सदस्य बागपत सुनील कुमार आर्य

सेवा के लिए कार्य करते रहेंगे। लगभग 20 दर्जन गांवों में आंखों के निशुल्क शिविर लगवा कर बुजुर्ग लोगों की आंखें बनवाई क्षेत्र में अपने पैसे से निशुल्क एंबुलेंस चलवाई जो आज क्षेत्र की जनता के लिए एक मैसेज करते ही लोगों तक पहुंच जाती है। अनेक कार्य करवाने का हमें मौका दिया गया। हमने जिला पंचायत अध्यक्ष के माध्यम से अपने क्षेत्र में अनेक कार्य करवाने का काम किया जनता की भलाई के लिए कार्य किए। और आगे भी हम कार्य करते रहेंगे। इस मौके पर राष्ट्रीय लोक दल के बड़ौत विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष बडावद गांव के भावी प्रधान अमित चिकारा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि गांव में अगर जनता ने मौका दिया तो अनेक कार्य करवाने का काम किया जाएगा। इस मौके पर मास्टर प्रहलाद सिंह आर्य, खेड़ा हटाना से वरिष्ठ समाजसेवी चौधरी सत्यपाल सिंह, लुहारी से रविंद्र कुमार, समाजसेवी पूर्व फौजी चौधरी वीरसेन, योगेश कुमार राणा बैटरी आदी बैठक में मौजूद रहे।

# हत्या मामले में आरोपी से बरामद की पिस्टल और कारतूस

**समाज जागरण**

कैराना। (फुरकान जंग) थाना कैराना पुलिस ने ग्राम बदलूगढ़ में हुए चर्चित हत्या कांड में शामिल आरोपी अक्षय पुत्र शिवकुमार निवासी मोहल्ला आलकला कैराना को कोर्ट से पुलिस कस्टडी रिमांड पर लेकर बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त अवैध पिस्टल 7.65 बोर व दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।गौरतलब है कि विगंत 9 जून 2025 की रात ग्राम बदलूगढ़ निवासी देवेंद्र सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वह अपने खेत पर चारपाई पर बैठे थे तभी बाइक सवार बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोली लगने से देवेंद्र सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए थे और उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई थी। इस सनसनीखेज वारदात से क्षेत्र में हड़कंप मच गया था।घटना की सूचना मिलते ही उच्चाधिकारी, कैराना पुलिस, एसओजी, सर्विलांस और फील्ड यूनिट मौके पर पहुंची थी और मृतक के पुत्र सुनील की तहरीर पर थाना कैराना में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले में शामिल मोहम्मद मौमिन, भूरा उर्फ यामीन, यूसुफ पुत्र नूर मोहम्मद उर्फ भूरा और प्रीत को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।वहीं आरोपी अक्षय ने कुछ समय पहले अदालत में आत्मसमर्पण किया था। अब पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आरोपी को जेल से रिमांड पर लेकर पूछताछ की, जिसके दौरान उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त पिस्टल और कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अवैध शस्त्र की बरामद कर जेल भेज दिया है।

# देशी व्यापारी और विदेशी खरीदारों का संगम बना यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो

**समाज जागरण**

लखनऊ/ग्रेटर नोएडा, 25 सितंबर। उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस) 2025 गुरुवार को वैश्विक व्यापार का मंच बन गया। आयोजन स्थल पर देशी व्यापारियों और विदेशी खरीदारों की चहल-पहल ने इसे अंतरराष्ट्रीय बाजार की जीवंत तस्वीर में बदल दिया। हर स्टाल पर उत्पादों की प्रदर्शनी के साथ व्यावसायिक चर्चा और सहयोग की संभावनाओं पर संवाद चलता रहा। कहीं विदेशी प्रतिनिधि परिधानों और कालीनों को परखते दिखे तो कहीं आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स के स्टॉल पर साझेदारी की संभावनाएं तलाशते रहे। माहौल ऐसा था मानो उत्तर प्रदेश ने अपनी परंपरा और आधुनिकता को एक ही छत के नीचे सजा दिया हो।

**देशी उत्पादों के प्रति आकर्षित हुए विदेशी खरीदार**

प्रदेश के सभी 75 जिलों से आए 2250 से अधिक प्रदर्शकों ने अपनी कला और उत्पाद पेश किए। भदोही के कालीन, मुरादाबाद के पीतल उद्योग, फरुर्खाबाद के जरी-जरदोजी और फिरोजाबाद के ग्लासवर्क ने विदेशी खरीदारों को आकर्षित किया। वहीं आईटी, इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर के स्टॉलों पर विदेशी प्रतिनिधियों की भीड़ रही। ओडीओपी पवेलियन सबसे बड़ा आकर्षण बना, जहां जिलों की पारंपरिक पहचान को अंतरराष्ट्रीय बाजार से जोड़ने की कोशिशें नजर आईं।

**उत्तर प्रदेश अद्भुत संभावनाओं वाला प्रदेश: पीएम**

उद्घाटन समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योगी सरकार की सराहना करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश अब अद्भुत संभावनाओं वाला प्रदेश है। उन्होंने कहा कि एक्सप्रेसवे और एयरपोर्ट की क्रांति ने यूपी को निवेशकों का केंद्र बना दिया है। प्रधानमंत्री ने ओडीओपी की चर्चा करते हुए कहा कि अब जिलों के उत्पादों की एक कैटलॉग ही अंतरराष्ट्रीय मेहमानों के लिए पर्याप्त हो जाती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसे अंत्योदय को राष्ट्रोदय में बदलने का अवसर बताया और कहा कि चार दिनों के भीतर ही बाजार में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। उन्होंने कहा कि सीएम युवा उद्यमी योजना से अब तक 90 हजार से अधिक युवाओं ने जॉब क्रिएटर बनने का मार्ग चुना है, जबकि विश्वकर्मा श्रम सम्मान और ओडीओपी के जरिए लाखों कारीगरों को प्रशिक्षण और बाजार मिला है।

**देशी व्यापारी और विदेशी खरीदारों के बीच हुआ संवाद**

ट्रेड शो का सबसे बड़ा आकर्षण देशी व्यापारी और विदेशी खरीदारों के बीच हुआ संवाद रहा। कालीन निर्यातकों और विदेशी प्रतिनिधियों के बीच नए करार की संभावनाएं टटोली गईं। विदेशी प्रतिनिधियों का एक समूह इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर सेक्टर में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा करता दिखा। परिधानों और हैंडीक्राफ्ट्स के स्टॉल पर विदेशी व्यापारी गहरी दिलचस्पी दिखाते रहे। विदेशी खरीदार भारतीय परिधान पहनकर देखते नजर आए, वहीं हस्तशिल्प और परंपरागत मिठाइयों का स्वाद भी उन्होंने लिया। पूरा माहौल जीवंत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले की तरह गूंजता रहा।

**यूपी विकसित भारत का ग्रोथ इंजन बनेगा: सीएम योगी**

मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी 77 जीआई टैग उत्पादों के साथ देश का शीर्ष जीआई कैपिटल बन चुका है और 75 नए उत्पादों को जोड़ने की प्रक्रिया चल रही है।

# शिवनगर के लोगों ने कलक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन

- वन विभाग द्वारा बेदखली नोटिस देने पर जताया विरोध, परिवारों के बेघर होने की आशंका

**समाज जागरण**

शामली। शिवनगर के ग्रामीणों ने मंगलवार को कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग द्वारा उनके घरों को खाली कराने के लिए नोटिस जारी कर दिए गए हैं, जिससे सैकड़ों परिवारों के सामने बेघर होने का संकट खड़ा हो गया है। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने एडीएम परमानंद झा को ज्ञापन सौंपकर मामले में हस्तक्षेप कर समस्या के समाधान की मांग की।

ग्रामीणों ने दिए शिकायती पत्र में बताया कि शिवनगर गांव की आबादी करीब 1500 के आसपास है और यह बस्ती लगभग 100 वर्षों से बसी हुई है। हाल ही में वनाधिकारी ऊन की ओर से गांव के लोगों को नोटिस थमा दिए गए, जिनमें दस दिन की अवधि में मकान खाली करने का आदेश दिया गया था। ग्रामीणों का कहना है कि अब विभाग ने चेतावनी दी है कि अतिक्रमण हटाने के लिए राजस्व विभाग व वन विभाग की



संयुक्त टीम कार्रवाई करेगी। बीते दिन पैमाइश भी हो चुकी है।

ग्रामीणों ने कहा कि वे ज्यादातर दिहाड़ी मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। उनके पास न तो कोई स्थायी रोजगार है और न ही इतनी आय कि मकान गिरने की स्थिति में किराये पर कहीं और घर ले सकें। उन्होंने सवाल किया कि यदि उनके घर ढहा दिए गए तो उनके परिवार आखिर कहां जाएंगे।

प्रदर्शन में सचिन कुमार, मैनपाल, ब्रहमपाल सिंह, तेजपाल, जय सिंह, संजय कुमार, श्रवण कुमार, शहीद, रविंद्र सिंह, रामभजन आदि ग्रामीण शामिल रहे। सभी ने एकजुट होकर सरकार और प्रशासन से गुहार लगाई कि उन्हें उजाड़ने के बजाय उनके मकानों को नियमित किया जाए, ताकि उनके परिवार सुरक्षित रह सकें।

# योगी सरकार की पुलिस ने तीन दिन में खोए 12 लोगों को अपनों से मिलाया, खिले चेहरे

लखनऊ, 25 सितंबरः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश भर में चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत पिछले तीन दिनों में 12 (गुमशुदा, भटके) बच्चे, बालिकाओं और महिलाओं को बरामद किया गया। वहीं सभी को पुलिस ने गुमशुदा को परिजनों को सौंपा तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

**भटके बच्चे मिले तो खिल उठे परिजनों के चेहरे**

डीजीपी राजीव कृष्ण ने बताया कि सीएम योगी के निर्देश में पूरे प्रदेश में मिशन शक्ति 5.0 अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत गुमशुदा लोगों की बरामदगी के लिये सर्च ऑपरेशन चलाया गया।

# भगवान श्री राम चंद्र जी का अपने भाई भरत से पुनर्मिलन देख दर्शक भावुक हो गए

**मन्नू शर्मा पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब**



जैतो,25 सितंबरः स्थानीय राम लीला मैदान में श्री रामा कृष्णा ड्रामाटिक क्लब द्वारा चल रही संगीतमय रामलीला की छठी रात्रि में आज भरत मिलाप का मंचन बहुत ही खूबसूरत ढंग से पेश किया गया, जिसमें मुख्य आकर्षण भरत का अपने भाई श्री राम जी को खोजने के लिए वन में जाना और एक भाई का अपने भाई के प्रति प्रेम व निस्वार्थ त्याग रहा। यह भावुक दृश्य देखने लायक था क्योंकि अनेक दर्शकों विशेष कर औरतों के आंखों में आंसू बहाने नजर आए।भरत की भूमिका अभिषेक डोड ने निभाई जबकि शत्रुघ्न की भूमिका दीपांशु गोयल ने बखूबी निभाई। भरत मिलाप के इस मंचन में दिखाया गया कि भरत भगवान श्री राम से कहते हैं कि वह अयोध्या में राज नहीं करेंगे, राज करने का अधिकार केवल भगवान श्री राम को है। इस पर भगवान श्री राम ने भरत को समझाया कि चूंकि पिता ने तुम्हें राज्य दिया है, इसलिए तुम्हें ही इसका संचालन करना होगा। इस पर भरत ने कहा कि मैं तुम्हारे पदों को राजसिंहासन पर रखकर राज करूंगा और भगवान जी के पदों को लेकर अयोध्या लौट आए। इस अवसर पर क्षेत्र की सभी समाजसेवी संस्थाओं ने गणेश जी व माता सरस्वती की आरती उतारकर लीला का शुभारंभ किया और संस्था ने उन्हें स्मृति चिन्ह भी भेंट किया। इस मौके पर श्री रामा कृष्णा ड्रामाटिक क्लब जैतो के चेयरमैन ईश्वर जिंदल, प्रधान मानक शाह, सोनू वर्मा, महासचिव सोनू फैटी गर्ग,डागरकांत शर्मा, अंकुर गर्ग, अमन बांसल, नरेश मित्तल, अशोक गर्ग, प्रेस सचिव सोनू लूंबा और रामलीला क्लब के सभी सदस्य मौजूद थे।श्री रामा कृष्णा ड्रामाटिक क्लब जैतो के कलाकार रामलीला मैदान में लीला का मंचन पेश करते हुए।

# जनशताब्दी एक्सप्रेस में नाबालिग बच्ची मिली , रेलवे स्टाफ ने सुरक्षित उसके परिजनों तक पहुँचाने की जिम्मेदारी निभाई

**(रघुनंदन पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)**

जैतो,25 सितंबर : फिरोजपुर रेल मंडल के एक अधिकारी ने आज 25 सितम्बर को को बताया कि फिरोजपुर मंडल के ट्रेन संख्या 12053 (हरिद्वार-अमृतसर जनशताब्दी एक्सप्रेस) में ड्यूटी पर तैनात टीटीआई श्री संजीव शर्मा जिनका मुख्यालय अमृतसर है, उन्होंने अनारक्षित कोच में टिकट चैकिंग के दौरान लगभग 12-13 वर्ष की एक अकेली बच्ची को देखा। श्री संजीव शर्मा ने अत्यंत जिम्मेदारी और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए तत्काल वाणिज्य नियंत्रण कक्ष अंबाला से संपर्क किया तथा बच्ची को अंबाला स्टेशन पर आरपीएफ स्टाफ को सौंपा। आरपीएफ द्वारा आवश्यक कार्रवाई करते हुए बच्ची को सुरक्षित उसके परिजनों तक पहुँचाने की व्यवस्था की गई।वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री परमदीप सैनी ने बताया कि टीटीई श्री संजीव शर्मा की त्वरित कार्रवाई और सतर्कता के परिणामस्वरूप एक बच्ची सुरक्षित अपने परिवार तक पहुँच सकी। अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए उन्होंने अत्यंत तत्परता और जिम्मेदारी का परिचय दिया जो रेलवे की छवि को गौरवान्वित करती है साथ ही यह समस्त रेलकर्मियों के लिए अनुकरणीय उदाहरण भी प्रस्तुत करती है।हरिद्वार -अमृतसर जनशताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन में तैनात टी.टी.आई.संजीव शर्मा अमृतसर नाबालिग लड़की को रेलवे पुलिस को सौंपते हुए जिसे बाद में उसे परिजनों के हवाले किया गया।



# श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की 350वीं शहीदी शताब्दी:

## असम से शुरू हुआ शहीदी नगर कीर्तन, करीम नगर, तेलंगाना से हैदराबाद के लिए रवाना

**(रघुनंदन पराशर जैतो दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**



अमृतसर/जैतो, 25 सितंबर : श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की 350वीं शहीदी के उपलक्ष्य में, गुरुद्वारा धोबाडी साहिब, असम से शुरू हुआ शहीदी नगर कीर्तन आज गुरुद्वारा साहिब गोबिंद नगर, करीम नगर, तेलंगाना से हैदराबाद के लिए रवाना हुआ। नगर कीर्तन के रवाना होने से पहले, गुरुद्वारा साहिब में एक धार्मिक दीवान का आयोजन किया गया, जिसमें श्री दरबार साहिब के हजूरी रागी जत्थे ने गुरबाणी कीर्तन किया। इस दौरान सचखंड श्री हरमंदिर साहिब के ग्रंथी सिंह साहिब ज्ञानी सुल्तान सिंह ने भी नौवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी का जीवन परिचय संगत के साथ साझा किया। उन्होंने श्रद्धालुओं से गुरु साहिब के जीवन से प्रेरणा लेने और बाणी बाना के वाहक बनने का आह्वान किया। नगर कीर्तन के प्रस्थान के समय गुरुद्वारा साहिब के आयोजकों ने पंज प्यारे साहिबानों और उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों को सिरोपा भेंट किया। इस ऐतिहासिक नगर कीर्तन के प्रति विभिन्न धर्मों के लोगों में अपार श्रद्धा थी और श्रद्धालुओं ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की पालकी पर पुष्प वर्षा कर अपनी श्रद्धा अर्पित की। रास्ते में सरदार जसबीर सिंह लोहियां व उनके परिवार ने पालकी और बख्तरबंद वाहनों पर तेल की सेवा की। इस अवसर पर शिरोमणि कमेटी के जूनियर मीत बलदेव सिंह कल्याण, मीत सचिव कुलदीप सिंह रोडे, इंचार्ज सरदार गुरमेज सिंह, मैनेजर नरिंदर सिंह मथडेवाल, सुपरवाइजर हरभजन सिंह, हरविंदर सिंह वेरका, राम सिंह मुंबई, मुख्य प्रचारक भाई जगदेव सिंह, प्रचारक भाई हरजीत सिंह सुल्तानपुर लोधी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। असम से शुरू हुए तेलंगाना से शुरू होकर हैदराबाद के लिए रवाना हुए शहीदी नगर कीर्तन का दृश्य।

# फिरोजपुर रेल मंडल में 'एक दिन, एक घंटा, एक साथ के अंतर्गत श्रमदान दिवस का आयोजन

**(रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**



जैतो,25 सितंबर : पंजाब के फिरोजपुर मंडल में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 तक स्वच्छता ही सेवा अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में, आज 25 सितम्बर 2025 को एक दिन, एक घंटा, एक साथ कार्यक्रम के अंतर्गत सुबह 8 बजे से 9 बजे तक फिरोजपुर मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों, रेलवे कॉलोनियों, आरपीएफ बैरकों एवं अन्य स्थानों पर व्यापक श्रमदान किया गया। इस श्रमदान कार्यक्रम में फिरोजपुर कैंट, अमृतसर, लुधियाना, जलंधर सिटी, जलंधर कैंट, ब्यास, फाजिल्का सहित मंडल के अन्य स्टेशनों एवं रेलवे कॉलोनियों में रेलवे अधिकारियों, कर्मचारियों, विभिन्न गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) तथा स्काउट-गाइड ने सक्रिय रूप से भाग लिया। पोस्टर, बैनर, फ्लेक्स एवं प्रसारण के माध्यम से रेलयात्रियों एवं आमजनमानस को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए साफ-सफाई हेतु प्रेरित किया गया।इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक श्री संजीव कुमार के नेतृत्व में मंडल चिकित्सालय के पीछे स्थित क्षेत्र में 100 से अधिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने व्यापक श्रमदान किया। कूड़े एवं खर-पतवार की सफाई कर परिसर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाया गया। मंडल रेल प्रबंधक ने इस अवसर पर आमजन से अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपने दैनिक जीवनचर्या में स्वच्छता को शामिल करें। स्वच्छ वातावरण न केवल स्वस्थ जीवन देता है, बल्कि धनात्मक ऊर्जा का संचार भी करता है।

# इंटर डिविजनल हॉकी टूनार्मेंट में फिरोजपुर मंडल की टीम ने शानदार प्रदर्शन कर फाइनल में जगह बनाया

**(रघुनंदन पराशर जैतो चीफ ब्यूरो पंजाब दैनिक समाज जागरण नोएडा)**

जैतो,25 सितंबरःउत्तर रेलवे के फिरोजपुर मंडल में आयोजित इंटर डिविजनल हॉकी टूनार्मेंट के सेमीफाइनल मैच में फिरोजपुर मंडल की टीम ने अंबाला मंडल की टीम को 5-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सेमीफाइनल मैच में दिल्ली मंडल की टीम ने लखनऊ मंडल की टीम को पेनल्टी स्टॉक द्वारा हराकर फाइनल में जगह बनाई। शहीद भगत सिंह स्टेडियम फिरोजपुर में इंटर डिविजनल हॉकी प्रतियोगिता का फाइनल मैच 26-09-2025 को शाम 4:00 बजे फिरोजपुर मंडल एवं दिल्ली मंडल की टीमों के बीच खेला जाएगा। फिरोजपुर मंडल की हॉकी टीम के कोच पूर्व ओलंपिक खिलाड़ी श्री बलविंदर सिंह शम्मी जो वर्तमान में भारतीय हॉकी टीम के चयनकर्ता भी है के मार्गदर्शन में फाइनल में स्थान बनाया जो एक बड़ी उपलब्धि है। मंडल रेल प्रबंधक श्री संजीव कुमार तथा वरिष्ठ मंडल खेल अधिकारी श्री राहुल देव ने इंटर डिविजनल हॉकी टूनार्मेंट में टीम के शानदार प्रदर्शन पर उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के फामेर्सी विभाग ने "थिंक हैल्थ,थिंक फार्मासिस्ट" थीम पर विश्व फार्मासिस्ट दिवस का किया आयोजन

## सीबीएलयू में विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया गया

**दैनिक समाज जागरण,**
**[ महेन्द्र जावला बहल ]**



भिवानी, 25 सितंबर । चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के फामेर्सी विभाग ने "थिंक हैल्थ,थिंक फार्मासिस्ट" थीम पर विश्व फार्मासिस्ट दिवस का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वास्थ्य देखभाल में फार्मासिस्टों की महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करना और भविष्य के पेशेवरों को नैतिक मूल्यों को बनाए रखने और नवीन फार्मास्युटिकल प्रथाओं में योगदान करने के लिए प्रेरित करना था।

कार्यक्रम के दौरान, विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें क्विज प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग और रंगोली डिजाइनिंग शामिल थीं। इन गतिविधियों में एम.फार्म और बी.फार्म के छात्रों ने सक्रिय भाग लिया और अपनी रचनात्मकता और फामेर्सी पेशे के प्रति अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिताओं के लिए निर्णायक मंडल में प्रो. नीरू वासुदेव, डॉ. दीपक अनेजा और डॉ. मोनिका मिगलानी शामिल थे।

प्रतियोगिताओं के अलावा, छात्रों द्वारा एक वृक्षारोपण अभियान भी आयोजित किया गया।

इस अवसर पर डीन प्रो. नितिन बंसल ने सभी प्रतिभागियों और विजेताओं को बधाई दी और उनकी उत्साह और रचनात्मकता की प्रशंसा की। उन्होंने छात्रों को अपने पेशेवर सफर में नैतिक अभ्यासों को बनाए रखने और फामेर्सी उद्यमिता और स्टार्टअप्स में अवसरों का अन्वेषण करने के लिए प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम का समापन छात्रों और संकाय सदस्यों के बीच एक नए उद्देश्य और प्रतिबद्धता के साथ हुआ, जिसने सार्वजनिक स्वास्थ्य और कल्याण में फार्मासिस्टों के महत्वपूर्ण योगदान को मजबूत किया। इस अवसर पर फार्मास्युटिकल साइंसेज विभाग से डॉ नीलम ,डॉ रीना श्योराण डॉ आकाशदीप सहित सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

# लोहारू में ताऊ देवीलाल के अनुयायियों ने एकत्र होकर उनके 112 वें जन्मदिन पर 112 किलों लड्डुओं का केक काटकर मनाया जन्मदिन

## कार्यक्रम के आयोजक एवं पूर्व जिला प्रधान विजय सिंह गोठड़ा ने छोड़ी जजपा लोहारू में चौधरी देवीलाल के जन्मदिन अवसर पर किया गैर राजनीतिक मंच का गठन

## चौधरी देवीलाल के जिले भर में सरकारी एवं गैर सरकारी स्मारकों को नवगठित चौधरी देवीलाल मंच ने लिया गोद।

**दैनिक समाज जागरण,**
**[ महेन्द्र जावला बहल ]**







बहल, 25 सितंबर। बृहस्पतिवार को लोहारू में ताऊ देवीलाल के अनुयायियों ने एकत्र होकर उनके 112 वें जन्मदिन पर 112 किलों लड्डुओं का केक काटकर मनाया गया। जन्म दिन कार्यक्रम के आयोजक विजय सिंह गोठड़ा ने हजारों ताऊ समर्थकों को संबोधित करते हुए धनाना गांव में युवकों द्वारा ताऊ देवी लाल की मूर्ति पर फोटो शूट करने ओर पानीपत की यूट्यूबलर द्वारा ताऊ के लिए आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग करने की घटना की जिक्र करते हुए कहा कि आज की युवा पीढ़ी चौधरी देवीलाल के बारे में ना जानना चिंता का विषय है। इसके लिए पहले नंबर पर उनके परिवारिक कलह को दोष देते हुए कहा कि दूसरे नंबर पर हम चौधरी देवीलाल के अनुयायी दोषी है। उन्होंने उपस्थित जनों से आहवान किया कि अपनी अगली पीढ़ी को चौधरी देवी लाल के संघर्ष, विचार ओर नितियों से अवगत करवाए। अपने पीते पोतियों, दोहते, दोहतियों को आजादी के उनके योगदान से लेकर किसान कमरे के लिए किए गए संघर्ष की जानकारी दे। प्रत्येक देवीलाल भक्त अपने घर में उनकी फोटो लगवाए। ओर उन्होंने सभी को अपनी तरफ से ताऊ का चित्र भेट किया। गोठड़ा ने देवीलाल समर्थकों की सर्वसम्मति से जगत ताऊ, देवीलाल विचार मंच के गठन की घोषणा की ओर इस मंच के माध्यम से देवीलाल की नीतियों ओर विचारों को युवा पीढ़ी तक पहुंचने का संकल्प लिया। उन्होंने घोषणा कि की भिवानी जिले में जितने भी ताऊ देवी लाल के नाम से सरकारी ओर गैर सरकारी स्मारक है उनको नवनिर्मित मंच ने आज से ही गोद लिया है। ओर उनके रखरखाव करने का संकल्प लिया ओर उन्होंने आज ही लोहारु में देवी लाल चौक का नामांकन पट का अनावरण किया।

गोठड़ा ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि वो अपनी आगे की गतिविधि इसी नवगठित मंच के माध्यम से चलाएंगे इसलिए उन्होंने मंच से जेजेपी की प्राथमिक सदस्यता को तिलांजलि दे दी।

गोठड़ा ने कहा कि देवीलाल समर्थकों की यह आत्मिक इच्छा है कि परिवार के लोग एक मंच पर इकठ्ठा हो। ओर अगर एक मंच पर नहीं हो सकते है तो कम से कम एक दूसरे के प्रति मर्यादित ओर संतुलित भाषा का प्रयोग करते हुए परिवार की गरिमा ओर प्रतिष्ठा बनाए रखे। उन्होंने चौटाला साहब ओर चौधरी रणजीत सिंह के राजनीतिक मतभेदों को याद करते हुए कहा कि उन्होंने कभी एक दूसरे के प्रति अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल नहीं किया। उन्होंने उपस्थित जनों से आह्वान किया कि चौधरी देवीलाल के नाम से राजनीतिक लाभ लेने वालो से सावधान रहकर उनकी नीतियों पर चलने वाले का समर्थन करने पर बल दिया।

उन्होंने युवा देवीलाल के नाम से प्रचारित होने पर प्रश्न चिन्ह लगाते हुए चौधरी ओम प्रकाश चौटाला की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने प्रारंभिक गलतियां को सुधार कर लंबा संघर्ष कर चौधरी देवी लाल की नीतियों को आगे बढ़ाया। गोठड़ा ने अजय सिंह चौटाला की तारीफ करते हुए कहा कि उनमें जननेता के गुण है ओर उनमें ताऊ का दौर वापस लाने का मादा था ।पर किस्मत का मारा कहते हुए कहा कि अजय सिंह चौटाला की बिना कुसूर जेल, परिवारिक कलह ओर पार्टी की टूटन ने उनका राजनीतिक वध कर दिया। उन्होंने अभय चौटाला के बारे में एक शब्द भी नहीं बोला। हाजरी की दृष्टि से अच्छी सभा को गोठड़ा ने अपने 40 मिनिट के धारदार, धारा प्रवाह, सारगर्भित भाषण से सब को मंत्रमुग्ध कर दिया। आज की सभा का प्रोफेसर अत्तर सिंह ने संचालन किया ओर चौधरी देवीलाल के कई वयोवृद्ध साथियों के अलावा प्रमुख रूप से किसान नेता बलबीर ठाकन जग रोशन ,रवि आजाद, प्रोफेसर करण सिंह, डॉक्टर धर्मेंद्र, प्रकाश पंवार, आजाद सरपंच, व्यापारी नेता विष्णु केडिया, प्रदीप गोयल, रामकुमार ढिल्लो, आदि ने संबोधित किया।

# बीआरसीएम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में ऑडियो-वीडियो साइंस प्रश्नोत्तरी का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण,**
**[ महेन्द्र जावला बहल ]**





बहल, 25 सितंबर। बीआरसीएम. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में बीआरसीएम क्लब ऑफ नोबल्स (बीकॉन क्लब) द्वारा दो दिवसीय ऑडियो-वीडियो साइंस प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता को दो चरणों में विभाजित किया गया। पहले चरण में आयोजित लिखित परीक्षा में 140 छात्र-छात्राओं (70 टीमों) ने भाग लिया। यह 30 मिनट की परीक्षा तर्क, विज्ञान, गणित और अंग्रेजी पर आधारित 40 प्रश्नों से सम्पन्न हुई। इस चरण से चयनित 16 छात्र-छात्राओं की 8 टीमें दूसरे दिन के ऑडियो-वीडियो राउंड में पहुँचीं। दूसरे दिन की प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने पाँच चरणों – स्क्रीन प्रश्न-उत्तर राउंड, रैपिड फायर राउंड, सिंबल आइडेंटिफिकेशन राउंड, नोबल प्राइज विनर आइडेंटिफिकेशन राउंड एवं प्रश्न-उत्तर राउंड – में अपनी ज्ञान-प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कड़े मुकाबले के बाद आइंस्टीन टीम राज्यवर्धन सिंह राठौर एवं शिवम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान न्यूटन टीम सचिन एवं योगराज और तृतीय स्थान डेल्टन टीम साक्षी एवं कोमल को मिला। कार्यक्रम में बी.आर.सी.एम. एजुकेशन सोसाइटी के निदेशक डॉ. एस. के. सिन्हा मुख्य अतिथि रहे, जबकि बी.आर.सी.एम. लॉ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार शुक्ला विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य डॉ. अनुज कुमार शर्मा ने की। मुख्य अतिथि डॉ. एस. के. सिन्हा ने विजेताओं को पुरस्कृत किया और कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होती हैं। उन्होंने बीकॉन क्लब के संरक्षक डॉ. जितेंद्र गौड़ एवं समन्वयक डॉ. अंजू शर्मा को आयोजन की सफलता पर हार्दिक बधाई दी। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. जितेंद्र गौड़ ने किया और सफल आयोजन के लिए पूरी टीम की सराहना की। कार्यक्रम में डॉ. विवेक कुमार , रजिस्ट्रार पवन पंघाल, सुरेश कुमार, अमित रंजन, रविंदर, रजनीश, विनोद, अनीता दलाल, मनीषा कुमारी, ज्योति, विकास शर्मा, दीपिका सहित अनेक प्राध्यापक एवं स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# सरकार द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर व सशक्त करने के लिए दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना से महिलाओं का जीवन होगा खुशहाल : पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल

## एक लाख तक आय वाली प्रदेश की 22 लाख महिलाओं को योजना के पहले चरण के तहत मिलेगा 2100 रुपए प्रति माह का लाभ : जेपी दलाल

## पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल ने लोहारू के बीडीपीओ कार्यालय में आयोजित दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना कार्यक्रम को किया संबोधित

**दैनिक समाज जागरण,**
**[ महेन्द्र जावला बहल ]**

बहल- लोहारू,25 सितंबर। प्रदेश के पूर्व कृषि एवं वित्त मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर व सशक्त करने के लिए दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि एक लाख तक आय वाली प्रदेश की 22 लाख महिलाओं को योजना के पहले चरण के तहत 2100 रुपए प्रति माह का लाभ मिलेगा। इस योजना से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाओं का जीवन खुशहाल होगा। उन्होंने कहा कि विश्व मानता है आज भारत देश तेज गति से विकसित राष्ट्र बनने और विश्व की तीसरी मजबूत अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 11 साल के शासनकाल में हर वर्ग की भलाई और आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए कार्य किया है। सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा दिखाए गए। मार्ग अंत्योदय की भावना से कार्य कर रही है। पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल वीरवार को बीडीपीओ कार्यालय में आयोजित दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।इस दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया और निशुल्क चश्मा वितरित किए गए। पूर्व मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि आज पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी का जन्मदिवस है। उनका जीवन संघर्षों का प्रतीक था। उनका अंत्योदय सिद्धांत तो ऐसा दीपक है, जो सबसे निचले पायदान पर खड़े व्यक्ति को सबसे पहले रोशन करता है। ह्यअंत्योदयह्य अर्थात समाज का अंतिम व्यक्ति, गरीब किसान, मजदूर बहन, ग्रामीण युवा का उत्थान ही राष्ट्र का उत्थान है। उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज के अंतिम व्यक्ति, अंत्योदय की सेवा के लिए समर्पित कर दिया।

हमें उनके विचारों से प्रेरणा लेने और राष्ट्रनिर्माण की दिशा में आगे बढ़ने का संकल्प दिलाता है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने विधानसभा चुनाव-2024 के समय अपने संकल्प पत्र में महिलाओं को हर माह 2,100 रुपये की वित्तीय सहायता देने का संकल्प लिया था। हमारे लिए हमारा संकल्प पत्र गीता के समान पवित्र है। वर्ष 2025-26 के बजट में मुख्यमंत्री ने पांच हजार करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान कर दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना की घोषणा की थी। इस योजना के तहत, राज्य की पात्र महिलाओं को प्रतिमाह 2,100 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। इस योजना का लाभ 23 वर्ष से 60 वर्ष की आयु की उन विवाहित व अविवाहित बहनों को मिलेगा, जिनके परिवार की सालाना आय एक लाख रुपये से कम है। पात्र महिलाओं व माताओं को 2,100 रुपये मासिक आर्थिक सहायता उनके बैंक खातों में दी जाएगी।

प्रदेश की लगभग 22 लाख माताओं बहनों को लाभ मिलेगा आज मुख्यमंत्री इसके लिए लाडो लक्ष्मी ऐप को लांच किया है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए पानीपत से बीमा सखी योजना का शुभारंभ किया था। प्रधानमंत्री जी ने महिलाओं को सशक्त करने के लिए ह्यड्रोन दीदी और लखपति दीदी योजनाएं भी शुरू की हैं। हम इन्हें प्रदेश में पूरी तरह लागू कर रहे हैं। हमने 5 लाख महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा है। अब तक 2 लाख 13 हजार महिलाओं को लखपति दीदी बनाया जा चुका है। इसी प्रकार, ड्रोन दीदी योजना में 100 महिलाओं को मुफ्त ड्रोन व प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इस साल 100 और महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। गरीब महिलाओं को अपनी रसोई चलाने के लिए हर महीने केवल 500 रुपये में गैस सिलेंडर दिया जा रहा है। यह लाभ प्रदेश के लगभग 18 लाख परिवारों को मिल रहा है। बहन-बेटियों को उच्च शिक्षा देने के लिए प्रदेश में खोले गये 80 कालेजों में से 30 लड़कियों के हैं। महिलाओं की आजीविका के अवसर बढ़ाने के लिए एक-तिहाई राशन डिपो महिलाओं को देने का प्रावधान किया गया है। पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि आज भारत की विकसित राष्ट्रों से तुलना की जाती है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत के महाशक्ति के रूप में उभर रहा है। पूर्व कृषि मंत्री ने कल ही सरकार द्वारा हल्के में नियुक्त किए गए मार्केट कमेटी के चेयरमैन, वाइस चेयरमैन और नगरपालिका के उपप्रधान को शुभकामनाएं और बधाई दी।

उन्होंने कहा कि लोहारू से दिल्ली एयरपोर्ट तक हाईवे, लोहारू, बहल तथा सिवानी में ओद्योगिक क्षेत्र स्थापित करवाने को लेकर उनका प्रयास जारी रहेगा।।उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार नीति बनाकर हर वर्ग की भलाई के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत की आज विश्व में अलग ही पहचान बनी है, देश ने अपने खोई हुई साख को फिर से हासिल किया है। देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेना मजबूत हुई है।आतंकवाद और नक्सलवाद खत्म हुआ है। आधारभूत ढांचा मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि 11 वर्षों के दौरान प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है और सरकार ने नई टेक्नोलॉजी को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों और एयरबेस को ध्वस्त किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने भारतीय सेना को पाकिस्तान को करारा जवाब देने के लिए खुली छूट दी, जिसका परिणाम दुनिया ने अपनी आंखों से देखा। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जो मिसाइल और डिफेंस सिस्टम अपनाया गया, वह हमारे स्वदेशी तकनीक थी। आज भारत रक्षा के मामले में आत्मनिर्भर है और रक्षा उपकरणों का निर्यात कर रहा है। जेपी दलाल ने कहा कि श्री मोदी के नेतृत्व में देश ने हर क्षेत्र में तरक्की की है। श्री मोदी सरकार में 99 फीसदी गांव सड़क कनेक्टिविटी से जुड़ चुके हैं। उन्होंने कहा कि देश में प्रतिदिन 34 किलोमीटर हाईवे का निर्माण हो रहा है। रेलवे के बजट को 9 गुना बढ़ाया गया है। रेलवे ओवर ब्रिज का हाईवे का निर्माण करवाया गया।इसी प्रकार से 136 बंदे भारत ट्रेन चल रही हैं, जिससे लोगों का ट्रेन में सफर आसान हुआ है। उन्होंने कहा कि लोगों की सुविधा के लिए 103 अमृत भारत स्टेशन पुनर्निमित किए गए हैं। हवाई सफर को देश के आम जन तक की सुगम ढंग से पहुंचने का काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि महिलाओं को सशक्त और मजबूत बनाने के लिए सरकार नई योजनाएं लागू कर रही है।

एसडीएम मनोज दलाल ने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया और दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

इस अवसर पर एसडीएम मनोज दलाल, रिटायर्ड पीएमओ डॉ एडविन, एसएमओ डॉ गौरव चतुर्वेदी, डॉ विकाश,डॉ खुशबू, डॉ सोनिका,बीडीपीओ विनोद सांगवान, तहसील कल्याण अधिकारी अतुल ढुल , एसईपी ओ दीपक शर्मा, पंचायत समिति के चेयरमैन प्रतिनिधि कृष्ण मान, नगर पालिका के अध्यक्ष बंटी तायल,मार्केट कमेटी के अध्यक्ष संजय नेहरा, वाइस चेयरमैन सुभाष सैनी, व्यापार मंडल के प्रधान धनपत सैनी, विजय शेखावत ,कमलेश भोड़ूका, मंडल अध्यक्ष रोहतास, पूर्व मंडल अध्यक्ष कैप्टन रामफल, रोहतास लंबा, दौलत रामसोलंकी, महेश गांधी, मीना, जयवीर, सचिन श्योराण सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी और अनेक महिलाएं उपस्थित रही।

# संचारी रोगो पर नियंत्रण के लिए सबकी सामूहिक जिम्मेदारी बद्री प्रसाद वर्मा

### विकास खंड हरहुआ में संचारी रोगो के संबंध मे कार्यशाला संपन्न

समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ वाराणसी संचारी रोग समाज के लिए अभिशाप है,हमे स्वयं और समाज को स्वस्थ और सुरक्षित रखना है तो डेंगू और अन्य संचारी रोगो पर नियंत्रण के लिए सामूहिक जिम्मेदारी निभानी होगी। ग्रामप्रधान व सचिव ग्राम पंचायतों में पूरे मनोयोग से अपना दायित्व निभाएं।



उपरोक्त बातें बीडीओ हरहुआ बद्री प्रसाद वर्मा ने ब्लाक सभागार मे संचारी रोगो के संबंध मे ग्राम प्रधानो और सचिवों की बैठक मे कहीं।

बीडीओ बद्रीप्रसाद ने कहा कि संचारी रोगो पर समय रहते ध्यान न दिया गया तो स्थितिया भयावह हो सकती है। ऐसे में सभी ब्लाक स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी समझें और पूरा करें। प्रभारी चिकित्साधिकारी हरहुआ डॉ0 संतोष कुमार ने कहा कि 5 अक्टूबर से31 अक्टूबर तक संचारी व 11अक्टूबर से 31 तक दस्तक अभियान में संचारी रोगो तथा साफ-सफाई के प्रति ग्रामपंचायत स्तरीय कर्मी अपनी जिम्मेदारी समझे और नियंत्रण अभियान को सफल बनायें ताकि समय से नियंत्रित किया जा सके।डेंगू बीमारी ,कुपोषित ,एनिमिक व गम्भीर बीमारी से ग्रसित की सूचना स्वास्थ्य केंद्र पर अवश्य दें। बैठक मे बीडीओ बद्री प्रसाद वर्मा , पीएचसी प्रभारी हरहुआ डॉ0संतोष कुमार, बीपीएम बसंत लाल श्रीवास्तव स्वास्थ्य निरीक्षक राकेश कुमार निरीक्षक वीरेंद्र कुमार सिंह , ग्राम प्रधान, सेक्रेटरी और पंचायत सहायक उपस्थित रहे।

# डीपीआरओ ,बीडीओ हरहुआ ने कर्मचारियों संग झाड़ू लगाकर किया साफ सफाई।

### सांसद स्वच्छता पखवाड़ा के तहत हरहुआ ब्लाक क्षेत्र में चली सफाई कार्य।

समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ वाराणसी। हरहुआ ब्लाक क्षेत्र में आज गुरुवार को सांसद स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के तहत ब्लाक प्रांगण सहित ग्राम पंचायतों में अभियान के



तहत साफ सफाई अभियान चला।ग्राम पंचायत औरां में जिला पंचायत राज अधिकारी आदर्श कुमार ने प्राथमिक विद्यालय में ग्राम पंचायत के प्रधान,सदस्यों, कर्मियों के साथ बजरंग बली मंदिर के पास झाड़ू लगाकर साफ सफाई किया साथ ही परिसर में पौधरोपण किया। वहीँ ब्लाक प्रांगण में बीडीओ बद्री प्रसाद वर्मा ,

एडीओ पंचायत रवि सिंह ग्राम पंचायत अधिकारी सौरभ चंद्र श्रीवास्तव,चंचल रेड्डी,ग्राम प्रधान प्रतिनिधि संजय कुमार,प्रधानाध्यापक पंकज कन्नौजिया, सहायक अध्यापक रविंद्र कुमार, रमेश कुमार पांडेय,ओंकार राम,दिनेश राजभर ,राजकुमार ,संजय यादव ,सिजमुद्दीन तथा सोमारु प्रसाद समेत दर्जनों सफाई कर्मचारी शामिल रहे।

# बाइक सवार से 15 हजार की छिनैती

समाज जागरण रंजीत तिवारी

रामेश्वर वाराणसी।। लोहता थाना क्षेत्र के लोहरापुर गांव के सामने रिंग रोड फेज टू पर बुधवार की रात में आकाश वर्मा नामक युवक से 15 हजार की छिनैती हो गई। पीडित ने घटना की लिखित सूचना थाने पर दे दिया है।
बताते चले जंसा थाना क्षेत्र के लहिया गांव का आकाश वर्मा 24 वर्ष तरना में स्थित राज टीबीएस में फाईनेंस का काम करता है। उसके पिता अनिल वर्मा ने बताया की बुधवार की रात में नौ बजे वह अपनी बाईक से घर आ रहा था। जब वह वरूणा नदी का ओवर बृज पार करके। लोहरा पुर गांव के.सामने सर्विस रोड पर आया तो सडक के किनारे तीन चार नीम का पेड है। उसी के पास तीन चार लोग खडे थे। जो डंडे से आकाश के सर पर मारे लेकिन हेलमेट लगाया था। जिससे बच गया । लेकिन वह लडखडाकर बाईक सहित गिर गया। चारो आए और उसका बैंग छीन कर भागने लगे तो.वह कुछ दुर तक पिछा किया लेकिन पकड नही पाया सभी भाग गये। उन्होंने बताया की उसके बैग में 15 हजार.रूपया था। रात में ही वह 112 पर सूचना दिया । पुलिस मौंके पर पहुंच कर मौका मुआयना कर के लौट ग ई। घटना की लिखित रूप से.सूचना थाने पर दे दिया गया है। थानाध्यक्ष निकिता सिंह ने बताया की घटना संदिग्ध लग रही है।,जांच की जा रही है।

# इको प्रिज्म कलेक्टिव फाउंडेशन ने खेत दिवस का आयोजन

समाज जागरण रंजीत तिवारी

वाराणसी। गुरुवार को इको प्रिज्म कलेक्टिव फाउंडेशन द्वारा किसान खेत दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन हरिराम यादव के घर पर स्थापित बायो इनपुट रिसोर्स सेंटर पर किया गया। इस दौरान किसानों को जीवामृत, बीजामृत, डी-कम्पोजर, दस पर्णीय अर्क, कम्पोस्ट खाद,



केचुआ खाद, ह्यूमिक बेस्ड लिक्विड और डॉ. किसान चन्द्र द्वारा विकसित कल्चर (एन पी के, बैसिलस, राइजोबियम आदि) के उपयोग और लाभों की जानकारी दी गई। इको प्रिज्म संस्था के प्रोग्राम समन्वयक संजय पटेल ने कहा कि इन जैविक तकनीकों के प्रयोग से मिट्टी की उर्वरता में सुधार होगा और किसानों को कम रसायनयुक्त स्वस्थ सब्ज़ियाँ और अनाज उत्पादन करने का अवसर मिलेगा।
वहीं, बी आर सी संचालक हरिराम यादव ने किसानों को अपने अनुभव बताए और सभी को प्राकृतिक खेती से जुड़ने की अपील की। उन्होंने किसानों के लिए जलपान, सब्ज़ियों के बीज व पौधे उपलब्ध कराए और सेंटर पर बने उत्पाद ग्रामीणों को निःशुल्क देने की घोषणा की।
इस अवसर पर कुल 120 किसान उपस्थित रहे, जिनमें 80 महिलाएँ और 40 पुरुष शामिल हुए।वही संस्था प्रतिनिधि रेखा, हरीश और स्थानीय किसान महादेव, अखिलेश, रवि, सुक्खू, उदय यादव, बिन्दू यादव, कंचन, मीरा, प्रीती, लालमणि, गीता, रन्नो,अनीता सहित अन्य लोगों का सहयोग रहा।

# जीएसटी कम होने से आम लोगो में खुशी की लहर,बाजार में उपभोक्ताओं को मिल रही लाभ: त्रिभुवन राम विधायक

समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ वाराणसी अजगरा विधायक त्रिभुवन राम ने आज गुरुवार को मुनारी बाजार में कहा कि अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार पीएम नरेंद्र मोदी के गरीबों, युवाओं ,किसानों व महिलाओं सहित आमजन की सेवा के प्रति दृढ़ संकल्प का प्रमाण है। मध्यम आयवर्ग की आय बढ़ाने के लिए अवसर खोल रही है। जीएसटी सुधार के सम्बंध में पीएम का वादा पूरे देश मे लागू किया गया है। इसमें 390 वस्तुओं पर करों में ऐतिहासिक



कमी की गई है। किसान कृषि उपकरण व उर्वरक क्षेत्र में जीएसटी कमी से उत्साहित हैं और अब आम नागरिकों को वाहन खरीदने के लिए नही सोचना पड़ेगा। दैनिक उपयोग की वस्तुओं में स्वदेशी उत्पादों को ही लोग अपनाएं।

' घटी जीएसटी मिला उपहार धन्यवाद मोदी सरकार' के पत्रक को मुनारी बाजार में 500 लोगों व व्यापारियों से जीएसटी के बारे में भी चर्चा किया। तथा पत्रक को दुकानों पर विधायक त्रिभुवन राम ने स्वयं चिपकाया। जीएसटी उत्सव कार्यकताओं के साथ मनाया।

इस कार्यक्रम में भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष रामप्रकाश सिंह 'बीरू',जिला पंचायत सदस्य अंजनी नन्दन पांडेय, लक्ष्मण सिंह मण्डल अध्यक्ष चौबेपुर, पूर्व मण्डल अध्यक्ष रामजी मौर्य,
चोलापुर भाजपा मण्डल अध्यक्ष ,राजेश सिंह' जिला पंचायत सदस्य विनोद सिंह ,अशोक पांडेय,मनोज सिंह,पूर्व मण्डल अध्यक्ष चोलापुर शिवाजी सिंह, मोहन बाबू तथा पार्टी के अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता गण कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# विधायक त्रिभुवन राम ने प0 दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया याद

समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ वाराणसी अजगरा विधानसभा क्षेत्र के गोसाईपुर मोहाव में बूथ संख्या 205 अंतर्गत स्थित प0 दीन दयाल उपाध्याय के जन्म दिन पर आज गुरुवार को उनकी प्रतिमा पर पूरे समूह के साथ माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनसंघ केहन विचारक और दार्शनिक थे। प्रखर राष्ट्रवादी,उत्कृष्ट संगठनकर्ता, एकात्म मानववाद और अंत्योदय के प्रणेता एवम हम सबके पथ प्रदर्शक रहे उन्हें भुला पाना कठिन है। उनके व्यक्तित्व व



कृतित्व से राष्ट्रीयता में चमक व जागरण बनी हुई है। गरीब से गरीब व्यक्ति के जीवन मे खुशहाली देखना उनकी सपना रही।

इस कार्यक्रम में रामप्रकाश 'बीरू'आशुतोष मिश्रा, अरुणेंद्र सिंह,अपरबल सिंह, अनिल पांडेय,सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी गण, मण्डल अध्यक्ष गण,कार्यकर्ता गण ,प्रधानगण तथा अन्य सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

# स्वदेशी बेचे व स्वदेशी खरीदे के साथ विधायक ने लगाया स्टीकर

समाज जागरण आशीष कुमार गुप्ता

बाबतपुर,वाराणसी। जीएसटी दर घटने से व्यापारियों व ग्राहकों को मिलने वाले लाभ के बाबत जानकारी देने व स्वदेशी को बढ़ावा देने के लिए गुरुवार को पिंडरा विधायक डॉ अवधेश सिंह ने पिंडरा बाजार में घटी जीएसटी मिला दीवाली का उपहार का स्टीकर दुकानों पर चिपकाया। इस दौरान व्यापारियों ने मोदी योगी के समर्थन में जमकर नारे लगाए।
स्टीकर लगाने के दौरान विधायक ने जीएसटी डॉ घटने से होने वाले व्यापारियों व ग्राहकों को लाभ से अवगत कराया। तथा के इससे घरों में दीवाली में खुशियां लौटेगी।लोग खुल कर खरीददारी कर सकेंगे।



इससे केवल व्यापारी को ही नही बल्कि गांव के गरीब, मजदूर व किसान को भी लाभ मिलेगा। उन्होंने सभी से स्वदेशी सामान बेचने व खरीदने की अपील की। जीएसटी घटने से खुश व्यापारियों ने विधायक के साथ मोदी योगी के धन्यवाद ज्ञापित करते हुए जिंदाबाद के नारे लगाए। व्यापारियों ने विधायक को स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रकाश चंद, श्यामबिहारी जायसवल, रमेश जायसवल, सुनील भोजवाल, सुधांशु जायसवल, बजरंगी जायसवाल, तुषार गुप्ता, अनूप जायसवाल, बच्चा चौरसिया, अनुराग अग्रहरि, सिंद्धार्थ सिंह, अभिषेक राजपूत समेत अनेक व्यापारी रहे।

# सेवा पखवाड़े के तहत विधायक ने बच्चों को पढ़ाया स्वच्छता का पाठ

समाज जागरण आशीष कुमार गुप्ता

बाबतपुर,वाराणसी । भारतीय जनता पार्टी के पुरोधा पं. दीनदयाल उपाध्याय के जयंती पर पिण्डराई में स्थित कस्तूरबा गांधी विद्यालय में विधायक डॉ0 अवधेश सिंह ने सेवा पखवाड़ा के तहत झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया और बच्चा को स्वच्छता का पाठ पढ़ाया। इस दौरान कस्तूरबा गांधी महिला विद्यालय सहित प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान अध्यापक व बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए परिसर को गंदगी मुक्त रखने का निर्देश दिया। वही दूसरी तरफ ग्रामीणों के बीच अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि प0 दीनदयाल उपाध्याय का जीवन हमेशा समाज के अंतिम व्यक्ति के विकास के लिए समर्पित रहा। उनकी सोच रही कि समाज का अंतिम व्यक्ति समृद्ध रहे।उसके बाद पावर



हाउस पिण्डरा परिसर में आयोजित बिजली विभाग मेगा कैम्प में उपस्थित होकर क्षेत्रवासियों के समस्याओं को सुना और निस्तारण का निर्देश दिए। इस दौरान खराब मीटर व गलत बिल से सम्बंधित30 मामले आये। जिसमे मौके पर ही 18 मामलों का निस्तारण कर दिया गया। इस मुख्य अभियंता राकेश पांडेय, एक्सईएन हेमंत सिंह, एसडीओ गुलाबचंद, बीडीओ देवेंद्र सिंह, जिलाउपाध्यक्ष पवन सिंह, जिलामहामंत्री डॉ. जे पी दुबे, मण्डल अध्यक्ष सुनील दत्त वर्मा, बसंत उपाध्याय, ग्राम प्रधान राजेन्द्र पटेल, अरुण सिंह बिन्नी, अवधेश सिंह गुल्लु, रमेश पटेल, एडीओ पंचायत अशोक चौबे,अतुल रावत समेत अनेक भाजपा कार्यकर्ता व गणमान्य लोग रहे। वही सेवा पखवाड़ा के तहत फूलपुर व्यापार मंडल व क्षेत्र के परिषदीय स्कूलों में स्वच्छता अभियान के तहत साफ सफाई की गई।

# दिव्यांग बच्चों के साथ हुई अभिभावकों की काउंसिलिंग

समाज जागरण आशीष कुमार गुप्ता

बाबतपुर,वाराणसी। समग्र शिक्षा (समेकित) अभियान के तहत गुरुवार को बीआरसी मंगारी में पैरेंट्स काउंसिलिंग का आयोजन किया गया।जिसमें दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों को दिव्यांगों को मिलने वाली सुविधाओं ,उपकरण, शिक्षा के प्रकार इंस्पासरशीप योजना,स्कॉलरशिप योजना के तहत मिलने वाली धनराशि के बाबत विस्तृत जानकारी दी। काउंसलर फिजियोथेरेपिस्ट दिनेश कुमार मौर्य ने दिव्यांगता को दूर करने के उपाय बताया। इस दौरान कॉन्सलर रामबली, सतीश सिंह, गायत्री देवी राजकुमार सिंह व वीरेंद्र विश्वकर्मा ने अभिभावकों को विभिन विषयो पर जगरुक करते हुए जानकारी दी और योजनाओं के लाभ उठाने का आह्वान किया। इस दौरान दर्जनों अभिभावक दिव्यांग बच्चों के साथ काउंसिलिंग के समय उपस्थित रहे।

# दुष्कर्म के आरोपी को किया गया गिरफ्तारी

समाज जागरण रंजीत तिवारी

रामेश्वर वाराणसी।। जंसा पुलिस को मिली मुखबीर से जानकारी के बाद से दुष्कर्म के आरोपी प्रांशु उर्फ प्रियांश को बरेमा गांव में पास आज गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त प्रांशु सिंह और पीड़िता पहले एक दूसरे को जानते थे।वही पीड़िता ने जबदस्ती दुष्कर्म किया था।पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही में जुट गई।

# ब्लॉक स्तरीय गणित ओलम्पियाड में साक्षी ने मारी बाजी

समाज जागरण आशीष कुमार गुप्ता

बाबतपुर,वाराणसी । ब्लॉक स्तरीय गणित ओलंपियाड की परीक्षा गुरुवार को बीआरसी मंगारी में संपन्न हुई। जिसमें कुल 47 कंपोजिट विद्यालय,उच्च प्राथमिक विद्यालय और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के छात्र छात्राओ ने प्रतिभाग किया गया। जिसमें कंपोजिट विद्यालय जगदीशपुर से साक्षी पटेल 38 नंबर प्राप्त कर पूरे ब्लॉक में प्रथम स्थान पर रही। उच्च प्राथमिक विद्यालय झंझौर के प्रिंस व सौरव वर्मा ने 36 -36 नंबर प्राप्त कर द्वितीय स्थान हासिल की। उच्च प्राथमिक विद्यालय हीरामनपुर के आलोक यादव तथा कंपोजिट विद्यालय जगदीशपुर की वैभवी सिंह दोनों ने 34 नंबर प्राप्त करके तृतीय स्थान साझा किया।बीईओ पिंडरा विनोद कुमार मिश्र ने ओलंपियाड को सफल कराने में सक्रिय भूमिका निभाने वाले एआरपी अखिलेश यादव, पन्नालाल , अजय कुमार विजेंद्र सिंह व नोडल वीरेंद्र कुमार के साथ स्थान प्राप्त छात्र छात्राओं को शाबाशी दी।

# पिकप चढ़ाकर बछिया की की गई हत्या

### गोवंश हत्या के अन्तर्गत हत्यारे को सजा मिलनी चाहिए -ज्ञान दास गुप्त

ड्रमंडगंज(मीरजापुर)। स्थानीय बाजार के देवघाट रोड के किनारे बैठी बछिया पर पिकप चालक



वसीम अंसारी द्वारा पिकप चढ़ाकर हत्या कर दी गई। गोवंश हत्या का समाचार सुनकर गोवंश प्रेमी काफी मर्माहत हुये हैं। पिकप चालक फरार है जिसकी खोज की जा रही है।
बताया जाता है कि देवघाट रोड किनारे गोवंश बैठे थे जिसको पिकप चालक वसीम अंसारी पिकप से धक्का देकर हटा रहा था। नहीं हटने पर वसीम अंसारी ने बछिया को पिकप चढ़ाकर कर हत्या कर दी। गोवंश प्रेमियों ने गोहत्यारे वसीम अंसारी को गोवंश हत्या अधिनियम के अन्तर्गत हत्यारे को सजा देने की मांग की है। गोवंश प्रेमियों का कहना है कि यदि हत्यारे को सजा नहीं मिली तो उसका मनोबल बढ़ जायेगा और वह किसी बड़े घटना को अंजाम दे सकता है।

# महायज्ञ पंडाल में राष्ट्र के सुख समृद्धि की कामना

समाज जागरण रंजीत तिवारी

रामेश्वर वाराणसी।। श्री शतचंडी महायज्ञ पंडाल भिखारीपुर में नवरात्र के चतुर्थ दिन राष्ट्र के सुख समृद्धि की कामना की गई। काशी सेवा शोध समिति के द्वारा आयोजित इस आध्यात्मिक कार्यक्रम में विद्वान पंडितों ने मंत्रोचार के साथ प्रार्थना निवेदित किया। समिति के सचिव डॉ ठाकुर प्रसाद सिंह ने बताया कि आध्यात्मिक अनुष्ठान राष्ट्रीय हित और लोगों के आध्यात्मिक उत्थान के लिए आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की समृद्धि के लिए शांति परम आवश्यक तत्व है। मां दुर्गा से आराधना करके जन-जन के बीच अनुराग और आपसी सौहार्द के लिए कामना की गई। इस दौरान यहां पर सुरेंद्र बहादुर सिंह, राधा सिंह, सुहानी, अंश, पीयूष,मंगलेश,डॉक्टर हर्षित राय के साथ विद्वान पंडित आचार्य सत्येंद्र मिश्रा,भोला मिश्रा सहित बटुक और ब्राह्मण जन उपस्थित थे।



# सफाई कर्मचारी संघ शोक सभा कर दी मृतक रंजीत कुमार को श्रद्धांजलि

समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ वाराणसी। विकास खण्ड हरहुआ के ग्राम पंचायत चक्का में सफाई कर्मचारी के पद पर कार्यरत



रहे रंजीत कुमार के 23सितम्बर को आकस्मिक निधन पर आज 25सितम्बर गुरुवार को एडीओ पंचायत रवि सिंह व सफाई कर्मचारी संघ के ब्लाक अध्यक्ष/मण्डल अध्यक्ष ओंकार नाथ के नेतृत्व में ब्लाक के समस्त सफाई कर्मचारी सहित सभागार में उपस्थित होकर शोक सभा में श्रद्धांजलि अर्पित किया।
श्रध्दांजलि सभा मे प्रमुख रूप से ओंकार नाथ,सिकन्दर ब्लॉक कोषाध्यक्ष, संजय कुमार ब्लॉक मिडिया प्रभारी,जितेंद्र कुमार वर्मा,अजय कुमार, रमेश मौर्य राजेश पहलवान,धनन्जय, नजीर हैदर शंभू प्रसाद, संतोष, दीपचंद, जिलेदार, भगवान दास, रामाश्रय यादव, राजकुमार सिंह,संजय यादव, संगीता, आशा देवी, सुनीता, सविता वर्मा, माधुरी, दिनेश राजभर व सिजामुद्दीन मुन्ना, आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# हरहुआ चौराहे पर भांग की दुकान नियमों की अनदेखी

समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ वाराणसी। बड़ागांव थाना क्षेत्र के हरहुआ पुलिस चौकी अंतर्गत ओवरब्रिज के नीचे हरहुआ चौराहे पर स्थित भांग की दुकान आबकारी विभाग के नियमों का उल्लंघन कर रोजाना सुबह 7 बजे ही खुल जाती है। जबकि विभागीय आदेशानुसार भांग, देसी व विदेशी मदिरा तथा बियर की दुकानें सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक ही संचालित हो सकती हैं।
ग्रामीणों ने बताया कि दुकानदार



प्रतिदिन निर्धारित समय से पहले ही बिक्री शुरू कर देता है, जिससे विभागीय नियमों की खुली अनदेखी हो रही है। इस संबंध में आबकारी इंस्पेक्टर प्रदीप मिश्रा ने कहा कि सभी दुकानों का समय एक समान है। यदि कोई दुकान समय से पहले या बाद में खुली पाई जाती है तो कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आश्वस्त किया कि जांच कर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे और दोषी पाए जाने पर दुकानदार पर जुमार्ना लगाया जाएगा।

# अयोध्यापुर युवा मंडल द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई धूमधाम से।

समाज जागरण

वाराणसी। जिला युवा अधिकारी वाराणसी यतेंद्र सिंह के निर्देशन में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में ह्ययुवा भारतह्न अंतर्गत आज गुरुवार को अयोध्यापुर युवा मंडल द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती धूमधाम से मनाई गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्रामसभा अयोध्यापुर के समाजसेवी सुरेश कुमार ने प0 दीनदयाल उपाध्याय जी के व्यक्तित्व व कृतित्व को अपने जीवन को आदर्श बनाने के लिए सीख लेनी होगी ताकि उनके अंत्योदय के सोच को साकार करने में युवाओं की ऊर्जा समायोजित हो सके।

अन्य वक्ताओं में अनिल कुमार



मौर्या, बीडीसी प्रत्याशी विश्वम् , मंगल प्रसाद, समूह सखी लक्ष्मी एवं संगीता, सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश एवं जितेन्द्र ने अपने विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर ग्रामसभा अयोध्यापुर के पूर्व माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में गोष्ठी एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 5 युवा मंडलों से कुल 70 युवाओं ने सहभागिता की। इनमें से तरंग, अदिति, कुंदन, माधुरी एवं नव्या ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम पाँच स्थान प्राप्त किए।
सभी विजेताओं को सम्मान स्वरूप पुरस्कार प्रदान किए गए तथा शेष सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार (कॉपी एवं पेन) देकर उत्साहित किया गया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व एनवाईवी परवेश कुमार मौर्य ने किया।

# सहबदीपुर में एमपैक्स सहकारी सदस्यता महाअभियान गोष्ठी का आयोजन सम्पन्न

समाज जागरण

वाराणसी। स्थानीय ब्लाक अंतर्गत सबहदीपुर स्थित पीसीएफ गोदाम पर गुरुवार को एमपैक्स सहकारी सदस्यता महा अभियान के तहत किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया।

गोष्ठी मे वक्ताओ ने एमपैक्स सदस्यता महाअभियान के संबंध मे किसान भाईयो को जानकारी दी और उन्हे एमपैक्स की सदस्यता लेने के लिए प्रोत्साहित किया।
कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डिप्टी रजिस्ट्रार वाराणसी एवं प्रयागराज मंडल ने जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा
कि बगैर सहकारिता से जुड़े किसान अधूरा है और किसानो के बगैर सहकारी समिति अपने अस्तित्व को पहचान नही सकती।एमपैक्स सदस्य बनने वाले किसानो का प्राथमिकता



के आधार पर धान गेंहू खरीदा जाएगा तथा उन्हे उर्वरक की ससमय सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी।

सहायक आयुक्त जौनपुर बृजेश पाठक ने कहा कि किसान अधिक से अधिक बी पैक्स का सदस्य बने और लोगो को जागरूक करे जिससे सहकारी समितियों से मिलने वाले समस्त सुविधाओ से उन्हे लाभान्वित कराया जाए।

इफको के मैनेजर संजय यादव ने नैनो यूरिया, डीएपी के उपयोग एंव उसके लाभ की जानकारी दी और अधिक से अधिक उपयोग कर लाभ पाने और अपने जीवन को खुशहाल बनाने की मंत्र बताए।
कार्यक्रम की अध्यक्षता बी पैक्स उमरवार के सभापित दुर्गा प्रसाद सिंह व संचालन एडीसीओ ब्रह्मजीत सिंह ने किया। इस मौके पर एआर वाराणसी मंडल सुधीर पांडे, एडीसीओ मुकेश श्रीवास्तव, प्रीति सिंह, एडीओ सुभाषचंद्र यादव, रोहित सिंह, ग्राम प्रधान धर्मेंद्र चौहान, राजनाथ यादव, दिलीप, समिति के सचिव अच्छे लाल यादव, राजेश सिंह, राजेन्द्र यादव, सोनल सिंह, दीनदयाल, सपना सिंह सहित सैकडो किसान उपस्थित रहे।

# श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय दिवस पर श्रद्धा और भक्ति की धारा बही बीच-बीच में हरेराम -हरेकृष्ण के मधुर कीर्तन भी गूंजते रहे

ज्ञान दास गुप्त संवाददाता

ड्रमंडगंज(मीरजापुर)।नवयुवक बाल समिति ड्रमंडगंज की के सौजन्य से दुर्गा मंदिर पर कराये जा रहे सप्तदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय दिवस का आयोजन भक्ति और श्रद्धा के अद्भुत वातावरण में संपन्न हुआ। शाम होते ही गाँव-गाँव से श्रद्धालु कथा स्थल पर पहुँचने लगे और पूरे परिसर में ह्लहरे राम-हरे कृष्णह्व के मधुर कीर्तन गूँजते रहे। कथावाचक ज्ञानदेव महाराज ने आज कुंती चरित्र का प्रेरणादायी प्रसंग सुनाया, जिसमें कुंती बुआ ने भगवान से दुःख मांगा और बताया कि दुःख में भगवान की याद बनी रहती है।भगवान की कृपा प्राप्त होती है जिसमें बताया गया कि विपरीत परिस्थितियों में भी सच्चे भक्त का विश्वास कभी डगमगाता नहीं है।
कथा में कपिलदेव उपाख्यान का भी सुंदर चित्रण हुआ। साथ ही भक्तियोग, ज्ञानयोग, कर्मयोग और वैराग्य जैसे गूढ़ विषयों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कथावाचक ने कहा कि झ ह्लभक्ति में ही जीवन की सबसे बड़ी शक्ति छिपी है। कथा स्थल पर उपस्थित श्रद्धालु बार-बार भावविभोर हो उठे। गाँव की महिलाएँ भजन गाती रहीं, वहीं बच्चों और युवाओं ने कथा श्रवण में विशेष उत्साह दिखाया। आयोजन समिति ने बताया कि कथा के साथ-साथ प्रतिदिन सामूहिक भजन-संकीर्तन और प्रसाद वितरण भी किया जा रहा है। द्वितीय दिवस की कथा ने पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक चेतना का संचार कर दिया। श्रद्धालुजन इसे अपने जीवन का दुर्लभ अवसर मानते हुए आगामी दिनों में और अधिक संख्या में जुड़ने की तैयारी कर रहे हैं।

# बीजपुरसमुर्धवा मार्ग पर अलग-अलग सड़क हादसों में दो की मौत, एक गंभीर रूप से घायल

**सुभाष चंद्र यादव/ समाज जागरण**



म्योरपुर/ सोनभद्र। थाना क्षेत्र म्योरपुर के बबनडीहा गांव व देवरी गांव में बीजपुर-मुर्धवा मार्ग पर बुधवार की रात करीब नौ बजे अलग-अलग हुए सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई जबकि एक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। पहली घटना में रेणुकूट से बाइक से आ रहे हैं श्रवन कुमार 22 वर्ष पुत्र रामकिशुन की बबनडीहा गांव के पास पिकअप की चपेट में आ जाने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं मृतक अपनी बहन की शादी का कार्ड बांटने गया था। 12 अक्टूबर को उसकी बहन की शादी थी। वहीं हादसे के बाद पिकअप चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। दूसरी घटना देवरी गांव में घटी जब डूभा गांव से बांस लादकर म्योरपुर आ रही एक ट्रैक्टर देवरी गांव में नियंत्रित होकर पलट गई। ट्रैक्टर पर सवार हीरा सिंह 55 वर्ष पुत्र पंचम गोड़ निवासी परनी की मौके पर ही मौत हो गई जबकि राजेंद्र कुमार 50 वर्ष पुत्र रूपनाथ निवासी डूभा गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र म्योरपुर में भर्ती कराया गया जहां उपस्थित चिकित्सक डा० अंकित राज सिंह ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। वहीं घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस आवश्यक पूछताछ के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु दुद्धी भेजकर अग्रिम कार्यवाही में जुट गई।

# वन प्रभागीय जुगैल रेंज में मा0 मंत्री संजीव गौंड द्वारा जुगैल में किया गया वृक्षारोपण

वन विभाग व थाना प्रभारी सहित सभी लोग रहे मौजूद।

**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**



जुगैल/ सोनभद्र। थाना जुगैल क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत जुगैल खास उच्च माध्यमिक विद्यालय में वन विभाग द्वारा पं0 दीनदयाल उपाध्याय जी के जयंती पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार समाज कल्याण राज्यमंत्री माननीय संजीव कुमार गोंड द्वारा वृक्षारोपण किया गया। मां0 मंत्री जी ने सम्बोधित करते कहां कि मा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के 17 सितम्बर को जन्मदिन के बाद से 2 अक्टूबर तक पुरे देश में कार्यक्रम किया जा रहा है इस दौरान पं दीनदयाल उपाध्याय जी के जयंती का कार्यक्रम वन प्रभागीय ओबरा द्वारा ग्राम जुगैल किया गया और जुगैल को कस्तुरबा गांधी विधालय जुगैल इंटर तक कर दिया गया। और बेलगडी में भी इंटर कालेज का निर्माण किया जा रहा है।ग्राम प्रधान जुगैल प्रतिनिधि दिनेश यादव ने सम्बोधित करते कहां कि हमारा क्षेत्र जुगैल आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है यहां शिक्षा का बहुत आभाव है मां मंत्री जी व डीएफओ ओबरा को अवगत कराते हुए। कहा कि इंटर कॉलेज के लिए जमीन कि कमी के कारण विद्यालय निर्माण नहीं हो पा रहा है वन विभाग कि जमीन के लिए अवगत कराया गया। इस कार्यक्रम जुगैल जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि संजीव त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष चोपन भगवान दास केशरी, पुर्व मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह, सत्या केशरी, कालीचरण, डीएफओ ओबरा दिलीप कुमार तिवारी, एसडीओ वन विभाग मयंक पांडे, वन क्षेत्राधिकारी जुगैल अवधेशकुमार सिंह, वन क्षेत्राधिकारी डाला इन्दपाल , वन क्षेत्राधिकारी तरिया प्रेम लाल गुप्ता, वन दरोगा, इन्दल कुमार मौर्य, विनोद कुमार, रविन्द्र कुमार, श्याम नंदन पांडे, अविनाश सिंह, सुशांत कुमार, सुदर्शन प्रसाद, अभिषेक सिंह, सौरभ उपाध्याय, अंकित कुमार, राजेंद्र प्रसाद पाल, राजकिशोर यादव, बृजनंदन यादव, अरविंद सिंह, थाना प्रभारी जुगैल नागेश सिंह सहित सौकडो ग्रामीण व स्कूली बच्चे मौजूद रहे।

# स्वदेशी अपनाएं, स्वावलंबी बनें _ मनीष पाण्डेय

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**



सोनभद्र। स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वावलंबी भारत अभियान सोनभद्र काशी प्रांत की ओर से ईश्वर प्रसाद स्नातकोत्तर महाविद्यालय, देवरा राजा के सभागार में गुरुवार को एक जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी में छात्र-छात्राओं को स्वदेशी, स्वाभिमान और स्वावलंबन के संबंध में टिप्स दिए गए।

संगोष्ठी के मुख्य अतिथि, महाविद्यालय के प्रबंधक मनीष पाण्डेय ने कहा कि जब भी बाजार जाएं, स्वदेशी समान खरीदें। उन्होंने स्वदेशी अपनाने के महत्व पर जोर दिया और छात्रों को इसके लिए प्रेरित किया। समाजशास्त्री डॉ विमलेश कुमार त्रिपाठी ने अध्यक्षता करते हुए नारा दिया - 'गांव शहर की एक पुकार, उद्यमिता व स्व रोजगार, जय स्वदेशी, जय जय स्वदेशी।' उन्होंने स्वदेशी और स्वावलंबन के महत्व पर विस्तार से चर्चा की ।

जागरूकता गोष्ठी में राजेश द्विवेदी, मृत्युंजय नारायण, विमलेश पाठक, श्रीमती गीता देवी मौर्या, विनय प्रजापति, बृजेश सिंह पटेल, कार्यालय अधीक्षक विनीत जी और भोलानाथ मिश्र समेत बीए, बीकॉम, एमए के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे। छात्र-छात्राओं को स्वदेशी अपनाने और स्वावलंबी बनने के लिए प्रेरित किया गया।

# सोनभद्र के रजत पाण्डेय ने पत्रकारिता एवं जनसंचार में पीएच. डी . पूरा कर जनपद का बढ़ाया मान

गुरुजनों, परिवार और मित्रों ने दी शुभकामनाए - युवाओं के लिए प्रेरणा बनेगा यह सफर

**ब्यूरो चीफ/ विजय कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**



सोनभद्र। शिक्षा और शोध के क्षेत्र में सोनभद्र ने एक और उपलब्धि हासिल की है। चोपन निवासी रजत पाण्डेय ने हरिद्वार स्थित देव संस्कृति विश्वविद्यालय से पत्रकारिता एवं जनसंचार विषय में पीएच.डी. की उपाधि अर्जित कर न केवल परिवार बल्कि पूरे जनपद का मान बढ़ाया है। रजत का शोध विषय उत्तराखंड में मीडिया शिक्षा की स्थितिः एक अध्ययनह्न रहा, जिसे विशेषज्ञों ने समयानुकूल और उपयोगी बताते हुए सराहा। यह शोध उत्तराखंड जैसे पहाड़ी राज्य में मीडिया शिक्षा की चुनौतियों और संभावनाओं पर केंद्रित है, जो भविष्य की नीतियों और शैक्षणिक विकास के लिए मार्गदर्शक साबित हो सकता है। हाल ही में सम्पन्न हुए पीएच.डी. मौखिक परीक्षा में बाह्य परीक्षक के रूप में श्रीगुरु राम राय विश्वविद्यालय, देहरादून के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के प्रमुख प्रो. (डॉ.) आशीष कुलश्रेष्ठ उपस्थित रहे। यह वाइवा सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ और विशेषज्ञों ने रजत के शोध कार्य को सराहनीय और वर्तमान समय के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। पीएच.डी. शोध कार्य का मार्गदर्शन शोध निर्देशिका एवं विभागाध्यक्षा डॉ. स्मिता वशिष्ठ ने किया। इस अवसर पर संचार संकाय के अधिष्ठाता प्रो.(डॉ.) सुखनंदन सिंह और विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पण्ड्या ने भी रजत को शुभकामनाएँ दीं। डॉ. चिन्मय पण्ड्या ने कहा कि युवाओं के सपनों को शोध और शिक्षा के माध्यम से साकार करने का यह प्रयास आने वाली पीढ़ी को प्रेरित करेगा। परिवार में हर्ष का माहौलः पिता अमरेश चंद्र पाण्डेय ने कहा - बेटे ने मेहनत और लगन से परिवार व जनपद का गौरव बढ़ाया है। माता श्रीमती सावित्री पाण्डेय ने भावुक होकर कहा - यह क्षण मेरे जीवन का सबसे अविस्मरणीय क्षण है।

शिक्षकों और मित्रों की प्रतिक्रियाएँ

विद्यालय स्तर के शिक्षकों ने भी रजत की उपलब्धि पर खुशी जताई और कहा कि यह सफलता आने वाली पीढ़ी के छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। सहपाठियों और मित्रों ने बधाई देते हुए कहा कि रजत की लगन और अनुशासन भावी शोधार्थियों व विद्यार्थियों को शोध और शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करेंगे।

**विश्वविद्यालय परिवार की शुभकामनाएँ**

देव संस्कृति विश्वविद्यालय परिवार की ओर से कुलाधिपति डॉ. प्रणव पण्ड्या, प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पण्ड्या और प्राध्यापकों ने रजत को शुभकामनाएँ दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना की।

वर्तमान में शिक्षण व शोध से जुड़े वर्तमान में रजत पाण्डेय विश्व विद्यालय में अध्यापन कार्य के साथ-साथ पत्रकारिता और जनसंचार विषय पर शोध व लेखन कार्यों से सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं। उनके शोध व अध्यापन से युवाओं को मार्गदर्शन और प्रेरणा मिल रही है।

# चोपन पुलिस ने शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत कुल 03 अभियुक्तों के विरुद्ध की निरोधात्मक कार्यवाही

**दैनिक समाज जागरण**



चोपन/ सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक के द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी रोकथाम लगाने व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण/नेतृत्व में आज दिनांक 25.09.2025 को थाना चोपन पुलिस द्वारा शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत कुल 03 नफर अभियुक्तगण के विरूद्ध धारा 170/126/135 बीएनएसएस के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तगण 01.जय प्रकाश पुत्र स्व0राजेन्द्र प्रसाद निवासी ग्राम डाला चढाई थाना चोपन सोनभद्र 25 वर्ष, 02. .राजेश गोंड उर्फ तन्नू पुत्र बाबू लाल गोंड निवासी ग्राम डाला चढाई थाना चोपन सोनभद्र उम्र करीब 35 वर्ष 03.आनन्द कुमार उर्फ बुल्लू पुत्र बाबू लाल निवासी ग्राम डाला चढाई थाना चोपन सोनभद्र उम्र करीब 35 वर्ष।

# महाराष्ट्र में काम कर रहे सोनभद्र के युवक की संदिग्ध परस्थितियों में मौत, घर शव आते ही परिजनों में मचा हड़कंप

परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप, लगायी न्याय की गुहार

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**



सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र के गुर्मा चौकी अंतर्गत मारकुंडी ग्राम पंचायत के आदिवासी बाहुल्य टोला पनिकिनिया निवासी कमलेश कुमार (22 वर्ष)की रहस्यमयी परिस्थितियों में हुई मौत ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। महाराष्ट्र स्थित एक प्राइवेट प्लास्टिक कंपनी में काम कर रहे कमलेश कुमार भारती का शव 22 सितंबर को उसी के कमरे में मिला। दो दिन तक परिजनों को जानकारी नहीं दी गई और जब खबर मिली, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। कमलेश कुमार भारती पुत्र शंकर 22 वर्ष महाराष्ट्र के प्लास्टिक कंपनी में काम कर रहा था।

परिजनों का आरोप है कि कंपनी के ठेकेदार ने इस घटना की सूचना उन्हें देने के बजाय मामले को दबाने की कोशिश की। मृतक के साथियों द्वारा घटना की जानकारी देने के बाद परिजनों में हड़कंप मच गया और ग्राम प्रधान उधम सिंह यादव ने तत्परता दिखाते हुए महाराष्ट्र पुलिस से संपर्क कर शव का पोस्टमार्टम करवाया। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने एम्बुलेंस से शव को घर लाया। शव जैसे ही बुधवार की रात को गांव पहुंचा, वहां कोहराम मच गया। पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक अविवाहित था, जिससे परिजनों का शक और गहरा गया है। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए न्याय की मांग की है।

इस दुखद घटना ने प्रवासी मजदूरों की सुरक्षा और काम की जगहों पर उनकी स्थिति को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों ने प्रशासन से इस मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को सजा दिलाने की मांग की है।

# जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने किया मदरसा जियाउल उलूम का स्थलीय निरीक्षण

**सदर संवाददाता/ समाज जागरण**

रॉबर्ट्सगंज/ सोनभद्र। भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा काशी क्षेत्र के सदस्य अल्ताफ अहमद कादरी की शिकायत पर जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी श्री सुधांशु शेखर शर्मा द्वारा कस्बा रॉबर्ट्सगंज स्थित मदरसा जियाउल उलूम का आज प्रातः स्थलीय निरीक्षण एवं जांच की गई। शिकायतकर्ता अल्ताफ अहमद कादरी ने अपनी शिकायत में अंजुमन



इस्लामिया कमेटी के अध्यक्ष मुस्ताक अहमद पर आरोप लगाया था कि वे मदरसे के नाम पर अवैध रूप से कैलेंडर जारी कर रहे हैं तथा चंदा वसूली हेतु रसीदें कटवा रहे हैं। इस प्रकरण में माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को प्रेषित शिकायत पत्र के आधार पर यह जांच की जा रही है। निरीक्षण के दौरान जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने मदरसे के अभिलेखों एवं गतिविधियों का संज्ञान लिया तथा संबंधित पक्षों से पूछताछ की। जांच प्रक्रिया में शिकायतकर्ता अल्ताफ कादरी, मुस्ताक अहमद, सिराजुद्दीन, बाबत अली समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे। जिला प्रशासन द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए आवश्यक तथ्यों का संकलन किया जा रहा है, जिसके आधार पर आगे की कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

# रामलीला रंगमंच के समीप नाली का गड्ढा खोदे जाने का नगरवासियों समेत लीला प्रेमियों ने किया विरोध

-आस्था के साथ खिलवाड़,
- संकट में अस्तित्व -खुदाई के जद में आए तीन विद्युत के खंबे
-चेतावनी- शीघ्र कार्रवाई नहीं तो आंदोलन

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**



सोनभद्र। चुर्क-गुरमा नगर पंचायत क्षेत्र के गुरमा रंगमंच पर चल रहे रामलीला कार्यक्रम और दशहरा पर्व मेला को प्रभावित करने के नियत से कुछ शरारती तत्व के लोग ठीक रामलीला शुरूआत के दिन से ही रामलीला प्रागंण के समीप दशहरा मेला स्थल पर ही नाली का गड्ढा जेसीबी मशीन से खोद दिया गया है। जिससे रामलीला दर्शकों समेत रात में महिला, पुरुष, बच्चों को गिरने की सम्भावना जहां बढ़ गई है। वहीं पशु गाय, भैस भी गिर कर चोटिल हो रहे हैं।वहीं जेसीबी मशीन से नाली खोदने के जद में तीन विद्युत पोल की एक तरफ की पूरी नीवं ही खोद दिया गया है।जो किसी भी दिन बड़ी दुर्घटना से इंकार भी नहीं किया जा सकता है। उक्त सम्बंध में परमहंस सिंह, अमर देव सिंह, राजकुमार, चिंटु चौबे, रिंकु मेहता, कमलेश, इत्यादि नगरवासियों ने तत्काल विद्युत पोल दुरुस्त कराते हुए दशहरा के पूर्व से पहले ही रामलीला ग्राउंड दशहरा मेला तक नाली निर्माण कर ढ़कने की प्रबंध करने की मांग की है। इस संबंध में जब अधिशासी अधिकारी अमित कुमार सरोज से सेलफोन पर जानकारी चाहिए गई तो उन्होंने फोन रिसीव करना मुनासिब नहीं समझा। इससे लीला प्रेमियों समेत नगरवासियो में तीव्र आक्रोश व्याप्त है।

# चकबंदी विभाग की मेहरबानी - राजा को पता ही नहीं, भीलों ने वन बांट लिया----

-न बिक्री, न बैनामा, फिर भी बने सहखातेदार, मूल काश्तकारों ने लगायी न्याय की गुहार

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**




सोनभद्र। राजा को पता ही नहीं, भीलों ने वन बांट लिया-------जी हां उक्त कहावत मीतापुर ग्राम में मूल काश्तकारों के कास्त की जमीन में हेराफेरी मे शत प्रतिशत चरितार्थ हो रहा है।चकबंदी विभाग की मेहरबानी का नतीजा है कि मीतापुर गांव में बिना बिक्री, बिना बैनामा के ही मूल खातेदारों के जमीन में किसी दूसरे का नाम अंकित करते हुए सह खातेदार बतौर खतौनी में दर्ज कर दिया गया है। इसकी जानकारी तब हुई जब मूल काश्तकारों ने अपने खतौनी का अवलोकन किया। जानकारी मिलते ही मूल काश्तकारों समेत सहखातेदारो में हड़कंप मच गया।उन्होंने इस संबंध में सहायक चकबंदी अधिकारी ओबरा सोनभद्र को एक लिखित प्रार्थना पत्र देकर जांच करवाकर उचित कार्रवाई करवाते हुए न्याय दिलवाये जाने की गुहार लगायी है। इस संबंध में सहायक चकबंदी अधिकारी ओबरा सोनभद्र को दिए गए शिकायती पत्र में मूल काश्तकार रामलाल पुत्र रत्नाकर, नवरत्न पुत्र वंशधारी, संतकुमार पुत्र दशिसा, मातादीन पुत्र इंद्रपति, बबिया पत्नी मातादीन कविया पत्नी राम सनेही, मिठाई पुत्र रामदुलारे, संतोष पुत्र मंडल ने कहा है कि ग्राम-मीतापुर, पोस्ट-करगरा, तहसील- ओबरा के मूल सह-खातेदार है तथा ग्राम चकबन्दी के प्रक्रिया में लगा हुआ है, खाता सं0-0062, 0063, 00131,00132 व 00133 में गलत तरीके से सुगवन्ता पुत्र रामचरन का नाम दर्ज है। उन्हें मालूम नहीं था कि सुगवन्ता पुत्र राम चरन का नाम उक्त खाता संख्या में सह-खातेदारों में कैसे आया है, जो कि सुगवन्ता नाम का व्यक्ति पूरे ग्राम समाज में नहीं है और न ही काश्तकारों ने कोई जमीन बेचा है और न ही उक्त सुगवन्ता को अपना जमीन बैनामा करवाया है। फिर भी सुगवन्ता का नाम सह-खातेदारों में गलत तरीके से आ गया है जबकि मूल काश्तकारो को भली-भाँति जानकारी है कि सुगवन्ता पुत्र रामचरन का नाम गलत व फर्जी तरीके से दर्ज है।मूल काश्तकारों ने अविलंब ही सुगवन्ता पुत्र रामचरन का नाम निरस्त करते हुए शेयर का विभाजन न किया जाय ताकि चकबन्दी की प्रक्रिया पूरी हो सके तथा न्यायहित कार्यवाही की जाय,की गुहार लगायी है।

# पं० दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर बीजेपी ने चलाया स्वच्छता अभियान,किया वृक्षारोपण

**सुभाष चंद्र यादव/ समाज जागरण**

म्योरपुर/ सोनभद्र। म्योरपुर क्षेत्र में गुरुवार को भाजपाइयों द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 108 वीं जयंती मनाई गई।इस दौरान पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने पं० दीन दयाल उपाध्याय की फोटो पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।इस अवसर एससी-एसटी आयोग के उपाध्यक्ष जीतसिंह खरवार तथा म्योरपुर ब्लाक प्रमुख मानसिंह गोड़ द्वारा रासपहरी गांव में स्थित अमृत सरोवर पर वृक्षारोपण किया गया साथ ही पॉलिथीन मुक्त बनाने हेतु स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। ब्लाक प्रमुख ने कहा कि 'पंडित दीनदयाल अखिल भारतीय जनसंघ के विभिन्न दायित्व का एकात्म मानववाद की प्रेरणा के साथ निर्वाहन किए और देश सेवा में अपना प्राण त्याग दिए. पंडित दीनदयाल का सपना- लक्ष्य अंतोदय के तहत विकास की किरण समाज के अंतिम व्यक्ति तक गरीब, शोषित और वंचित व्यक्ति सभी तक विकास योजनाओं का लाभ पहुंचाना था।जीत सिंह खरवार ने कहा कि सरकार ने पंडित दीनदयाल से प्रेरित होकर विभिन्न योजनाओं को पंडित दीनदयाल के नाम से रखा गया है और वृहद स्तर पर योजनाओं का लाभ गरीबों को मिल रहा है. भाजपा पंडित दीनदयाल उपाध्याय को आदर्श मानकर निरंतर विकास कार्य कर रही है।उनके आदर्श पर चलकर भाजपा सरकार जन जन तक विकास को ले जाने का काम कर रही है।इस दौरान एडीओ पंचायत अजय कुमार सिंह ,रासपहरी ग्राम प्रधान रामदयाल, सचिव कमलेश मिश्रा, मानरुप गोड़, राधेश्याम, रमाशंकर सहित तमाम ग्रामीण उपस्थित रहे।

# नगर अध्यक्षा ने सीसी सड़क निर्माण रुकवाया, पूछताछ पर अध्यक्षा के भाई हुये आगबबुला।

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**

डाला/ सोनभद्र। नगर पंचायत डाला बाजार में सीसी सड़क निर्माण कार्य को अचानक नगर अध्यक्षा द्वारा रुकवाने से उनके कार्यशैली पर स्थानीय जनता ने आवाज उठाई। जिसमें नगरवाशियों के पूछताछ करने पर नगर अध्यक्षा के भाई आग बबूला हो गए। नगर पंचायत डाला बाजार वार्ड 9 में लल्ला लाइनमैन के घर से मुकेश जैन का घर होते हुए दिनेश कनौजिया के घर तक सीसी सड़क का निर्माण होना था जिसमें गुणवत्ता को ताक पर रख कर कार्य कराया जा रहा था। जानकारी के अनुसार टेंडर बिलो रेट पर ठेकेदार द्वारा डाला गया है। जिसमें अध्यक्षा द्वारा नाराजगी जताते हुए ठेकेदार द्वारा कराए जा रहे कार्य को बंद करा दिया गया। ऐसे में ठेकेदार ने कार्य बंद होने का कारण बताया कि नगर अध्यक्षा ने कार्य प्रारंभ के समय पूजा अर्चना न होना बताया। कि पूजा करके की कार्य चालू किया जाएगा। जब कि मामला कुछ और है। इस सम्बंध में समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं व स्थानीय नगरवाशियों ने नगर अध्यक्षा के घर जा कर शिकायत की जिसमें अध्यक्षा ने बताया कि कार्य के गुणवत्ता लिस्ट की बोर्ड मौके पर लागत सहित पहले लगाई जाएगी उसके बाद ही कार्य चालू होगा। पारदर्शिता के लिए यह जरूरी है। यह बात सुन नगरवाशियों व सपा कार्यकर्ता वहां से वापस हुए। सभी द्वारा पुनः नगर के अधिशासी अधिकारी से मुलाकात की जिसमें उन्होंने बताया कि कार्य रोकने का कारण अध्यक्षा द्वारा मुझे लिखित दिया गया है कि पूजा नहीं किया गया इसलिए रोका गया है। जिसकी कोई उचित अर्थ नही निकलता। बीते दो दिन पूर्व हुए बोर्ड की बैठक में सदर विधायक भूपेश चौबे ने बताया था कि पूजा कराकर कार्य चालू हो यह शासनादेश में नही है। फिर भी अध्यक्षा की मनमानी नगरवाशियों के लिए ग्रह बना हुआ है।

# पुलिस महानिरीक्षक, विंध्याचल परिक्षेत्र, मीरजापुर ने मिशन शक्ति मोबाइल वैन को दिखाई हरी झण्डी

**सदर संवाददाता/ अल्ताफ कादरी/ समाज जागरण**



सोनभद्र। आर. पी. सिंह, पुलिस महानिरीक्षक, विंध्याचल परिक्षेत्र, मीरजापुर के जनपद सोनभद्र आगमन पर पुलिस लाइन चुर्क, सोनभद्र में उन्हें सलामी गार्द द्वारा सलामी दी गई, जिसे महोदय ने स्वीकार करते हुए गार्द का अभिवादन किया। तत्पश्चात आगामी प्रमुख त्यौहारों नवरात्रि, रामनवमी, दीपावली, छठ पूजा आदि के दृष्टिगत जनपद में कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण एवं "मिशन शक्ति" अभियान की प्रगति की समीक्षा हेतु प्रशासनिक भवन, पुलिस लाइन चुर्क में एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता श्री आर. पी. सिंह, पुलिस महानिरीक्षक द्वारा की गई, जिसमें पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा सहित जनपद के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारी एवं मिशन शक्ति केन्द्र प्रभारीगण उपस्थित रहे।

पुलिस महानिरीक्षक, विंध्याचल परिक्षेत्र, मीरजापुर द्वारा मिशन शक्ति पुलिस महानिरीक्षक ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि "त्योहारों के अवसर पर आमजन को निर्भय, सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण वातावरण प्रदान करना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। 'मिशन शक्ति' को प्रभावी ढंग से लागू करते हुए महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा की पूर्ण गारंटी दी जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता क्षम्य नहीं होगी। पुलिस-जन सहभागिता से सौहार्द्रपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया जाए।"

# नगर पंचायत डाला में चला स्वच्छता अभियान, अधिशासी अधिकारी व सभासदों ने किया श्रमदान

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**

डाला/ सोनभद्र। नगर पंचायत डाला क्षेत्र में स्वच्छता अभियान के तहत गुरुवार को विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत डाला सहित वार्ड नंबर 1 के सभासदों ने 2 घंटे तक श्रमदान कर क्षेत्र में झाड़ू लगाकर एवं कचरा हटाकर स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान अधिशासी अधिकारी अखिलेश सिंह ने कहा कि स्वच्छता केवल नगर पंचायत की जिम्मेदारी नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। सभी लोग यदि मिलकर प्रयास करें तो नगर को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाया जा सकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वह कचरा निर्धारित स्थान पर ही डालें और गंदगी फैलाने से बचें। सभी वार्ड के सभासदो ने भी नगरवासियों से अपील की कि वे इस अभियान को जन आंदोलन का रूप दें और अपने घरों एवं आसपास के इलाकों में स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें। इस मौके सभी सभासद और नगर पंचायत कर्मियों के साथ बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक भी मौजूद रहे और सभी ने मिलकर साफ-सफाई में हिस्सा लिया।



# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता का पेड़ से लटकता मिला शव, क्षेत्र में फैली सनसनी

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**

डाला/ सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र के अबाड़ी में संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटकता महिला का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कौशल्या पत्नी पानकुंवर खरवार उम्र लगभग 19वर्ष निवासी भवानी कटरिया जो अपने मायका आई हुई थी। पिता हरि सिंह खरवार ने बताया कि बीते रविवार कों हम और मेरी पत्नी कही काम से गए थे और जब दोपहर बाद लौटे तो घर में अपनी बेटी कों नहीं पाए तो लगा कि कही गांव में होंगी लेकिन जब रात हो गई तो मन घबरा गया और गांव में खोजबीन करने लगे परन्तु कुछ पता नहीं चला हम लोगों कई रिश्तेदारों के यहां मोबाइल द्वारा और जाकर भी पता किया लेकिन कोई पता नहीं चला बुधवार शाम अपने घर के पीछे जंगल में किसी कार्य के लिए गया तो देख कर दंग रह गया देखा कि मेरी बेटी का शव पेड़ से लटक रहा हैं फिर मैंने इस घटना की सूचना घर गांव में बताते हुए ग्राम प्रधान प्रहलाद चेरो कों दिया। सूचना मिलने पर ग्राम प्रधान द्वारा इस घटना की सूचना चोपन थाना कों दी गई सूचना पर चोपन थानाध्यक्ष कुमुद शेखर सिंह पूरी टीम एवं फॉरेनसिक टीम कों लेकर घटना स्थल पर पहुंचकर शव कों पेड़ से उतरवाया और विधिक कार्यवाही करते हुए शव कों पोस्मार्टम हेतु जिला अस्तपताल लोढ़ी भेजवा दिया गया।

# प्राण घातक हमले मामले में विरोध रैली निकाली गई

**समाज जागरण**

सिद्धार्थनगर। डुमरियागंज थाना क्षेत्र में गत दिनों दो सगे भाइयों पर धारदार हथियार से जान लेवा हमले के विरोध व आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर निकाला गया रैली। सैकड़ो की संख्या में लोगो ने विरोध रैली निकाल कर पुलिस प्रशाशन के खिलाफ की जमकर नारेबाजी।सड़क दुर्घटना के बाद दबंगों ने मारा पीटा,धारदार हथियार से संदीप त्रिपाठी के गले पर किया था हमला। मामले में अभी तक एक आरोपी की हुई गिरफ्तारी अन्य आरोपी चल रहे है फरार। जिसको लेकर पीड़ित परिवार ने उप जिला अधिकारी को सौंपा ज्ञापन। पीड़ित का आरोप आरोपी अब भी खुलेआम घूम रहे पीड़ित पक्ष को मिल रही मुकदमा वापस लेने की धमकी, उप जिला अधिकारी ने कहा मामले में कार्रवाई के लिए पुलिस क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज को भेजा गया।



# नवरात्रि दुर्गा पूजा और दशहरा त्योहार के दृष्टिगत प्रशासन अलर्ट

**समाज जागरण**

सिद्धार्थनगर। नवरात्रि दुर्गा पूजा और दशहरा त्योहार के मद्देनजर जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. और पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने इटवा बाजार का दौरा किया। उनके साथ अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार





प्रसाद, एसडीएम इटवा कुणाल, क्षेत्राधिकारी सुबेन्दु सिंह और थाना प्रभारी भी मौजूद रहे।सभी अधिकारियों ने पीएसी बल के साथ मिलकर बाजार में पैदल गश्त की इस दौरान, अधिकारियों ने स्थानीय लोगों से बातचीत की और उन्हें त्योहारों के दौरान सुरक्षा का पूरा भरोसा दिलाया।उन्होंने साफ निर्देश दिए कि कोई भी व्यक्ति अफवाह फैलाने या कानून-व्यवस्था को बिगाड़ने की कोशिश न करे. प्रशासन का कहना है कि त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं।

# विधायक ने थानाध्यक्ष के खिलाफ डीआईजी से किया शिकायत

**समाज जागरण**

सिद्धार्थनगर। जनपद के थाना भवानीगंज के थानाध्यक्ष हरिओम कुशवाहा पर भाजपा विधायक ने गंभीर आरोप लगाते हुए डीआईजी रेंज बस्ती से शिकायत किया है। जनपद गोण्डा के विधानसभा गौरा के विधायक प्रभात कुमार वर्मा का आरोप थानाध्यक्ष से कहने के बावजूद तीन लोगों को रात्रि भर थाने पर बैठाया व 1.5 लाख रुपए भी समझौते के नाम पर ले लिया। विधायक के मोबाइल नंबर 9452736915 पर बात करने पर उन्होंने बताया थानाध्यक्ष के ऊपर लगाये गए आरोप को सही है। उन्होंने बताया कि पहले से ही इनके खिलाफ मिलती रही है। डुमरियागंज के पुलिस क्षेत्राधिकारी बृजेश कुमार वर्मा ने बताया मामले की जाँच में सत्यता मिलने पर कार्रवाई की जायेगी।

# कन्नौज: एडीएम ने पत्रकारों को साथ लेकर देखी विकास प्रदर्शनी

**समाज जागरण बृजेश चतुवेर्दी**

कन्नौज। प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व, कृतित्व एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर आधारित कलेक्ट्रेट परिसर में लगायी गयी 15 दिवसीय प्रदर्शनी का अवलोकन अपर जिलाधिकारी (वित्त/ राजस्व) आशीष कुमार सिंह ने पत्रकार बंधुओं के साथ किया। इसी कड़ी में सरस्वती विद्या मंदिर के



छात्र/छात्राओं तथा एनसीसी के बच्चों ने भी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) ने कहा कि प्रदर्शनी का उद्देश्य जन-जन तक केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी पहुँचाना है। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शनी सूचना और जागरूकता का एक सशक्त माध्यम है। इसमे प्रधानमंत्री के राष्ट्र निर्माण में योगदान और 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के दूरदर्शी संकल्पों को चित्रों और जानकारियों के माध्यम से प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया गया है।

इस मौके पर उन्होंने प्रदर्शनी में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, रोजगार और बुनियादी ढाँचे के क्षेत्र में किए गए महत्वपूर्ण कार्यों और सफलताओं को दर्शाने वाले स्टालों की भी सराहना की।इस अवसर पर उपस्थित पत्रकारो ने भी प्रदर्शनी के विभिन्न पहलुओं को देखा और इससे संबंधित जानकारी प्राप्त की। अपर जिलाधिकारी ने पत्रकारों से अपील की कि वे इस महत्वपूर्ण प्रदर्शनी की जानकारी को अपने माध्यम से अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाएँ, ताकि नागरिक सरकार की योजनाओं का लाभ उठा सकें और राष्ट्र निर्माण के विजन से जुड़ सकें।

# कन्नौज: अभ्युदय कोचिंग में छात्रों को डीआईओएस ने पढ़ाया

**समाज जागरण बृजेश चतुवेर्दी**

कन्नौज। जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज ने आज अभ्युदय कोचिंग केन्द्र पीएसएम में छात्रों को मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल परीक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि जीवन की गहन समझ विकसित करने का साधन है।



जिला विद्यालय निरीक्षक ने छात्रों को प्रेरित किया कि वे शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारियों को भी समझें तथा जागरूक नागरिक बनने की दिशा में सतत प्रयास करें।

# इटवा में विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन

## फार्मासिस्टों ने कहा पीपीआर एक्ट लागू होना बहुत जरूरी

**समाज जागरण**

सिद्धार्थनगर। विगत दिन विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर शिवम गेस्ट हाउस, इटवा में यूनाइटेड वेलफेयर फार्मासिस्ट एसोसिएशन के बैनर तले एक भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें जिले भर से सैकड़ों फार्मासिस्ट शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन फार्मासिस्ट प्रेम गुप्ता ने किया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार शुक्ला ने फार्मासिस्टों की उपयोगिता और महत्व पर प्रकाश डालते हुए आश्वासन दिया कि संगठन सदैव उनके हितों की रक्षा के लिए प्रयत्नशील रहेगा। प्रदेश सचिव प्रेम गुप्ता ने फार्मासिस्टों से संगठित रहकर संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। जिला अध्यक्ष अवधेश कुमार ने कहा कि ह्लदवा, डॉक्टर और फार्मासिस्ट का रिश्ता बेहद अहम है, बिना फार्मासिस्ट स्वास्थ्य विभाग अधूरा है। प्रदेश प्रवक्ता यदुनंदन प्रजापति ने सरकार से मांग की कि फार्मासिस्टों को स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ मानते हुए उत्तर प्रदेश में भी PPR एक्ट लागू किया जाए, ताकि फार्मासिस्ट की





भूमिका को विधिक मान्यता मिल सके और स्वास्थ्य व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ हो। मुख्य अतिथि पूर्व बेसिक शिक्षा मंत्री सतीश द्विवेदी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि फार्मासिस्ट स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ की हड्डी हैं। डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन को अमल में लाकर सही दवा उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी उन्हीं पर है। साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया कि फार्मासिस्टों की मांगें, जिनमें PPR एक्ट लागू करने की मांग भी शामिल है, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक तक अवश्य पहुंचाई जाएंगी। इस अवसर पर नगर पंचायत इटवा अध्यक्ष विकास जायसवाल, नगर पंचायत विस्कोहर अध्यक्ष अजय गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य प्रदीप काशोधन, कृष्णा पांडे (भाजपा) सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और फार्मासिस्ट मौजूद रहे। कार्यक्रम में राहुल कुमार, उमेश चौधरी मोहम्मद नसीम, जितेंद्र गुप्ता, दीपक कुमार, ओमकार विश्वकर्मा, अमरेश चौधरी, मोहम्मद शरीफ खान, सोहन चौधरी, अभिषेक त्रिपाठी, शैलेंद्र कुमार, कृष्ण गुप्ता, पंकज मनी, सुधांशु मिश्रा, अखिलेश चौधरी, कमलेश, दुर्गेश, सलाहुद्दीन आदि सैकड़ों फार्मासिस्ट उपस्थित रहे।

# अखंड हिन्दू वाहिनी के मंडल अध्यक्ष ने अवैध क्लीनिक को बंद कराने को दिया प्रार्थना पत्र

जलालाबाद/शाहजहांपुर अखंड हिन्दू वाहिनी के बरेली मंडल अध्यक्ष अनुज सैनी ने जलालाबाद कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर अवैध क्लीनिक पर कार्यवाही करने को दिया प्रार्थनाअनुज सैनी ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि बारहपत्थर जलालाबाद में कांट जलालाबाद रोड पर एक अवैध क्लीनिक व पैथोलॉजी चलाई जा रही है और जिसका संचालन डॉ० धर्मेंद्र कुमार व लक्ष्य प्रताप सिंह करते हैं और जब अखंड हिन्दू वाहिनी के मंडल अध्यक्ष मौके पर पहुंचे तो देखा कि अवैध क्लीनिक में कई मरीज भर्ती हैं और उनके बोतलें लगी हैं और जब अखंड हिन्दू वाहिनी के मंडल



अध्यक्ष ने लक्ष्य प्रताप सिंह से क्लीनिक के बारे में जानकारी चाही तो डॉ० लक्ष्य प्रताप सिंह अभद्रता करने लगे और लड़ाई को आमादा हो गई। मंडल अध्यक्ष अनुज सैनी वहां से चले आए और जलालाबाद कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर पूरी बात बताई। और कहा कि यदि अवैध क्लीनिक व डॉ लक्ष्य प्रताप सिंह पर कार्यवाही नहीं हुई तो बरेली अखंड हिन्दू वाहिनी धरने पर बैठने को मजबूर होगी।

अब सवाल यह है कि अवैध क्लीनिक व पैथोलॉजी का व्यवसाय दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है और अवैध क्लीनिक ऐसे खुल रहे है जैसे सब्जी की दुकान। क्या यह स्वास्थ्य विभाग की बिना मिली भगत के संभव हो सकता है।यह बड़ा प्रश्न है। स्वास्थ्य विभाग को अवैध क्लीनिको पर कड़ा एक्शन लेना पड़ेगा अन्यथा यह लोग,लोगों की जान से खिलवाड़ करते रहेंगे और स्वास्थ्य विभाग शाहजहांपुर पर प्रश्न चिन्ह लगाते रहेंगे।

# कन्नौज: गुगरापुर मे ब्लॉक स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन

**बृजेश चतुवेर्दी**

कन्नौज। युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा मेरा युवा भारत कन्नौज ने विकास खंड गुगरापुर के नितानन्दपुर स्थित भारतीय इंटर कॉलेज मैदान में दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता का उद्घाटन भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत, जिला युवा अधिकारी सागर माहेश्वरी, भाजपा मण्डल अध्यक्ष रजनी पाल, जिला परियोजना अधिकारी अजय त्रिपाठी द्वारा दीप प्रज्वलन एवं फीता काटकर कर किया गया । भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष द्वारा युवाओं को भारत सरकार द्वारा खेलों इंडिया कार्यक्रम के बारे मे अवगत करते हुए अधिक संख्या मे खेलों के प्रति रूचि लेने के लिए खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया गया । वही जिला युवा अधिकारी सागर माहेश्वरी द्वारा भारत सरकार द्वारा ब्लॉक स्तरीय खेल कूद कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि कन्नौज जिले के चार विकास खंडों मे खेल



कूद प्रतियोगिताओ का आयोजन किया जाएगा एवं जो खिलाड़ी प्रथम स्थान प्राप्त करेगे उन्हे जिला स्तरीय खेल कूद कार्यक्रम के लिए चयनित किया जाएगा । उक्त कार्यक्रम मे कुल 6 प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया जिसमे 400 मी दौड़ ( महिला / पुरुष ) , लंबी कूद पुरुष , वालीबॉल पुरुष , कबड्डी महिला एवं स्लो साइकलिंग शामिल रहे। कबड्डी प्रतियोगिता मे कुल चार टीम ने सहभागिता प्राप्त की जिसमे गुगरापुर टीम विजेता हुई । वही वालीबॉल मे विशाल यादव की टीम विजेता हुई । स्लो साइकलिंग मे कांचन प्रथम, सोनाली द्वितीय एवं सोनम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । लंबी कूद प्रतियोगिता मे प्रवीण प्रथम , शिवम द्वितीय एवं श्याम सिंह तृतीय स्थान पर रहे । 400 मी० महिला दौड़ मे रामकेटकी प्रथम , अनामिका द्वितीय एवं सुनैना तृतीय स्थान पर रहे । 400 मी० पुरुष दौड़ मे रामजीत प्रथम , शनि कुमार द्वितीय एवं मयंक तृतीय स्थान पर रहे । सभी विजेता खिलाड़ियों को मोमेंटों , मेडल एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत मे विद्यालय प्रधानचार्य द्वारा सभी अतिथियों एवं खिलाड़ियों को धन्यवाद ज्ञापन दिया गया । कार्यक्रम व्यवस्था मे सुमित एवं आदर्श का पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ । वही निखिल शुक्ला (प्रधान), निवास चंद्र, पेशकार सिंह, चक्रेश पांडे आदि अतिथियो की सहभागिता प्राप्त हुई ।

# कन्नौज: सपा नेताओं की बयानबाजी पर लगाम, विजय द्विवेदी प्रवक्ता नामित

**बृजेश चतुवेर्दी**

कन्नौज। भाजपा के पूर्व सांसद सुब्रत पाठक के भारत और प्रदेश की प्रगति व राष्ट्रवाद पर दिए गए बयान को लेकर समाजवादी पार्टी के स्थानीय नेता सनसनीखेज टिप्पणियां करने लगे। उन्होंने पांव की जूती से तुलना और चौराहों पर पिटाई तक की बात कह दी, जिससे सपा और भाजपा कार्यकताओं के बीच टकराव की स्थिति बनने लगी।

चार दिन पहले सुब्रत पाठक ने नेपाल, बांग्लादेश और श्रीलंका जैसे हालात भारत में होने की सम्भावना पर मीडिया से चर्चा की। उन्होंने कहा कि मोदी और योगी के शासन में देश और प्रदेश प्रगति कर रहे हैं। ऐसे में यदि देशद्रोही सड़कों पर आएं, तो राष्ट्रवादी उन्हें दौड़ाकर रोकेंगे।



उन्होंने राहुल गांधी और अखिलेश यादव के घरों के नाम भी लेकर बयान दिया।

**सपा में बयानबाजी पर हाईकमान ने लगाई रोक**

भाजपा नेता के बयान के जवाब में सपा के स्थानीय नेता और कार्यकताओं ने व्यक्तिगत टिप्पणियां करना शुरू कर दिया। इससे जिले में दोनों दलों के कार्यकताओं में टकराव की स्थिति पैदा हुई। सपा जिलाध्यक्ष कलीम खां ने तुरंत एक पत्र जारी कर कहा कि अब किसी भी तरह का बयान केवल पार्टी द्वारा अधिकृत प्रवक्ता ही देगा। प्रवक्ता के अलावा कोई अन्य बयान देगा तो वह व्यक्तिगत माना जाएगा।

**विजय द्विवेदी बने सपा प्रवक्ता**

सपा हाईकमान ने कन्नौज जिले के भदौसी गांव निवासी विजय द्विवेदी को पार्टी का मुख्य प्रवक्ता नियुक्त किया। अब किसी भी मुद्दे पर समाजवादी पार्टी की ओर से प्रेस कॉन्फ्रेंस और बयान देने का अधिकार केवल वही रखेंगे। इसके बाद सपा में बयानबाजी पर पूरी तरह अंकुश लग गया।

# अभद्रता करने वाले आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही न होने से नाराज सैकड़ों अध्यापको ने कोतवाली का किया घेराव

**संवाददाता तिलहर समाज जागरण**

तिलहर/शाहजहांपुर के विकास खंड तिलहर के कंपोजिट विद्यालय धनेली महेश के स्टाफ के साथ अभद्रता करने वाले आरोपियों के खिलाफ पुलिस द्वारा कार्यवाही न करने के कारण नाराज लगभग 150 अध्यापक कोतवाली तिलहर आ पहुंचे और सभी ने एक स्वर में कार्यवाही की मांग की।




अध्यापकों ने बताया कि कंपोजिट विद्यालय धनेली महेश विकास खंड तिलहर में कल दिनांक 24/09/2025 को उपजिलाधिकारी न्यायिक ने जांच की और चले गए । उपजिलाधिकारी के जाने के बाद शिकायतकर्ता भोलाराम यादव,उसका भाई बच्चन यादव निवासी शिवदासपुर व दो अज्ञात लोगों के साथ आकर विद्यालय स्टाफ से गाली गलौज करते हुए राजकीय अभिलेख फाड़ दिए और स्टाफ को जान से मारने की धमकी दी। इस संबंध में विद्यालय स्टाफ ने कोतवाली तिलहर में तहरीर दी थी।किंतु अभी तक ाऱ१ दर्ज नहीं की गई है।आज दिनांक 25/09/2025 को कोतवाली तिलहर में लगभग 150 शिक्षक एकत्रित हुए और दोषियों पर कार्यवाही करने की मांग की । परंतु कोतवाल ने जांच के पश्चात ाऱ१ दर्ज करने का आश्वासन दिया।

शिक्षकों ने बताया कि भोलाराम यादव शिक्षकों पर अनावश्यक दबाव बना रहा था कि पड़ोस की ही दूसरे विद्यालय गोपालपुर जदीद की प्रधानाध्यापक ने गलत सूचना देकर विद्यालय मर्जर निरस्त करा लिया है और तुम भी गलत सूचना देकर मर्जर निरस्त कराओ।अन्यथा तुम्हें हम ड्यूटी नहीं करने देंगे।

इस दौरान नीरज यादव,रिपुदमन सिंह, राजेश्वर सिंह, रघुनंदन सिंह,रक्षपाल सिंह,गौरव सिंह,भुनेश गंगवार,आनंद गंगवार, ब्रजमोहन सिंह,पवन शुक्ला,अनुराग यादव, अनुराग शर्मा, जितेंद्र आर्य,नीरज सक्सेना,कुलदीप गुप्ता आदि सैकड़ों शिक्षक मौजूद रहे।

# झोलाछाप छाप डॉक्टर चल रहे हैं क्लीनिक अखंड हिन्दू वाहिनी मंडल अध्यक्ष ने मरीज बनकर मारा छापा

अखंड हिन्दू वाहिनी ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही कार्रवाई नहीं की गई तो उन्हें आंदोलन का सहारा लेना पड़ेगा।

जलालाबाद /शाहजहांपुर जिले में अवैध अस्पतालों और झोलाछाप डॉक्टरों की बढ़ती गतिविधियों ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। सीएमओ के आदेशों के बावजूद ऐसे अस्पताल बेखौफ मरीजों का इलाज कर रहे हैं। हाल ही में एक वीडियो सामने आया, जिसमें एक अस्पताल कर्मचारी अवैध रूप से क्लीनिक चला रहे हैं अखंड हिन्दू वाहिनी मंडल अध्यक्ष अनुज कुमार सैनी ने मरीज बनकर मारा छापा अनुज कुमार सैनी ने कहा है मरीज के साथ खिलवाड़ नहीं होंगे किसी कीमत पर अखंड हिन्दू वाहिनी

बरेली मंडल अध्यक्ष अनुज कुमार सैनी ने थाना प्रभारी जलालाबाद को लिखित शिकायत देकर इस



अस्पताल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

**झोलाछाप डॉक्टर धर्मेंद्र कुमार क्लीनिक**

रजिस्ट्रेशन स्वास्थ्य विभाग के पास नहीं है, फिर भी वहां मरीजों का इलाज और ऑपरेशन किए जा रहे हैं। यहां तक कि पैथोलॉजी लैब भी खोल देना इसका लाइव चलते हैं लक्ष्य प्रताप सिंह और सुधीर पर भी अवैध क्लीनिक चला रहे हैं अखंड हिन्दू वाहिनी द्वारा रिकॉर्ड किए गए वीडियो में अस्पताल कर्मचारी को हुए साफ देखा जा सकता है, जिससे अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया अवैध गतिविधियों का खुलासा हुआ।

अखंड हिंदू वाहिनी अनुज कुमार सैनी ने थाना प्रभारी जलालाबाद लिखित प्रार्थना दिया झोलाछाप डॉक्टरों के इलाज से हो रहे खतरों की ओर ध्यान दिलाया। उन्होंने कहा कि इन अवैध अस्पतालों में लोगों की जान खतरे में है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। अखंड हिन्दू वाहिनी ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही कार्रवाई नहीं की गई तो उन्हें आंदोलन का सहारा लेना पड़ेगा।

# दौड़ प्रतियोगिता में स्वर्गधाम वाली गाड़ी से गए छात्र

शाहजहांपुर-संवाददाता।

अल्हागंज नगर से बीते दो दिन पूर्व जनपद स्तरीय दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए गए दर्जनों छात्रों को एक स्वर्गधाम वाली डीसीएम गाड़ी से ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर बहुत तेजी के साथ वायरल हो रहा, वायरल वीडियो की जनमोर्चा पुष्टि नहीं करता है।



बतादें कि स्वर्गधाम एवं मोक्षधाम लिखी गाड़ियों से किसी की मौत होने पर उसकी डेडबॉडी रखकर अंतिम संस्कार के लिए ले जाने के लिए उपयोग में लाया जाता है। यानी कि इस गाड़ी को किसी शुभ कार्य में उपयोग से बचना चाहिए ऐसी मान्यता है। लेकिन यह सारी व्यवस्था किसी और ने नहीं बल्कि भाजपा के जिम्मेदार पदाधिकारी जिला महामंत्री अनिल गुप्ता द्वारा की गई थी। वॉयरल वीडियो में साफ तौर पर देखा जा रहा है कि गाड़ी पर बैठने वाले छात्रों को जिला महामंत्री अनिल गुप्ता द्वारा उन्हें मोक्ष धाम लिखी हुई गाड़ी पर बैठाया जा रहा है। जिसका वीडियो पोस्ट करते हुए पूर्व चेयरमैन राजेश वर्मा के पुत्र अवनीश वर्मा ने जमकर निशाना साधा है। ज्ञात हो कि अल्हागंज से कई दर्जन छात्र-छात्राओं को नमो रन कार्यक्रम में दौड़ने के लिए शाहजहांपुर ले जाया गया था। अवनीश वर्मा का आरोप है कि उन्होंने केवल छात्राओं के लिए बस की व्यवस्था की जबकि छात्राओं के साथ अन्याय किया गया। जबकि फेसबुक पर लग्जरी वाहन उपलब्ध कराए जाने की बातें की जा रही हैं। वही इस सम्बंध में भाजपा जिला महामंत्री अनिल गुप्ता से उनका पक्ष जाने के लिए समाज जागरण जिला संवाददाता ने उन्हें फोन किया लेकिन संपर्क नही हो पाया।

# कन्नौज: भाजपा कार्यालय पर मनी दीन दयाल उपाध्याय जयंती

**बृजेश चतुवेर्दी**

कन्नौज। आज भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया की अध्यक्षता में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती के अवसर पर जिला संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष मानवेंद्र सिंह उपस्थित रहे वही संगोष्ठी का संचालन जिला महामंत्री रामवीर कठेरिया ने किया। मंच पर पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र राजपूत, विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत पूर्व जिला अध्यक्ष योगेंद्र भदौरिया, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य, ब्लॉक प्रमुख पुच्ची ठाकुर, महामंत्री शैलेंद्र द्विवेदी, महामंत्री हरिवक्स सिंह उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि सहित सभी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।




मुख्य अतिथि ने पंडित जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत वर्ष की महान और गौरवशाली संस्कृति को समय-समय पर अनेक महापुरूषों ने अपने चिंतन एवं दर्शन से समृद्ध किया है। ऐसे ही एक महान और आदर्श व्यक्तित्व हैं, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन मानव सेवा, समाज सेवा और राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित कर दिया। उन्हीं के पद चिन्हों पर आज देश के प्रधानमंत्री व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री चल रहे हैं। आज की प्रदेश व केंद्र की सरकार मोदी, योगी के नेतृत्व में गांव गरीब किसान नौजवान और महिलाओं के सम्मान व उनके उत्थान के लिए काम कर रही है उन्होंने आगे कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय आधुनिक भारत के एक संत तुल्य व्यक्तित्व थे। उनका सामाजिक, आर्थिक, दार्शनिक, आध्यात्मिक और राजनैतिक चिंतन, राष्ट्रवाद और सामाजिक समानता पर आधारित था आज पार्टी संगठन भी उनकी बातों का अनुसरण राष्ट्र के विकास में अपना योगदान दे रहा है।

जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने कहा पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जीवन देश और समाज की सेवा के लिए पूरी तरह समर्पित रहा। उन्होंने हमेशा संगठन को सर्वोपरि माना और व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा से ऊपर उठकर राष्ट्रहित के लिए कार्य किया आज उन्हीं के पद चिन्हों पर चलकर मोदी जी और योगी जी लगातार समाज के हर वर्ग को न्याय दिलाने का काम कर रहे हैं। वीर सिंह ने बताया कि दीनदयाल ने संघर्षमय परिस्थितियों को अपने संकल्प और कर्मनिष्ठा से अवसर में बदला है और ऐसे महापुरुष को मै प्रणाम करता हु जिन्होंने ने अपने जीवन को राष्ट्र उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। इस मौके पर अशोक सिंह, रामानंद, प्राची गुप्ता, राजेश राजपूत, शरद मिश्रा, शिवेंद्र ग्वाल, समुद्र श्रीवास्तव, मनीष अवस्थी, प्रभात बाजपेई, आशुतोष मिश्रा, विशाल दुबे, अभिषेक पांडे, श्यामू राजपूत, मिथिलेश बाथम, हिमांशु सक्सेना, विपिन द्विवेदी, लोकेंद्र चौहान, राजन अवस्थी सहित सैकड़ो भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कन्नौज: एसएचओ कोतवाली के खिलाफ कोर्ट ने दिया कार्रवाई का आदेश

**बृजेश चतुवेर्दी**

कन्नौज। कोतवाली प्रभारी जितेन्द्र सिंह के खिलाफ सीजेएम ने कार्यवाही का आदेश दिया हैं। कोतवाल पर उच्च न्यायालय से संबंधित 39 मामलों में आख्या प्रस्तुत न करने का आरोप है।

सीजेएम न्यायालय ने पहले एक नोटिस जारी किया था। इसमें कहा गया था कि थाने से आख्या न मिलने के कारण उच्च न्यायालय की पत्रावलियों में प्रोसेस का तामील नहीं हो पाया। कोतवाल से व्यक्तिगत उपस्थिति के साथ स्पष्टीकरण मांगा गया था।

कोतवाली के पैरोकार और न्यायालय कर्मचारियों से आख्या लेने के बाद भी कोतवाल ने कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया। यह कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही मानी गई है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रद्धा भारतीय ने कोतवाल के विरुद्ध धारा-388 के तहत कार्यवाही करने का आदेश दिया है।

थानाध्यक्ष को 4 अक्टूबर को अपना पक्ष रखने का मौका दिया गया है। सीजेएम ने आदेश की प्रति जनपद न्यायाधीश कन्नौज, डीजीपी और पुलिस अधीक्षक को भेजने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि इससे चार दिन पहले ही कोतवाल को दो वर्ष का विधिक प्रशिक्षण कराने के निर्देश दिए गया था।

# कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, बरही में फूड पॉइजनिंग की सूचना पर खाद्य सुरक्षा विभाग की जांच

**मिंटू कुमार समाज जागरण ।**

हजारीबाग अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, हजारीबाग डॉ. शशि जायसवाल के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी मो0 मंजर हुसैन की अगुवाई में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, बरही




का निरीक्षण किया। यह कार्रवाई विद्यालय में फूड पॉइजनिंग की सूचना प्राप्त होने के उपरांत की गई। जांच के दौरान टीम द्वारा विद्यालय के किचन, स्टोर रूम एवं डाइनिंग क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। मौके से सरसों तेल, अरवा चावल, उसना चावल, आटा एवं छात्रों द्वारा खाया गया तला हुआ चूड़ा का नमूना संग्रहित कर राज्य खाद्य जांच प्रयोगशाला, नामकुम भेजा गया। प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर यदि खाद्य सामग्री गुणवत्ता एवं मानक के अनुरूप नहीं पाई जाती है, तो खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।निरीक्षण के दौरान विद्यालय के वार्डन को निम्न निर्देश दिए गए:किचन एवं डाइनिंग क्षेत्र की सफाई सुनिश्चित करने।खिड़कियों में नेट लगाने। मिलावट रहित खाद्य सामग्री के उपयोग की गारंटी करने। किचन में कार्यरत रसोइयों को मास्क, कैप एवं एप्रन पहनकर ही भोजन तैयार करने के निर्देश दिए गए।

## --शारदीय नवरात्र पर किया गया औषधीय पौधरोपण

**समाज जागरण संवाददाता कटकमसांडी**

शारदीय नवरात्र आश्विन शुक्ल चतुर्थी, दिन गुरूवार को दुर्गा मां के मां



कुष्मांडा स्वरूप के आराध्य अवसर पर कटकमसांडी के शाहपुर स्थित चिरूआं पहाड़ी योगेश्वर महादेव धाम परिसर में औषधीय गुणों से परिपूर्ण कोनार और मधुसूदनी (इंसुलिन) पौधों का रोपण किया गया। पौधरोपण मे सक्रिय भूमिका पतंजलि के कार्यवाहक अध्यक्ष अजीत कुमार द्वारा निभाई गई। बता दें कि अजीत कुमार योग शिक्षक भी हैं और योग से रोग बगाने का गुर लोगो को नियमित देते रहते हैं। साथ ही क्षेत्र के विभिन्न सरकारी कार्यालयों व शिक्षण संस्थानों मे औषधीय पौधों का रोपण करते रहते हैं।

# विधि व्यवस्था को लेकर प्रशासन ने दुर्गा पूजा पंडालों का किया निरीक्षण

### प्रशासन ने पूजा समिति को दिया विशेष दिशा निर्देश

**कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव**

बड़कागांव प्रखंड में अश्वनी दुर्गा पूजा शांतिपूर्वक संपन्न कराने को लेकर गुरुवार को एसडीपीओ पवन कुमार ,बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल एवं बड़कागांव थाना प्रभारी कृष्ण कुमार गुप्ता ने स्थानीय प्रशासन की ओर से प्रखंड में तमाम दुर्गा पूजा पंडाल का भ्रमण किया निरीक्षण किया। इस दौरान



प्रशासन की ओर से पूजा समिति को कई विशेष दिशा निर्देश दिए गए ,जिसमें विधि व्यवस्था को लेकर सीसीटीवी कैमरा लगाने के अलावा पूजा अर्चना में शांति व्यवस्था को लेकर वालंटियर तथा महिला पुरुष की अलग-अलग दीर्घा बनाने के लिए पूजा समिति को विशेष दिशा निर्देश दिया गया है ।ताकि पूजा करने के लिए किसी भी श्रद्धालुओं को परेशानी नहीं हो। बादम, हरली, गोंदलपूरा,सॉंड़, अंबाजीत ,नापोखुर्द, मोहगाई कला, बड़कागांव गुरु चट्टी एवं अन्य क्षेत्रों का भ्रमण किया गया।

# भाजपाइयों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई

**समाज जागरण कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव**

बड़कागांव : पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 109 वीं जयंती हरली पंचायत भवन में बड़कागांव पूर्वी उरीमारी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो की अध्यक्षता एवं किसान मोर्चा अध्यक्ष त्रिवेणी महतो के संचालन में मनाई गई। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने बारी बारी से दीनदयाल उपाध्याय की तस्वीर पर पुष्प अर्पित



कर नमन किया। वहीं मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जीवनी पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। मौके पर मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, मंडल सांसद प्रतिनिधि महेंद्र महतो, किसान मोर्चा अध्यक्ष त्रिवेणी महतो, उपाध्यक्ष किशोर राणा, कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी, बलदेव राम, सचिदानंद पांडेय, रवि दांगी, नागेश्वर महतो, राम राणा, कुलेश्वर महतो, प्रयाग महतो समेत कई महिला पुरुष शामिल थे।

# 80 लाख की डकैती घटना का पुलिस ने किया उदभेदन ,

### अपराधी हुए गिरफ्तार, लूटे हुए गहने बरामद

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ**
**समाज जागरण हजारीबाग।**

हजारीबाग पुलिस को लुट मामले में बड़ी सफलता मिली है। जिसमें 13.09.2025 को मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के ग्राम बभनी में अन्निदता मल्लिक उम्र करीब 35 वर्ष पे० सुमन कुमार मल्लिक सा०-बभनी थाना मुफ्फसिल जिला हजारीबाग के घर में रात्रि में घुसकर जान मारने के नियत से अज्ञात अपराधकर्मियों के द्वारा डकैती की घटना को अंजाम दिया गया। लगभग (08) आठ की संख्या में डकैतों के द्वारा 80 लाख रूपया के गहने को लूट लिया गया। इस बाबत हजारीबाग पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने प्रेस वार्ता कर बताया कि मुफ्फसिल थाना काण्ड सं0-155/25, दिनांक-15.09.25, धारा-310 (2) बी०एन०एस० दर्ज किया गया था एवं काण्ड की गम्भीरता को देखते हुए अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी सदर, हजारीबाग के नेतृत्व में एक एस०आई०टी० टीम का गठन किया गया। इसी क्रम में दिनांक-25.09.2025 को रात्रि में करीब 02:00 बजे पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग को गुप्त प्राप्त हुई कि हत्यारी जंगल में कुछ संदिग्ध व्यक्ति मौजुद है। सूचना का सत्यापन हेतु एस०आई०टी० टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई, जिसमेंडकैती काण्ड के मुख्य अभियुक्त (1) रणवीर कुमार सिहं उर्फ छोटु उर्फ जोकर (2) सन्नी कुमार गुप्ता (3) राहुल



कुमार यादव (4) विपुल कुमार सिंह उर्फ सुशील कुमार को हत्यारी जंगल से गिरफ्तार किया गया एवं कांड ने लूटे गये जेवरात एवं 01 एक पिस्टल बरामद किया गया।गिरफ्तार अभियुक्त रणवीर कुमार सिहं उर्फ छोटु उर्फ जोकर के निशानदेही पर कांड के अन्य अभियुक्त (5) राजेश कुमार यादव (6) सुरेन्द्र उराँव 7) विपिन कुमार सिंह (8) रवि राय (9) दिनेश कुमार यादव उर्फ सन्नी को विधिवत गिरफ्तार किया गया तथा कांड में लूटे शेष अन्य जेवरात एवं घटना ने प्रयुक्त (02) दो मोटरसाईकिल जिसका नम्बर JH02AY6087 एवं JH02BL 44 90 को जप्ती सूची बनाकर जप्त किया एवंइस डकैती काण्ड का सफल उद्‌भेदन किया गया।

गिरफ्तार व्यक्ति का नामः1. रणवीर कुमार सिहं उर्फ छोटु उर्फ जोकर पिता स्व० पतु सिहं सा० बभनयै थाना मुफ्फसिल जिला हजारीबाग 2. राजेश कुमार यादव उम्र 19 वर्ष पिता हरि यादव, सा० नावारवाप, थाना कटकमसांडी, जिला हजारीबाग 3 . सुरेन्द्र उराँव उम्र 24 वर्ष पिता स्व० शोभन उरॉव, सा० बारीगोला, झुंझी, थाना कटकमसाडी, जिला हजारीबाग 4. विनिन कुमार सिंह उम्र 23 वर्ष पिता स्व० संजन सिंह, स्थायी पता-ग्राम बसिया कुम्हारी पोख्ता, थाना+जिला गुमला, वर्ततमान सा० हटिया नीचे, थाना जगरनाथपुर, जिला राँची 5. रवि राय उम्र 23 वर्ष पिता दशरथ राय, स्थायी पता ग्राम चौतनावा, थाना शाहपुर, जिला पटना (बिहार), वर्तमान पता जे०पी० मार्केट धुर्वा, थाना विधानसभा, जिला राँची 6. दिनेश कुमार यादव उर्फ सन्नी उम्र 23 वर्ष पे० भीमलाल यादव सा०-नवाखाप, थाना-कटकनसांडी जिला हजारीबाग 7. विपुल कुमार सिंह उर्फ सुशील कुमार सिंह पिता सुधीर सिंह, सा० बमनवे, थाना मुफ्फसिल, जिला हजारीबान 8.सन्नी कुमार गुप्ता उम्र 23 वर्ष पे० महेन्द्र साव सा०- रामनगर थाना-कटकमदाग, जिला-हजारीबाग 9. राहुल कुमार यादव उम्र 25 पे०-उमेश गोप सा०- रामनगर थाना-कटकमदाग,जिला-हजारीबाग।

बरामद समानः-1. मोटरसाईकिल-02 2. एक देशी पिस्टल जिसपर मेड इन जापान लिखा हुआ। 3. दो 7.65 टट का जिन्दा कारतुस 4. सोना का कुल 131 आभूषण, जिसका कुल वजन लगभग-1100 ग्राम। 5. चाँदी का सिक्का 25 पीस । 6. मोबाइल-06 पीस।

# हर साल के भांति इस साल भी पूरे गरम जोशी के साथ मनाया गया कामरेड जयंत गांगुली स्मृति दिवस!

### 25 सितंबर 2025 स्मृति दिवस

**समाज जागरण**

30 वां स्मृति दिवस का आयोजन भाकपा माले (लोकल कमेटी) हैसालौंग के द्वारा किया गया जिसमें झंडोत्तोलन पार्टी के किसान नेता कामरेड सोहराय किस्कू द्वारा एवं सर्वप्रथम माला अर्पण मुख्य अतिथि राजधनवार के पूर्व विधायक राजकुमार यादव द्वारा किया गया एवं बारी-बारी से सभी कामरेड साथी माल्यार्पण किया तत्पश्चात मंच अध्यक्षता लोकल सचिव कामरेड रामदेव राम संचालन गोविंद राम अमित राणा रामप्रवेश गोप ने संयुक्त रूप से किया! वक्ताओं में पूर्व विधायक राजकुमार यादव, भाकपा माले के केंद्रीय सदस्य कॉमरेड आर डी मांझी, राज्य सदस्य राजेन्द्र गोप मजदूर नेता बैजनाथ मिस्त्री वरिष्ठ कथाकार कालेश्वर गोप, अशोक गुप्ता, शाहिद अंसारी, मनीष यादव कृष्णा गोप विजेंद्र प्रसाद रामगढ़ जिला सचिव हीरा गोप, रहे



कामरेड जयंत गांगुली 1970 -72 ई का समय था 1976 के नक्सलबाड़ी के संघर्ष के बाद नक्सल आंदोलन फेरता चला गया पश्चिम बंगाल में आंदोलन की गूंज पूरे देश में देने लगा था कोलकाता में दमन बेहद जोरतापूर्ण था ऐसी स्थिति में जयंत एक पत्र लेकर झारखंड के गिद्दी सी कोलिवारी मैं आए थे मैं वह कोलकाता के प्रिंस कॉलेज के छात्र रह चुके थे भाकपा माले का एक यूनिट मजदूरों के बीच चल रहा था जैन गांगुली इस क्षेत्र में अपना कार्य क्षेत्र बनाया यहां के भुवाओं को जागरूक किया पार्टी क्लास कर लोगों के अंदर राजनीतिक चेतना भरने का कार्य किये दनिया के जंगलों में भी अपनी पार्टी के विचारधाराओं को जोड़कर दमन शोषण महाजनों जिमेदारों, के खिलाफ लोगों को गोल बंद कर कई आंदोलन चलाएं लोगों को हक अधिकार के प्रति सचेत किये उन्होंने आदर्श कामरेड शीप की स्थापना की पार्टी के लोगों के अंदर सांस्कृतिक चेतना के लिए संस्कृत टीमों को बनाने की सलाह दी जैन गांगुली 2 वर्ष तक जेल में रहे जब वह रिहा होकर लौटे तो उन्होंने हजारीबाग के कई इलाके में नौजवानों को गुलबंद किया और बड़ी आंदोलन के सर्वहारा वर्गो में अपनी पहचान बनाई आज इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से भुवनेश्वर बेदिया, कालेश्वर रजवार लाली बेदिया, सुनील किस्कू, धनु मांझी, बबन गोप अमल घोष विनोद प्रसाद महेंद्र प्रसाद विकास प्रसाद मानाराम टुडू जलेसर रजवार महेश गोप गंगा गोप लालचंद बेदिया, उमेश राम सुखराम मांझी, चंद्रदेव राणा सुरेश कुमार तिवारी संजय गोप , दिनेश प्रसाद मनीष प्रसाद छोटन राम दिलीप रजवार इत्यादि लोग उपस्थित रहे

# सी0 सु0 बल द्वारा मेरू बाजार में चलाया स्वच्छता अभियान

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ**
**समाज जागरण हजारीबाग।**

भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा एक दिन, एक घंटा, एक साथ राष्ट्रव्यापी स्वच्छता श्रमदान अभियान शुरू किया गया था। यह एक राष्ट्रव्यापी स्वैच्छिक श्रमदान कार्यक्रम है, जो प्रत्येक वर्ष 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती के अवसर पर आयोजित की जाती है। यह अभियान पंडित जी के जीवन और आदर्शों से प्रेरित है, जो राष्ट्र निर्माण में समाज के अंतिम व्यक्ति की भागीदारी पर जोर देते थे।




प्रशिक्षण केंद्र एवं विघालय, सीमा सुरक्षा बल, मेरू, हजारीबाग ने स्वच्छता पखवाड़ा के श्रृखलाबद्ध कार्यक्रम में आज प्रातः 8 से 9 बजे तक ह्वएक दिन, एक घंटा, एक साथ श्रमदान अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें संस्थान के कुल 5 अधिकारी, 47 अधीनस्थ अधिकारी , 65 जवान, 50 प्रशिक्षु और मेरू बाजार के लगभग 30 नागरिक शामिल थे। सभी ने मिलकर परिसर के निकट मेरू बाजार में स्वच्छता कार्य किया। इस अभियान का उद्देश्य सिर्फ इस इलाके की सफाई करना नहीं, बल्कि पूरे देश को स्वच्छता के प्रति जागरूक और सामूहिक जिम्मेवारी की भावना को प्रबल करना था। यह एक सफाई अभियान से बढ़कर, एक संकल्प है जो एक स्वच्छ, शिक्षित एवं सशक्त राष्ट्र के निर्माण की दिशा में हमारी सामूहिक योगदान एवं प्रत्येक व्यक्ति की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। स्वच्छता सिर्फ सरकार या सफाईकर्मियों की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह देश के हर नागरिक का कर्तव्य है। जब सभी लोग स्वेच्छा से एक घंटे के लिए एकजुट होकर अपने आसपास के क्षेत्रों की सफाई करते हैं, तो इससे सामूहिक जिम्मेदारी और कर्तव्यनिष्ठा की भावना बढ़ती है। यह एक ऐसी पहल है, जिसका प्रभाव बहुत व्यापक होता है, क्योंकि यह लोगों को सिखाता है कि एक साथ मिलकर किए गए छोटे-छोटे प्रयास भी बड़ा बदलाव ला सकते हैं। यह पहल नागरिकों और सुरक्षा बलों के बीच सहयोग और साझेदारी को भी दशार्ता है। सीमा सुरक्षा बल इस प्रकार के कार्यक्रम में सदैव ही अपनी बहुउद्देशीय भूमिका निभाता रहा है।

# विधायक प्रदीप प्रसाद ने डी एम एफ टी की बैठक में उठाए हजारीबाग के विकास से जुड़े अहम मुद्दे

### डी एम एफ टी न्यास परिषद के समक्ष रखी कई महत्वपूर्ण माँगें

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक**
**समाज जागरण हजारीबाग।**

हजारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद ने गुरुवार को समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट की न्यास परिषद की बैठक में शामिल हुए। बैठक के दौरान विधायक ने हजारीबाग के सर्वांगीण विकास के लिए कई ठोस प्रस्ताव रखे। विधायक के प्रमुख माँगें हजारीबाग सदर विधान सभा क्षेत्र में प्रखंड स्तर पर ई-पुस्तकालयों की स्थापना की जाए ताकि हर वर्ग के विद्यार्थी और युवाओं को डिजिटल ज्ञान तक पहुँच मिले। हजारीबाग नशे की चपेट में है, अतः नशामुक्ति केंद्रों की स्थापना अति आवश्यक है। सभी थानों में पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। पंचायत स्तर पर किसानों को मधुमक्खी पालन और मशरूम उत्पादन के लिए प्रोत्साहित किया जाए। हाई मास्क लाइट की व्यवस्था शहरी क्षेत्र के सभी वार्ड और ग्रामीण क्षेत्रों के पंचायत अंतर्गत मुख्य स्थानों में स्तर




तक की जाए।शहरी एवं प्रखंड स्तर पर मुख्य स्थानों में सुरक्षा के मद्देनजर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएँ। हजारीबाग माइनिंग का बड़ा केन्द्र है ऐसे में जिले में माइनिंग इंजीनियरिंग कॉलेज की स्थापना की जाए। विधानसभा क्षेत्र के जरूरतमंद इलाकों में डी एम एफ टी मद से ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराए जाएँ। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की सभी सड़कों और नालियों का पुनर्निर्माण कराया जाए,साथ ही बिजली, पानी और खेलकूद की सुविधाओं को और बेहतर किया जाए। इस अवसर पर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि, DMFT की बैठक में हजारीबाग की जनता से जुड़े बुनियादी मुद्दों को प्राथमिकता से रखा है। मेरा उद्देश्य है कि क्षेत्र का कोई भी नागरिक बुनियादी सुविधाओं से वंचित न रहे। शिक्षा, स्वास्थ्य, ऊर्जा, स्वच्छता और रोजगार जैसे क्षेत्रों में ठोस कदम उठाकर हजारीबाग को एक नए विकास मॉडल के रूप में स्थापित करना हमारी प्रतिबद्धता है।

बैठक में माननीय सांसद मनीष जायसवाल, बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी, बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव, मांडू विधायक तिवारी महतो, उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह, पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन सहित सभी विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे और जिले के विकास से जुड़ी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार विमर्श किया।

# मांडू विधायक तिवारी महतो ने डाड़ी प्रखंड में कुल 18 विधायक प्रतिनिधि बनाएं।

### डाड़ी प्रखंड के सभी प्रतिनिधियों को नियुक्ति पत्र व हार्दिक शुभकामनाएं - तिवारी महतो।

**समाज जागरण गुलचंद महतो**
**डाड़ी प्रखंड हजारीबाग।**

आज मांडू विधानसभा क्षेत्र के विधायक तिवारी महतो अपने आवासीय घर पर डाड़ी प्रखंड के लगभग आजसू के 17 कार्यकताओं को विधायक प्रतिनिधि व भाजपा का एक मात्र नेता बंसत प्रजापति को विधायक प्रतिनिधि बनाया गया है। मांडू विधायक तिवारी महतो सभी को नियुक्ति पत्र व फुलमाल पहनाकर स्वागत किया और सभी विधायक प्रतिनिधियों को कहा कि आप सभी सम्मानित लोग डाड़ी प्रखंड में सभी प्रकार के कार्यों में सफलता कार्य कीजिए। सभी प्रकार के विधायक प्रतिनिधि जैसे -सीसीएल अरगड्डा



क्षेत्र का गुड्डू यादव,डाड़ी प्रखंड सह अंचल कार्यालय का भुनेश्वर महतो, गृह विभाग गिद्दी थाना का मोहनलाल महतो, मांडू गृह विभाग, मांडू थाना का दिवाकर महतो,बीस सुत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति का अनिल महतो,वन एवं पर्यावरण सह अंचल का राजकुमार महतो, पेयजल एवं स्वच्छता का प्रकाश महतो, स्वस्थ्य का संजीत पटेल, मनरेगा का बिमल महतो, कल्याण का बिनोद किस्कू, विधुत का बलवीर प्रजापति, खाद्य एवं आपूर्ति का पूनम देवी, कृषि का भाजपा नेता बंसत प्रजापति, कल्याण विभाग का बिनोद प्रसाद, जेएसपीएल का तिलेश्वरी देवी, महिला एवं बाल विकास का संगीता देवी, शिक्षा विभाग का बलसगरा मुखिया सुदर्शन भुईयां एवं अल्प संख्यक विभाग का शाहरूद्दीन अंसारी को विधायक प्रतिनिधि बनाया गया है और सभी विधायक प्रतिनिधियों को मांडू विधायक तिवारी महतो ने बधाई दी।

# उत्पाद विभाग की कारवाई,शराब अवैध निर्माण एवं बिक्री के विरुद्ध विशेष छापेमारी अभियान

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक**
**समाज जागरण हजारीबाग।**

उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह के निदेर्शानुसार तथा सहायक आयुक्त उत्पाद, हजारीबाग के नेतृत्व में उत्पाद विभाग एवं गया मद्य निषेध विभाग की संयुक्त टीम द्वारा चौपारण थाना अंतर्गत भण्डार, परसातरी एवं आसपास के क्षेत्रों में महुआ शराब के अवैध निर्माण एवं बिक्री के विरुद्ध विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया। अभियान के क्रम में संचालित जलती भट्ठियों को ध्वस्त किया गया। अत्याधुनिक तकनीक जैसे ड्रोन एवं ड्रम कटिंग मशीन का उपयोग कर छापेमारी को सफल तापूर्वक अंजाम दिया गया। इस दौरान लगभग 18,000 किलो ग्राम किन्वयण योग्य जावा महुआ विनष्ट किया गया तथा लगभग 1,200 लीटर तैयार अवैध चुलाई शराब जब्त की गई। साथ ही निर्माण में प्रयुक्त उपकरण भी बरामद किए गए। संलिप्त अभियुक्तों की पहचान की जा रही है एवं उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत अभियोग दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी दल में अवर निरीक्षक उत्पाद सुमितेश कुमार, सहायक अवर निरीक्षक सैयद बशीरुद्दीन, एंथोनी बागे, गया मद्य निषेध विभाग के सहायक अवर निरीक्षक अभय कुमार, उत्पाद आरक्षी अनूप कुमार सिंह एवं सशस्त्र गृहरक्षा वाहिनी के जवान सम्मिलित थे। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि अवैध मद्य निर्माण एवं बिक्री की सूचना तत्काल उत्पाद विभाग को उपलब्ध कराएं।

# जमशेदपुर को मिलेगा पहला इंडोर स्नो पार्क, पीएम मॉल बिस्टुपुर में 27 सितंबर को होगा उद्घाटन

**दैनिक समाज जागरण**
**25.09.2025 चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ) पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**

जमशेदपुर अब इनडोर बर्फबारी का आनंद लेने के लिए तैयार है। शहर का पहला स्नो पार्क "स्नो स्टॉर्म का उद्घाटन 27 सितंबर को बिस्टुपुर स्थित पीएम मॉल के सेकंड फ्लोर में किया जाएगा। यह आकर्षण स्विट्जरलैंड और कश्मीर जैसी ठंडी वादियों का अनुभव जमशेदपुर के बीचोंबीच उपलब्ध कराएगा, जहाँ लोग बिना शहर से बाहर जाए -10त्ड तक के तापमान का रोमांचक अनुभव ले सकेंगे। करीब 6000 वर्गफुट क्षेत्र में फैला यह विशेष रूप से डिजाइन किया गया इनडोर स्पेस एक बफीर्ली वंडरलैंड का रूप देगा। यह स्थल सभी आयु वर्गों के लिए एक पारिवारिक मनोरंजन केंद्र के रूप में विकसित किया गया है, जहाँ रोमांच, मनोरंजन और खूबसूरत दृश्य सभी का संगम होगा। स्नो पार्क का समय सुबह 11 बजे से रात 11 बजे तक रहेगा। स्नो स्लाइड्स और ट्यूबिंग ट्रैक रोमांच प्रेमियों के लिए मुख्य आकर्षण होंगे। बर्फबारी के माहौल में डीजे डांस रिंक, बच्चों के लिए विशेष स्नो प्ले जोन, आरामदायक इग्लू, फैमिली राइड्स




जैसे मेरी-गो-राउंड और खूबसूरत फोटो स्पॉट्स आगंतुकों के अनुभव को यादगार बनाएंगे। सभी टिकटों के साथ जैकेट, ग्लब्स और गमबूट उपलब्ध कराए जाएंगे। आगंतुकों के लिए मोजे पहनना अनिवार्य होगा, जिन्हें पार्क काउंटर से खरीदा भी जा सकेगा। आयोजकों ने बताया कि पूरे पार्क में स्वच्छता और सुरक्षा के उच्च मानकों का पालन किया जा रहा है। बिस्टुपुर के पीएम मॉल में स्थित स्नो स्टॉर्म खरीदारी और खाने-पीने के विकल्पों के साथ आगंतुकों के लिए एक संपूर्ण मनोरंजन स्थल बनेगा। पार्किंग और अन्य सुविधाओं के साथ यह जगह जल्द ही शहर का प्रमुख आकर्षण बनने जा रही है।

आयोजकों ने बताया कि स्नो स्टॉर्म सिर्फ एक मनोरंजन स्थल नहीं, बल्कि पूरे दिन का आनंद देने वाला अनुभव है।

**टैरिफ विवरण**

वयस्क (ऊँचाई 137 से.मी. से अधिक): ₹450/- बच्चे (ऊँचाई 90 से.मी.-137 से.मी.): ₹400/- वरिष्ठ नागरिक (60 वर्ष और उससे अधिक): ₹400/- शिशु (90 से.मी. से कम): ₹200/- (सभी टिकटों पर अतिरिक्त 18% जीएसटी लागू होगा।)

# विधायक संजीव सरदार ने करनडीह एस एस हाई स्कूल में किया सोलर पैनल का उद्घाटन

### विधायक संजीव सरदार के प्रयास से झारखंड नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी द्वारा लगाया गया है 10 KW का सोलर पैनल

**दैनिक समाज जागरण 25.09.2025 चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ) पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**

जमशेदपुर प्रखंड अंतर्गत करनडीह एस एस हाई स्कूल में झारखंड नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी (JREDA) के माध्यम से लगाये गए 10KW का सोलर पैनल का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। स्कूल की छत पर स्थापित इस अत्याधुनिक सौर ऊर्जा संयंत्र का उद्घाटन पोटका विधायक संजिव सरदार ने मुख्य अतिथि के रूप में फीता काटकर किया। यह योजना विधायक के सार्थक प्रयास का नतीजा है, जो न केवल स्कूल को ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर बनाएगा, बल्कि छात्रों के बीच पर्यावरण संरक्षण और नवीकरणीय ऊर्जा के महत्व को भी उजागर करेगा। विधायक ने कहा हर गांव-विद्यालय तक पहुँचेगा हरित



ऊर्जा का संदेश उद्घाटन अवसर पर विधायक संजीव सरदार ने कहा, आज का यह कदम सिर्फ स्कूल को बिजली उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे बच्चों के लिए एक प्रेरणा है कि हमें आने वाले कल के लिए ऊर्जा के वैकल्पिक साधनों पर ध्यान देना होगा। यह सोलर पैनल छात्रों को सिखाएगा कि प्रकृति से तालमेल बनाकर भी विकास की राह पर बढ़ा जा सकता है। मेरा प्रयास है कि भविष्य में अन्य विद्यालयों और पंचायतों में भी इस तरह की पहल को आगे बढ़ाया जाए। समारोह में उपस्थित रहे छात्र-शिक्षक व ग्रामीण उद्घाटन कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका शोभा कुजूर, शिक्षक लूसी तिर्की, समीर टोप्पो, निवास चन्द्र पाण्डेय, तनुजा साव, रूमिता रानी, रूमा महंती समेत स्कूल के सकड़ो छात्र छात्राए शामिल थे।

## 24 महीने बाद जेल से छूट कानपुर आएंगे पूर्व सपा विधायक इरफान सोलंकी

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**

कानपुर। 24 महीने जेल में रहने के बाद आज गुरुवार को समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक इरफान सोलंकी को अब जमानत मिल गई है वह आज शुक्रवार को कानपुर आ सकते हैं। यहां मिली जानकारी के मुताबिक गैंगस्टर एक्ट मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गुरुवार को इरफान, उनके भाई रिजवान समेत 4 लोगों को जमानत दी। इस बीच हाईकोर्ट पहुंचीं विधायक पत्नी नसीम ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि पौने तीन साल से जारी संघर्ष का सफर आज पूरा हुआ। इस बारे में अवगत कराते चलें कि इरफान 2 दिसंबर, 2022 से जेल में बंद हैं। अभी महराजगंज जेल में हैं। इरफान सोलंकी पर कुल 10 केस दर्ज हैं। यह वह आखिरी मामला था, जिसमें इरफान को जमानत नहीं मिली थी। इस मामले में 2 सितंबर को कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। लगभग 2 साल बाद जमानत पर छूट समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक इरफान सोलंकी पर एक झोपड़ी जलाने का आरोप था। इसके बाद एक मुकदमा उनके खिलाफ फर्जी आधार कार्ड बनाने का हुआ था, इसके बाद उन्होंने कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया था। इसके बाद ही उसी महीने में उनके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में मुकदमा लिखा गया था। तभी से वह महाराजगंज जेल में निरुद्ध थे।

## जनपद को 2734.900 मैट्रिक टन फास्फेटिक उर्वरक की रैक मिली

**समाज जागरण दैनिक विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता ने बताया है कि क्षेत्रीय प्रबन्धक इफको प्रतापगढ़ के पत्र द्वारा दी गयी सूचना के अनुसार दिनांक 23 सितम्बर को 2734.900 मैट्रिक टन फास्फेटिक उर्वरक (1972.500 मैट्रिक टन डीएपी एवं 762.400 मैट्रिक टन एनपीएस) की रैक जनपद के लिये प्राप्त हुई है जिसका आवंटन जिलाधिकारी द्वारा किये जाने के उपरान्त जनपद की बी-पैक्स व अन्य विक्री केन्द्रों को उपलब्ध कराकर नियमानुसार वितरित कराया जायेगा। जनपद में फास्फेटिक उर्वरक की कोई कमी नहीं है। उर्वरक विक्री केन्द्रों पर फास्फेटिक उर्वरक पहुँचने के बाद कृषक बन्धु अपने नजदीक की समितियों/विक्री केन्द्रों पर उपस्थित होकर अपनी आवश्यकतानुसार फास्फेटिक उर्वरक प्राप्त कर सकते है।

## महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन कर विशेष ध्यान दे---सी डि ओ ।

**समाज जागरण**
**दैनिक विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीडीओ ने दिनांक 22 सितम्बर से मिशन शक्ति अभियान फेज-5 का 30 दिवसीय विशेष अभियान का शुभारम्भ किया जा चुका है जिसके तहत विभिन्न विभागों द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने, महिलाओं को सशक्त और जागरूक करने का कार्य किया जायेगा। कार्यक्रम को सकुशल व सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिये परियोजना निदेशक डीआरडीए को नोडल अधिकारी बनाया गया है जो सम्बन्धित विभागों से समन्वयक कर कार्यक्रम की सूचना संकलित करते हुये मुख्यालय व शासन स्तर पर प्रेषित करेगें। परियोजना निदेशक द्वारा बताया गया जिन विभागों को जो कार्य कराने है उसकी कार्ययोजना बनाकर प्रस्तुत करें। बैठक में सीडीओ ने बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, उच्च शिक्षा, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, ग्राम्य विकास, पंचायती राज, नगर विकास,



युवा कल्याण, राजस्व, महिला कल्याण, परिवहन विभाग सहित अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किये जाये और महिलाओं को जागरूक किया जाये। मिशन शक्ति अभियान के तहत जो भी कार्यक्रम आयोजित किये जाये उसका सोशल मीडिया, प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रमीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार किया जाये। सीडीओ ने सभी विभागों से आपसी समन्वय स्थापित कर अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया। विभागों के बीच बेहतर समन्वय से अभियान के उद्देश्यों को प्राप्त करने पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि इस अभियान से महिलाओं को सशक्त और जागरूक बनाया जा सकेगा। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मिशन शक्ति अभियान के तहत दिए गए दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें। बैठक में परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, जिला विकास अधिकारी के0एन0 पाण्डेय, डीसी मनरेगा सन्तोष कुमार सिंह, डीसी एनआरएलएम देव कुमार यादव सहित, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त एडीओ पंचायत व अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## तहसील सदर में बीएलओ एवं सुपरवाइजर को दिया गया प्रशिक्षण

**समाज जागरण**
**दैनिक विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। दिनांक 22 सितम्बर व 23 सितम्बर को विधानसभा 247 विश्वनाथगंज एवं दिनांक 24 सितम्बर एवं 25 सितम्बर को 248 प्रतापगढ के बी०एल०ओ० को तहसील सदर प्रतापगढ के सभागार में प्रशिक्षण दिया गया। 247 विश्वनाथगंज विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में उपजिलाधिकारी (न्यायिक)/ निर्वाचक रजि० अधिकारी तनवीर अहमद / तहसीलदार / सहा० निर्वाचक रजि० अधिकारी सदर अनिल कुमार, बी० एल० ओ सुपरवाइजर अर्जुन कुमार और 248-प्रतापगढ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में उपजिलाधिकारी सदर/ निर्वाचक रजि०अधिकारी नैन्सी सिंह एवं तहसीलदार सदर अनिल कुमार एवं बी०एल०ओ० सुपरवाइजर राहुल शर्मा द्वारा प्रशिक्षण दिया। सभी बी०एल०ओ० को सर्व प्रथम वर्ष 2003 की वोटर लिस्ट वितरित की गयी एवं आगामी प्रगाढ़ पुनरीक्षण 2025 के बारे में सभी बी०एल०ओ० एवं सुपरवाइजर को माननीय निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये दिशा निर्देश के अनुसार प्रशिक्षण दिया गया। निर्वाचक नामावली एवं बी०एल०ओ० ऐप से सम्बन्धित समस्त गतिविधियों के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। निर्वाचन से सम्बन्धित समस्त प्रकार के प्रपत्रो के विषय में विस्तृत जानकारी दी गयी।

## माँ बेल्हा देवी घाट पर स्वच्छता ही सेवा के अन्तर्गत चलाया गया सफाई अभियान

**समाज जागरण दैनिक विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी के आदेशानुसार जिला गंगा समिति प्रतापगढ़ एवं सामाजिक वानिकी वन एवं वन्य प्रभाग के द्वारा आज डीएफओ जगदंबिका प्रसाद श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में माँ बेल्हा देवी घाट पर स्वच्छता ही सेवा के अन्तर्गत वृहद स्तर पर घाट पर सफाई अभियान चलाया गया। सदर रेंजर नरेंद्र कुमार वर्मा द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। स्वच्छता ही सेवा थीम स्वच्छोत्सव के अंतर्गत विशेष स्वच्छता अभियान एक दिन एक घंटा एक साथ को सई नदी बेला घाट पर रंगोली प्रतियोगिता, वाद विवाद प्रतियोगिता, संगोष्ठी, रैली का आयोजन किया गया, साथ ही जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे शिवम् यादव द्वारा गंगा स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। सेल्फी प्वाइंट का आनंद बच्चो द्वारा लिया गया और बृहद स्तर पर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया जिसमें एनसीसी एवं स्कूली छात्र छात्राओं एवं अन्य



गणमान्य समाजसेवियों के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। बच्चों को वन विभाग की तरफ से सूक्ष्म जलपान की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर मथुरा प्रसाद इंटर कालेज चिलबिला, डीएवी इंटर कालेज, लोकमान्य तिलक इंटर कालेज, एमडीपीजी कालेज, साकेत गर्ल्स पीजी कालेज दहिलामऊ, राजकीय पॉलीटेक्निक प्रतापगढ़ आदि शिक्षण संस्थाओं के एनसीसी कैडेट्स और छात्र छात्राओ ने सई नदी के बेल्हा घाट की साफ सफाई किया तथा स्वच्छता शपथ लिया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी डॉ अनीस, डॉ विन्ध्याचल सिंह, डॉ एससी शुक्ला, लेफ्टिनेंट सुनील कुमार सहित अवधेश कुमार विश्वकर्मा, पन्नालाल, अजीत कुमार ,सूरज कुमार, बीरेंद्र कुमार पाल, डॉ सुरेश शुक्ल, प्रभात कुमार, डा प्रभा, आलोक कुमार आदि उपस्थित रहे।

## *दुमदुमा में सुश्रुषा सेतु के अंतर्गत मेगा स्वास्थ्य मेला का शुभारंभ ।

**दैनिक समाज जागरण**
**गोरख नाथ गुप्ता।***

'सुश्रुषा सेतु के मद्देनजर दुमदुमा विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य मेले का पहला शिविर आज दुमदुमा सम जिला के रूपाई साइडिंग में आयोजित किया गया । श्रम, चाय श्रमिक और आदिवासी कल्याण मंत्री रूपेश ग्वाला ने रूपाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के मैदान में आयोजित एक सार्वजनिक सभा में कहा, "यह एक साधारण स्वास्थ्य शिविर नहीं है।" इस स्वास्थ्य मेले में 18 वर्ष तक के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा 59 विभिन्न प्रकार के रोगों की जांच कर परामर्श और दवाइयां लेने के साथ ही जरूरत पड़ने पर उन्नत चिकित्सा के लिए अन्य अस्पताल में प्रेरण किया जायेगा। मंत्री ने आशा व्यक्त की कि



राज्य में पहली बार आयोजित इस तरह के स्वास्थ्य मेले से लोगों को भरपूर लाभ होगा। मुख्य अतिथि के रूप में अपने भाषण में, लखीमपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रदान बरुआ ने कहा कि विभिन्न आशा कार्यकताओं, आंगनवाड़ी केंद्रों, चाय बागानों, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, स्कूलों आदि के माध्यम से किए गए प्रारंभिक सर्वेक्षणों में निर्वाचन क्षेत्र के 1516 बच्चों और किशोरों के आने की उम्मीद है। यह संख्या थोड़ी भिन्न हो सकती है। राज्य सरकार ने अब इन लोगों के इलाज की ज़िम्मेदारी ले ली है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक नए भारत के निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो गई है और लोगों से स्वदेशी उत्पादों के उपयोग पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। जिला आयुक्त स्वप्निल पाल की उपस्थिति में अतिरिक्त आयुक्त मिजार्ना हुसैन ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि पूजा के बाद जिले के अन्य निर्वाचन क्षेत्रों में भी इस तरह के निर्वाचन क्षेत्र-आधारित बड़े स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे। इस शिविर में नेत्र, अस्थि, दंत, त्वचा, तंत्रिका विज्ञान, बाल रोग आदि विभिन्न विभागों के विशेषज्ञों द्वारा चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जाएंगी , साथ ही दिव्यांगों की जांच और प्रमाणपत्र भी देने की व्यवस्था की जाएगी । इस कार्यक्रम में तिनसुकिया जिला आयुक्त स्वप्नील पाल , दुमदुमा नगर पालिका अध्यक्ष कांता भट्टाचार्य, लखीमपुर लोकसभा सांसद प्रतिनिधि मुलेन्द्र मोरान , जिला परिषद सदस्य अरुप मोरान , दुमदुमा सम जिला आयुक्ता नुजहत नसरीन, संयुक्त स्वास्थ्य निदेशक डॉ. जयंत भट्टाचार्य, जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी विकास शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग और नागरिक आदि उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों द्वारा जुबिन गर्ग के प्रतिछबि के समक्ष दीप प्रज्वलित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे। दुमदुमा विधानसभा के इस स्वास्थ्य मेला में कुल 2199 रोगी ने अपनी स्वास्थ्य परीक्षण कराया। जिसमें उन्नत चिकित्सकीय के लिए 271 रोगी को असम मेडिकल कॉलेज और गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज और तिनसुकिया मेडिकल कॉलेज बेहतर चिकित्सा हेतु भेज दिया जाएगा।

## दिल्ली की घटना घर से बाहर खेलने के लिए निकले भाई बहन गायब

**राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक**
**समाज जागरण दिल्ली**
**व्यूरो चीफ रमेशचंद्र व्दिवेदी**

न ईदिल्ली/प्राप्त समाचारों के अनुसार पश्चिमी दिल्ली के बाबा हरिदास नगर में एक दिल को झकझोर देने वाली घटनाएं सुनने को मिल रही है बताया जा रहा है कि एक भाई बहन घर से बाहर खेलने के लिए लिए निकले और फिर उनका कुछ पता नहीं चल रहा था। गांव वालों ने बच्चों के गायब होने की उद्द घोषणा कराई फिर भी उन बच्चों का कुछ जानकारी न मिलने से फिर इसकी सूचना पुलिस को दी गई । पुलिस ने आकर सबसे पहले पहले सीसीटीवी



फुटेज चेक करनी शुरू कर दी जिसमें बच्चों को मंदिर के पास जाते हुए देखा गया । पुलिस टीम जब मंदिर परिसर में मौजूद तालाब के पास गयी तो भाई बहन दोनों को उतराते देखा गया । पुलिस ने गहरे तालाब से शव को निकाला और शंका जाहिर किया कि शायद भाई बहन का पैर सीढ़ी से फिसलने से यह ह्रदय विदारक घटना घटी है । गांव से मिली जानकारी के अनुसार दीपक रिक्शा चलाता था और मां आशा वर्कर है । आराध्या 10वर्ष की थीं और रूद्राक्ष 8वर्ष का था ।इस घटना से गांव में शोक लहर व्याप्त है ।

## चोरी मामले में एक आरोपित गिरफ्तार,जेल

**समाज जागरण संवाददाता पृथ्वीराज सरकार**

राधानगर पुलिस ने चोरी के एक आरोपित को गुरुवार की सुबह गिरफ्तार कर



न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना क्षेत्र के केवट पाड़ा निवासी विधान राय के खिलाफ राधानगर थाना में चोरी मामले में थाना कांड संख्या 15/2023 धारा 457/380 भादवि के तहत आपृथमिकी मामला दर्ज था। जिसे उनके घर से छापेमारी कर गिरफ्तार किया गया है। छापेमारी दल में सुनील मेहता सहित अन्य पुलिसवाला मौजूद थे।

## मारपीट करने मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार करें भेजा जेल

**समाज जागरण संवाददाता पृथ्वीराज सरकार**

राधानगर पुलिस ने मारपीट करने मामले में एक आरोपित को छापेमारी



अभियान चलाते हुए उनके घर से गुरुवार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र के कटहल बारी पंचायत अंतर्गत मदीया गांव निवासी मुस्लिम शेख के खिलाफ राधानगर थाना मेंथाना कांडसंख्या401/25धारा-191(2)/ 191 (3)/ 126 (2)/ 115 (2)/ 117(2)/ 109(1)/74/303(2)/351(2) बीएनएस BNS के प्राथमिकी दर्ज था।

## सेवा पखवाड़ा के तहत भाजपा ने चलाया स्वच्छता अभियान

**समाज जागरण संवाददाता पृथ्वीराज सरकार**

भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के निदेर्शानुसार 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक झारखंड के सभी प्रखंडों में सेवा पखवाड़ा के तहत विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम चलाया जा रहे हैं। इसी क्रम में साहिबगंज जिले के उधवा प्रखंड क्षेत्र के मोहनपुर पंचायत सचिवालय प्रांगण में स्थित दुर्गा मंदिर परिसर पर



गुरुवार को भाजपा कार्यकताओं के द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा कार्यकताओं के द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैलिय चित्र पर पुष्प अर्पित कर।मौके पर विक्रम सरकार, निवाई मंडल, धर्मराज मंडल, कुश कुमार रविदास सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## कंचनजंघा टूरिस्ट फेस्टिवल में पहली बार विधायक की पहल पर शामिल हुआ साहिबगंज

### टूरिस्ट सर्किट बनाकर साहिबगंज को विकसित करने की जरूरत - विधायक

**समाज जागरण**
**संवाददाता पृथ्वीराज सरकार**

झारखंड सहित मुख्य रूप से साहिबगंज जिला के पर्यटन स्थल की विशेषता के साथ इस कंचनजंघा टूरिस्ट फेस्टिवल में साहिबगंज जिला पहली बार शामिल हुआ।इसकी पहल राजमहल विधायक मो ताजउद्दीन उर्फ एमटी राजा के माध्यम से किया गया है।उन्होंने कहा कि नॉर्थ ईस्ट का मुख्य केंद्र बिंदु सिलीगुड़ी में आयोजित इस टूरिस्ट फेस्टिवल में झारखंड और विशेष कर साहिबगंज जिला को जोड़ने का प्रयास किया गया है। ताकि हमारा क्षेत्र भी पर्यटन के क्षेत्र में विकसित हो और यहां पर्यटकों का बड़े पैमाने पर आगमन हो।जिसके लिए सुविधा और सुरक्षा भी सरकार के माध्यम से की जाएगी।पर्यटन स्थल के विकास एवं पर्यटकों के लिए झारखंड सरकार के माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन जी,विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन जी एक्सपर्ट के साथ पर्यटन स्थल को सजाने एवं सवरने की कवायद की जा रही है।वही झारखंड सरकार के पर्यटन एवं खेल मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू के माध्यम से लगातार सजाया और व्यवस्थित किया जा रहा है।राजमहल विधायक ने टूरिस्ट फेस्टिवल को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड के साहिबगंज जिला अंतर्गत राजमहल से हूं जो पश्चिम बंगाल का सीमावर्ती और झारखंड का वह इलाका है। जो नॉर्थ ईस्ट को भी जोड़ता है।राजमहल की पहाड़ियां राजमहल का इतिहास और राजमहल की गंगा की अविरल धारा अध्यात्म सभी अपने और आकर्षित करती है। यहां विदेशी पर्यटकों का समय-समय पर आगमन होते रहता है।जिसमें अमेरिका इंग्लैंड स्पेन जिसे अन्य देश के पर्यटक आए दिन राजमहल पहुंचकर यहां के ऐतिहासिक धरोहर और पर्यटक स्थल का भ्रमण करते हैं और झारखंड की संस्कृति को देखते है।झारखंड का एकमात्र पक्षी



अभ्यारण बर्ड सेंचुरी जो राजमहल (उधवा) में है। यहां ठंड के मौसम में नवंबर से फरवरी तक साइबेरियन पक्षियों का आगमन होता है।जो पर्यटक और पक्षी प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र होता है।गंगा तट पर लगने वाले राजमहल का राजकीय माघी पूर्णिमा मेला जिसमें झारखंड पश्चिम बंगाल उड़ीसा छत्तीसगढ़ सहित नेपाल के आदिवासी श्रद्धालु अपने धर्म गुरु के साथ पहुंचकर अखाड़ा लगाकर 7 दिनों तक पूजा अर्चना करते हैं।इसलिए आदिवासी का महाकुंभ भी कहा जाता है।साहिबगंज जिला पर्यटन एवं ऐतिहासिक स्थल से भरा पड़ा है। मोती झरना जलप्रपात, अमर शहीद सिद्धों कान्हू की जन्मस्थली भोगनाडीह, क्रांति स्थल पंचकठिया बरहेट में है।विश्व प्रसिद्ध कन्हाई नाट्यशाला इस्कॉन मंदिर, जामी मस्जिद, बाराद्वारी, सिंघी दलान, अकबरी मस्जिद, फांसी घर , फॉसिल्स पार्क, फूड ग्रैंड फॉसिल्स आदि है।झारखंड की राजधानी रांची के पास वह हुंडरू फॉल्स,जोन्हा फॉल्स, दसम फॉल्स,टाइगर हिल, रॉक गार्डन, बिरसा जूलॉजिकल पार्क ,जगन्नाथ मंदिर, दिउडी मंदिर ,रामगढ़ के पास रजरप्पा मंदिर, गिरिडीह के पारसनाथ पहाड़ पर पारसनाथ मंदिर जो लगभग 27 किलोमीटर की ऊंचाई पर है।दुमका का मसानजोर डैम व बाबा बासुकीनाथ मंदिर,धनबाद का मैथन डैम एवं पंचैत डैम, देवघर का बाबा बैजनाथ धाम मंदिर एवं त्रिकूट पर्वत अपने ऐतिहासिक और अध्यात्म के साथ पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करती है।और यहां विभिन्न राज्यों से पर्यटकों का लगातार आगमन होता है।नॉर्थ ईस्ट सहित अन्य इलाकों से झारखंड के लिए कई ट्रेन संचालित है।जिससे पर्यटक आसानी से पहुंच सकते हैं।वहीं झारखंड के रांची एवं देवघर में एयरपोर्ट भी संचालित है। एयरपोर्ट शुरू होने से पर्यटकों का आवागमन में और भी वृद्धि हुई है।उन्होंने टूरिस्ट फेस्टिवल के माध्यम से लोगों को झारखंड एवं साहिबगंज की विशेषता को बताते हुए भ्रमण करने का आग्रह किया है। जिला प्रशासन साहिबगंज के माध्यम से तैयार किया गया वीडियो फुटेज भी स्लॉट में संचालित की गई। जिसके माध्यम से लोगों ने साहिबगंज जिला के पर्यटन स्थलों को भी देखा और जाना है।इसके अलावे फ्लेक्स बैनर एवं हैंड बिल का भी हजारों की संख्या में वितरण किया गया। जिसमें साहिबगंज जिला एवं झारखंड के विभिन्न हिस्सों में कैसे पहुंचे क्या-क्या माध्यम है। और कितनी दूरियां हैं यह विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई है।इधर राजमहल विधायक के माध्यम से पर्यटन को विकसित करने की इस सकारात्मक पहल की सराहना करते हुए स्थानीय लोग स्थानीय व्यवसाई ने सरहाना की है।

सभी ने कहा कि पहली बार दूसरे राज्य के साथ झारखंड सरकार की समन्वय स्थापित कर पर्यटन को विकसित करने की पहल की गई है जो सराहनीय ह।कार्यक्रम में मुख्य रूप से नॉर्थ ईस्ट पर्यटन के जानकारी और कार्यक्रम के संयोजक राज बसु, प्रसिद्ध फुटबॉलर और भारतीय टीम के पूर्व कप्तान बाईचुंग भूटिया व भूटान के मेयर सहित पश्चिम बंगाल के इलाकों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। यह मेल तीन दिवसीय आयोजित है.

## सौभाग्य राष्ट्र नए अखबार का हुआ शुभारंभ, पत्रकारिता में जुड़ा नया अध्याय

**अभय कुमार मिश्रा,**
**दैनिक समाज जागरण,**
**ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 25 सितंबर 2025: शहर में आज एक नए अखबार का उद्घाटन किया गया। श्रीनाथ विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री नितीश कुमार सिंह, उपायुक्त सरायकेला खरसांवा उपस्थित हुए साथ में विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीनाथ यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति सुखदेव महतो, जनसंपर्क विभाग सरायकेला के अधिकारी अविनाश कुमार, दुर्गेश नंदिनी सीडीपीओ आदित्यपुर, विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष डॉ जे यन दास, जे राजेश ,डीन श्रीनाथ विश्वविद्यालय, समाजसेविका पूरबी घोष, शीश महल के गगन रस्तोगी , बिष्टुपुर डाक विभाग से निशांत कुमार , राष्ट्रपति से सम्मानित शिक्षिका संध्या प्रधान, जागृति दास असिस्टेंट सेक्रेटरी तूइलाडूंगरी ओड़िआ स्कूल, नन्दन उपाध्याय जनसंपर्क विभाग, सरायकेला, संस्कार उदय के दिग्विजय जी, सोहन कुमार पत्रकार , प्रबुद्धजन, सामाजिक कार्यकर्ता, स्थानीय पत्रकार, जनप्रतिनिधि और



पत्रकार मौजूद रहे।
कार्यक्रम की शुरूआत उपायुक्त श्री नितीश कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलन और फीता खोलकर समाचार पत्र की उद्घाटन की गई। उन्होंने संस्थापक एवं पूरे समाचार पत्र के समूह को शुभकामनाएं दी, साथ ही इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि नया अखबार समाज की आवाज बनेगा और निष्पक्ष पत्रकारिता को नई दिशा देगा। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और जनता की समस्याओं को सामने लाना ही इसका प्रमुख उद्देश्य है।
नए अखबार की टीम ने एवं सौभाग्य राष्ट्र के मुख्य संरक्षक मनमोहन सिंह राजपूत ने आश्वासन दिया कि उनकी प्राथमिकता आम जनता की जमीनी समस्याओं, युवाओं के सपनों और किसानों-मजदूरों की आवाज को प्रमुखता देना होगी। साथ ही समाज में सकारात्मक सोच और रचनात्मकता को बढ़ावा देने का भी प्रयास किया जाएगा।
मुख्य संपादिका डॉ शालिनी प्रसाद एवं उप संपादिका शिवांगी सिंह की अहम भूमिका रही इस समाचार पत्र को प्रकाशित करने में, साथ ही साथ उप संपादक डॉ नवीन प्रधान, संवाददाता सुशील सारंगी, माधव चन्द्र साहू, देवाशीष नायक की भी अहम भूमिका रही
उद्घाटन समारोह में शामिल लोगों ने उम्मीद जताई कि यह अखबार शहर व क्षेत्र की जनता के लिए एक सशक्त मंच साबित होगा।

## पोटका में जनवितरण प्रणाली की दुकान की जांच, पदाधिकारियों ने जताई नाराजगी

**परमवीर पात्रों,दैनिक समाज जागरण, संवाददाता, जमशेदपुर (झारखंड) 25 सितंबर 2025**

जमशेदपुर/पोटका। हल्दीपोखर स्थित जनवितरण प्रणाली की दुकान की जांच जिला प्रशासन की टीम ने की। दुकान संचालक भीरघु कालिंदी के गोदाम में अनाज का रख-रखाव ठीक से नहीं पाया गया। वहीं, स्टॉक रजिस्टर भी अद्यतन नहीं मिला।

जांच के दौरान अनियमितता देखकर पदाधिकारी भड़क उठे और





दुकानदार को कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी।
पदाधिकारियों ने साफ कहा कि जनवितरण प्रणाली की दुकानों में पारदर्शिता और अनुशासन अनिवार्य है, लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## ढिगावा मंडल में सेवा पखवाड़े के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण, ( महेन्द्र प्रजापत बहल )**



बहल- ढिगावा, 25 सितम्बर। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती एवं 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चल रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत ढिगावा मंडल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व कृषि मंत्री श्री जयप्रकाश दलाल ने किया। इस अवसर पर कमलेश भोडुका ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके अंत्योदय सिद्धांत की महत्ता बताई। शिविर में नव-निर्मित मार्केट कमेटी चेयरमैन संजय नेहरा, जिला पार्षद महेंद्र, मंडल अध्यक्ष मुरारी लाल शर्मा, मंडल प्रभारी सुनील शर्मा, मंडल संयोजक डॉ. मंजीत, वरिष्ठ भाजपा नेता रामकिशन कुड़ल, सरपंच धर्मवीर नेहरा, सतेंद्र मान, विरेंद्र लाम्बा, महामंत्री विरेंद्र नकीपुर, अनिल तिगालिया, संदीप नेहरा, जिला कार्यकारिणी सदस्य मुर्ति हरियावास, महामंत्री सुरेश भुगला, आई टी सेल संयोजक जितेंद्र शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष सरपंच राकेश जोगी सहित भाजपा मंडल की टीम एवं अजीत आदि उपस्थित रहे। रक्तदान शिविर में युवाओं व कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

## लूट की वारदात का खुलासा, पुलिस ने मुख्य आरोपी को किया गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण, विजय तिवारी**

शहडोल। थाना गोहपारू पुलिस द्वारा गत माह हुई लूट की वारदात का सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी मोनू सिंह कुशवाहा की गिरफ्तारी के उपरांत अब उसके अन्य साथियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। विदित हो कि 05 अगस्त 2025 को फरियादी अनिल कुमार सोनी अपने पुत्र के साथ खन्नौधी साप्ताहिक बाजार से ज्वेलरी बेचकर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान चार अज्ञात व्यक्तियों द्वारा रास्ते में उनकी मोटर साइकिल गिराकर नकदी लूट ली गई थी। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज एवं हाथापाई कर हवाई फायरिंग भी की थी, जिसके बाद आरोपीगण फरार हो गये थे। मामले में गहन जांच एवं सतत प्रयासों से गोहपारू पुलिस ने पहले आरोपी मोनू सिंह कुशवाहा को गिरफ्तार किया था। अनुसंधान की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए गोहपारू पुलिस ने दिनांक 25.09.2025 को जिला मुरैना में दबिश देकर घटना में संलिप्त अन्य दो आरोपियों 1. देशराज सिंह कुशवाहा, पिता अजमेर सिंह, उम्र 33 वर्ष, निवासी ग्राम रुवार मेन बसई, थाना सुमावली, जिला मुरैना (म.प्र.), 2. उमाशंकर शर्मा उर्फ उमा पंडित, पिता सतीश शर्मा, उम्र 29 वर्ष, निवासी ग्राम जौरा, जिला मुरैना (म.प्र.) को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया है। पूछताछ के दौरान यह तथ्य भी सामने आया कि घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाइकिल को आरोपियों ने घटना वाले दिन ब्यौहारी क्षेत्र से चोरी किया था। उक्त मोटरसाइकिल से ही चारों आरोपियों ने फरियादी की बाइक का पीछा कर वारदात को अंजाम दिया था। इस में उक्त पल्सर मोटरसाइकिल को गोहपारू पुलिस द्वारा आरोपियों के कब्जे से जप्त किया गया है।

उक्त आरोपीगण मुख्य आरोपी मोनू सिंह कुशवाहा के साथ लूट की वारदात में सक्रिय रूप से संलिप्त थे। शेष फरार आरोपियों की तलाश हेतु थाना गोहपारू पुलिस द्वारा सघन प्रयास जारी हैं।

# दशहरे बाद भाजपा में बम्पर नियुक्तियां

### भाजपा के मैदानी कार्यकताओं को एडजस्ट करने की कवायद एल्डरमैन सहित कई समितियों में होंगी नियुक्तियां

**दैनिक समाज जागरण**

उमरिया। मोहन सरकार की दूसरी सालगिरह तक बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकताओं को उपकृत किए जाने की तैयारी है। नगरीय निकायों में एल्डरमैन, सरकारी वकील, जिला योजना, जिला विकास, रोगी कल्याण एवं कॉलेजों की जनभागीदारी समितियों आदि में संगठन के मैदानी कार्यकताओं की थोकबंद नियुक्तियों की कवायद तेज हो गई है। पार्टी ने उमरिया समेत तमाम जिलों की रायशुमारी कराकर संभावित नामों की सूची तैयार कर ली है। इसमें विधायकों सहित वरिष्ठ नेताओं की पसंद के नाम भी शामिल हैं। दशहरे के बाद चरणबद्ध तरीके से इसकी शुरूआत किए जाने के संकेत हैं। सूत्र बताते हैं कि पार्टी हाईकमान के साथ सत्ता-संगठन के प्रमुख नेताओं की इस मुद्दे पर कई दौर की चर्चा हो चुकी है। जिला कार्यकारिणी गठन के बहाने पार्टी ने सभी जिलों में पर्यवेक्षकों को भेजकर क्षेत्रीय सक्रिय कार्यकताओं का डाटा व फीडबैक तैयार कर लिया है। विधायक और अन्य नेताओं की पसंद भी पूछ ली गई है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि दशहरे के बाद नियुक्तियों का सिलसिला शुरू होगा।

**इन संस्थाओं का है भारी क्रेज**

प्रदेश में विधानसभा चुनाव और सरकार गठन के अब दो साल पूरे होने को हैं। इसलिए निगम-मंडलों से लेकर निकायों और अनेक समितियों में पार्टी कार्यकताओं को एडजस्ट किए जाने को लेकर सरकार और संगठन पर दबाव बढ़ रहा है। दर्जा मंत्रियों से लेकर तहसील स्तर पर नोटरी, जिलों में लोक अभियोजक, सहायक अभियोजक के अलावा, जेल संदर्शक, जनभागीदारी, रोगी कल्याण समिति और जिला योजना जैसी समितियों में नियुक्ति के लिए सबसे ज्यादा लॉबिंग-दावेदारी हो रही है।

**निकायों में होना है नियुक्तियां**

उमरिया ,नवरोजाबाद, पाली पालिका समेत मानपुर ,चंदिया नगर परिषदों में एल्डरमैन की नियुक्तियां प्रस्तावित हैं। नगर परिषदों में 4 एल्डरमैन नियुक्त होंगे। निकायों से लेकर विभिन्न समितियों में नामांकित सदस्यों को भेजने की एक प्रक्रिया है।सूत्र बताते हैं कि यह कवायद चल रही है।सरकार और संगठन में विचार-विमर्श के बाद अनुभवी और जानकार लोगों की जल्दी ही नियुक्ति होगी।

**उमरिया में दशहरे के पहले आ जाएगी जिला कार्यकारिणी**

सूत्र बताते हैं कि उमरिया की जिला कार्यकारिणी की घोषणा में विलम्ब जरूर हो रहा है लेकिन सूची दशहरे के पहले हर हाल में आ जाएगी। जिले के वरिष्ठ नेता ने बताया कि एक दो दिन में भी घोषणा हो सकती है, लेकिन दशहरे के पहले घोषणा तय है। अब तक दो दर्जन के लगभग जिलों की सूची जारी हो चुकी है, जिसमें उमरिया के पड़ोसी जिले मैहर और सतना, शहडोल सीधी और रीवा, डिंडोरी आदि घोषित हो चुके हैं। कुछ असहमति की वजह से इसमें विलंब हो रहा है ।

## धूमधाम से मनाया जा रहा है नवरात्रों का पावन पर्व

**दैनिक समाज जागरण,**



कालांवाली 25 सितमबर (सुरेश जोरासिया) प्राचीन श्री दुर्गा मंदिर के प्रांगण कालांवाली में नवरात्रों का पावन पर्व श्रद्धा भावना के साथ धूमधाम से मनाया जा रहा है' भगतों की लम्बी लाईन लगी रहती है और भगतजन मनोकामनाऐं लेकर माता रानी के दरबार मे पहुंचे रहे हैं। सुबह शाम माता की पूजा एवं आरती की जाती है और पूजन में भगतजन शामिल होते है। माता के भजन सुनकर श्रद्धा से भगतजन झूम उठते है' तुने मुझे बुलाया माता रानीऐ मैं आया मैं आया... आदि भेंटों से गूणगान किया गया। इस कड़ी में मां चिंतपूर्णी सेवा समिति कालांवाली की ओर से 7वां विशाल भंडारा भवानीगढ़, दिल्ली वालो की धर्मशाला छतरी मोड़ मां चिंतपूर्णी में लगाया जा रहा है। इस मौके कर नगर पालिका अध्यक्ष महेश झोरड, ओमप्रकाश लुहानी,तुषार एवं गणमान्य व्यक्तियों अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत कि' इस मौके पर प्रधान नरेश सिंगला शशि सेक्ट्री विक्की बांसल, कैशियर पवन बागड़ी,मंच संचालक कृष्ण गर्ग मीडिया प्रभारी राजवीर सिंह मेंबर चिंटू बांसल. रिंकू गर्ग .सोनू गर्ग. मनीष गोयल नरेश गर्ग कमेटी के सदस्य एवं भगतजन मौजूद रहे।

## स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान के तहत अमलाई में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया

**दैनिक समाज जागरण राजीव कुमार अमलाई**



"स्वच्छता ही सेवा 2025" अभियान के तहत इस वर्ष की थीम "स्वच्छोत्सव" को एक सफाई महोत्सव के रूप में पूरे देशभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसी कड़ी में 25 सितम्बर 2025 को रएउछ सोहागपुर क्षेत्र में भी विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें क्षेत्रीय महाप्रबंधक, स्टाफ ऑफिसर सिविल, सहायक प्रबंधक (सिविल), कार्मिक प्रबंधक, वरिष्ठ अधीक्षक (सिविल), चिकित्सा विभाग के प्रतिनिधि, और अन्य कई विभागों के कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इस अभियान का उद्देश्य न केवल कार्यस्थलों और आस-पास के क्षेत्रों की सफाई करना था, बल्कि स्वच्छता को एक जनजागरण और उत्सव के रूप में प्रस्तुत करना भी था। "स्वच्छोत्सव" ने स्वच्छता को जिम्मेदारी और उत्साह से जोड़ते हुए, एक स्वच्छ और स्वस्थ भारत की दिशा में सार्थक योगदान दिया। इस अवसर पर महाप्रबंधक मनीष कुमार श्रीवास्तव स्टाफ ऑफिसर सिविल प्रदीप कुमार पांडे असिस्टेंट मैनेजर सिविल कमल मंगलानी आर्य विक्रम सिंह ,कार्मिक प्रबंधक सुमन गोले एवं सिविल विभाग के रवि सिंह उपस्थित रहे।

## रेणुकूट, सोनभद्र की स्नेहा सिंह स्टेट चैंपियन ऑफ यंग कम्युनिटी चेंज अवॉर्ड से हुई सम्मानित

**उपेन्द्र कुमार तिवारी/ समाज जागरण**




सोनभद्र। राष्ट्रीय सामाजिक संस्था निफा (नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्ट्स) के रजत जयंती समारोह में वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस इंग्लैंड द्वारा जिले की बेटी सुश्री स्नेहा सिंह को प्रगति मैदान भारत मंडपम न्यू दिल्ली में स्टेट चैंपियन ऑफ यंग कम्युनिटी चेंज अवार्ड एवं सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया। जिसमें इन्हें ₹10000 की नगद धनराशि भी प्राप्त हुआ यह सम्मान उन्हें २१ से २४ सितंबर २०२५ के बीच प्रदान किया गया। इस समारोह में देश-विदेश से लगभग 1300 समाजसेवी को सम्मानित किया गया। स्नेहा सिंह का परिचय स्नेहा सिंह, रेणुकूट हिंडाल्को स्मेल्टर प्लांट (पॉटरूम लाइन-11) के डिप्टी मैनेजर अरुण कुमार सिंह की पुत्री हैं। वर्तमान में वह डीएवी पब्लिक स्कूल, ओबरा में खेल प्रशिक्षिका के रूप में कार्यरत हैं और सोनभद्र की जिला संगठन आयुक्त गाइड भी हैं। उन्होंने स्काउट-गाइड क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। वह नियमित रक्तदाता, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय ताइक्वांडो स्वर्ण पदक विजेता, तथा राष्ट्रीय ताइक्वांडो रेफरी भी हैं। सम्मान प्राप्त करने पर स्नेहा सिंह ने कहा–भारत के हर व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए समाज के लिए कार्य करना चाहिए क्योंकि एक दूसरे के मदद करके ही हम अपने देश को आगे बढ़ा सकते हैं और देश में बदलाव ला सकते हैं जरूरी है कि जरूरतमंदों की मदद की जाए चाहे वह किसी भी तरीके से हो मैं अवार्ड प्राप्त करके अत्यंत गौरवान्वित महसूस कर रही हूं और अपने जनपद और प्रदेश की बेटियों से यही चाहूंगी कि वह भी मेहनत करें और अपना लक्ष्य बनाएं निश्चित सफलता मिलेगी और मैं निफा स्टेट प्रेसिडेंट दिलीप कुमार दुबे सर का विशेष रूप से धन्यवाद करती हूं कि उन्होंने मेरा मार्गदर्शन किया मुझे मोटिवेट किया। भारत मंडपम के मुख्य अतिथि शिव खेड़ा, वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस इंग्लैंड के वाइस प्रेसिडेंट संजय पंजवानी, इंडो रशियन कल्चरल सोसायटी के प्रेसिडेंट मंगलम दुबे तथा करनाल जिला में गोल्डन मोमेंट्स में आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि हरविंदर कल्याण अध्यक्ष विधानसभा हरियाणा प्रदेश तथा राष्ट्रीय चेयरमैन प्रीतपाल पन्नू तथा जापान तथा मोरिशस और इंग्लैंड से आए अतिथियों द्वारा पूरे देश के समाजसेवियों के साथ जनपद की स्नेहा सिंह को समाज सेवा तथा रक्तदान सेवा के लिए वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सलेंस इंग्लैंड द्वारा यंग कम्युनिटी स्टेट चैंपियनशिप चेंज अवार्ड स्मृति चिन्ह दे कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन निफा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप कुमार दुबे रेणुकूट ने किया तथा उतर प्रदेश के डेलिगेशन का नेतृत्व आलोक अग्रवाल और राजीव गोयल ने किया। इस दौरान निफा जिलाध्यक्ष अमित चौबे ने इसे ऐतिहासिक क्षण बताते हुए फाउंडर चेयरमैन प्रीतपाल सिंह पन्नू, स्टेट प्रेसिडेंट दिलीप कुमार दुबे और पूरे निफा परिवार का आभार व्यक्त किया। इस उपलब्धि पर पूरे जिले में खुशी की लहर है डी ए वी स्कूल की प्रधानाचार्या प्रतिभा जौहरी जी और समस्त विद्यालय परिवार एवं भारत स्काउट गाइड संस्था के कार्यकारिणी सदस्यों एवं जिले के सभी लोगों ने स्नेहा सिंह व उनके परिवार को हार्दिक बधाइयाँ दी हैं।

## सोनभद्र के शुभम सोनी को SDGS टीम इंडिया से नया दायित्व, राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाया जिले का मान

**उपेन्द्र कुमार तिवारी/ समाज जागरण**

सोनभद्र। जनपद के स्काउट गाइड के युवा समिति अध्यक्ष एवं जिला आईटी कोऑर्डिनेटर शुभम कुमार सोनी ने एक बार फिर जिले का नाम रोशन किया है। राष्ट्रीय स्तर पर यूथ लेट एक्शन एंड क्लाइमेट चेंज व राज्य स्तर पर ग्रीन स्किल इंडिया के प्रोजेक्ट मैनेजर की जिम्मेदारी निभा रहे शुभम को अब SDGS टीम इंडिया की ओर से एक और अहम दायित्व सौंपा गया है। इस उपलब्धि के साथ ही उन्होंने न सिर्फ सोनभद्र बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश का मान बढ़ाया है। उनके चयन से भारत स्काउट एंड गाइड के अंतर्गत जनपद की छवि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पटल पर और भी मजबूत हुई है।

शुभम के चयन की घोषणा भारत स्काउट गाइड इंडिया के शीर्ष पदाधिकारियों ने की , जिनमें डायरेक्टर दर्शना पावस्कर, एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर अमर बी. छात्री, बॉय एंड गर्ल प्रोग्राम डायरेक्टर अरुप सरकार, असिस्टेंट डायरेक्टर अनलेन्द्र शर्मा, नेशनल प्रोजेक्ट मैनेजर ग्रीन स्किल बबलू गोस्वामी सहित सभी राष्ट्रीय पदाधिकारी शामिल रहे। वहीं राज्य स्तर से प्रादेशिक मुख्यायुक्त डा. प्रभात कुमार, राज्य सचिव आनंद सिंह रावत, नौसाद अली सिद्दीकी, रविदरकोर सोखी सहित जिला कमिटी के सहयोग से शुभम का नाम चयनित किया गया। इस उपलब्धि पर पूरे सोनभद्र में खुशी की लहर दौड़ गई। जिले के स्काउट गाइड संगठन से जुड़े पदाधिकारियों ने शुभम को बधाई देते हुए गर्व महसूस किया। स्काउट कमिश्नर सत्यनारायण कन्नौजिया, जिला संगठन कमिश्नर स्काउट सुनील कुमार सिंह सहित कई पदाधिकारियों ने शुभम की इस सफलता को प्रेरणादायक बताया। अब शुभम सोनी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर स्काउट गाइड संगठन के साथ-साथ सोनभद्र जिले का भी नाम रोशन करेंगे।

## विंढ़मगंज का लाल बना रेल विभाग में राजपत्रित अधिकारी

### सहायक कार्यशाला प्रबंधक/सहायक यांत्रिक अभियंता पद पर चयन से क्षेत्र में खुशी की लहर

**उपेन्द्र कुमार तिवारी/ समाज जागरण**



विंढ़मगंज/ सोनभद्र। विंढ़मगंज क्षेत्र के ग्राम धरती धोलवा निवासी अशोक कुमार पासवान पुत्र बालचंद राम पासवान ने कठिन परिश्रम और संघर्ष के बल पर रेल विभाग में बड़ी उपलब्धि अर्जित की है। उनका चयन विशेष परीक्षा के माध्यम से सहायक कार्यशाला प्रबंधक/सहायक यांत्रिक अभियंता (समूह-ख, राजपत्रित अधिकारी) पद पर हुआ है। इस सफलता की खबर मिलते ही पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। अशोक पासवान का सफर बेहद संघर्षपूर्ण और प्रेरणादायक रहा है। उन्होंने वर्ष 2000 में रेल विभाग में कनिष्ठ अभियंता (जे.ई.) पद से अपने सेवाकाल की शुरूआत की। इसके बाद 2011 में वे वरिष्ठ अनुभाग अभियंता बने। वर्ष 2017 में उन्होंने मुख्य निरीक्षक के रूप में कार्य किया और वर्ष 2021 में उन्हें प्रशिक्षक का दायित्व सौंपा गया। अब वर्ष 2025 में उनका चयन होकर वे सहायक कार्यशाला प्रबंधक/सहायक यांत्रिक अभियंता (समूह-ख, राजपत्रित अधिकारी) पद पर पहुँचे हैं। गरीबी और कठिन परिस्थितियों के बीच पले-बढ़े अशोक पासवान ने कभी हार नहीं मानी। अपने अथक परिश्रम, लगन और दृढ़ संकल्प से उन्होंने यह मुकाम हासिल किया। आज वे न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का कारण बने हैं। उनके परिजन तथा ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है। लोग लगातार उन्हें शुभकामनाएँ और बधाइयाँ दे रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अशोक पासवान की यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत साबित होगी। अशोक पासवान के मिलनसार स्वभाव और मधुर व्यवहार की चर्चा भी हर ओर है। लोग उन्हें एक आदर्श और संघर्षशील व्यक्तित्व के रूप में देख रहे हैं।

## "वर्ल्ड फामेर्सी डे " राम नगीना फामेर्सी कॉलेज मझौली, दुद्धी मे मनाया गया

**उपेन्द्र कुमार तिवारी/ समाज जागरण**

दुद्धी/ सोनभद्र। वर्ल्ड फामेर्सी डे पर राम नगीना फामेर्सी कॉलेज कार्यक्रम मझौली दुद्धी में वर्ल्ड फामेर्सी डे धूमधाम से मनाया गया। वक्ताओ द्वारा छात्र-छात्राओं को रोचक जानकारी प्रदान कराई गई। मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ देकर व केक



काटकर वर्ल्ड फामेर्सी डे मनाया गया। मुख्य अतिथि संजय श्रीवास्तव फार्मासिस्ट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी, राम नगीना फामेर्सी संस्था के संरक्षक उपेंद्र यादव, प्रधानाचार्य डॉ. सिशांत राव व प्रतियोगिता कार्यक्रम की अध्यक्षता शशांक कुमार शिक्षक द्वारा किया गया। इस मौके पर अमीना नसरीन , सुभागी अग्रहरी , विवेकानंद, पूजा तिवारी, आराधना, मंजू, उर्मिला, सलोनी, शशिकांत यादव, विपिन यादव अन्य अध्यापक व अध्यापिका मौजूद रहे।

## महुली रामलीला में धनुष यज्ञ, रावण-बाणासुर संवाद और लक्ष्मण-परशुराम संवाद का अद्भुत मंचन

**उपेन्द्र कुमार तिवारी/ समाज जागरण**




महुली/ सोनभद्र। महुली के ऐतिहासिक श्री राजा बरियार शाह खेल मैदान में चल रही श्रीरामलीला का पाँचवाँ दिन भव्य और भावनात्मक लीलाओं से सराबोर रहा। मंचन का आरंभ भगवान शिव और माता पार्वती की दिव्य झांकी से हुआ। इस झांकी ने पूरे मैदान का वातावरण भक्तिमय कर दिया और उपस्थित जनसमूह "हर-हर महादेव" व "जय माता दी" के जयघोष से गूंज उठा।

इसके उपरांत धनुष यज्ञ का अद्भुत मंचन प्रस्तुत हुआ। मिथिला नगरी के स्वयंवर में जब देश-विदेश से आए समस्त राजाओं ने शिवजी के महाधनुष को उठाने का प्रयास किया और असफल रहे, तब भगवान श्रीराम ने गुरु विश्वामित्र की आज्ञा से सहज भाव से उस धनुष को उठाकर भंग कर दिया। जैसे ही धनुष टूटा, पंडाल "जय श्रीराम" के गगनभेदी नारों से गूंज उठा। यह दृश्य देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। इसके बाद मंच पर रावण और बाणासुर संवाद का जीवंत चित्रण किया गया। रावण की अपार शक्ति और बाणासुर के गर्व से भरे संवादों ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। दोनों के मध्य संवाद और गर्जना ने वातावरण को वीररस से ओतप्रोत कर दिया। सबसे अंत में लक्ष्मण-परशुराम संवाद की लीला का मंचन हुआ। जब परशुराम जी ने शिवधनुष भंग की घटना पर क्रोधित होकर मिथिला नगरी में प्रवेश किया और लक्ष्मण से उनका तीखा संवाद हुआ, तो पूरा वातावरण गम्भीर और तनावपूर्ण हो गया। लक्ष्मण की निर्भीक वाणी और परशुराम के क्रोध को देख दर्शकों में सन्नाटा छा गया। वहीं भगवान श्रीराम के धैर्य और शांत वचनों ने इस प्रसंग को दिव्य परिणति दी।

इन मार्मिक और रोचक लीलाओं ने न केवल दर्शकों को मोहित किया बल्कि धर्म, मयार्दा और भक्ति का गहरा संदेश भी दिया। कलाकारों की अदाकारी और संवाद अदायगी से दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उन्हें सराहा।

इस अवसर पर रामलीला समिति के अध्यक्ष अरविंद जायसवाल, उपाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार कन्नौजिया, उपाध्यक्ष जितेंद्र जौहरी (सोनू सेठ), कोषाध्यक्ष अमित कुमार कन्नौजिया, सचिव राकेश कुमार कन्नौजिया सहित समिति के सभी पदाधिकारी मंच पर मौजूद रहे और आयोजन की भव्यता को बढ़ाया।

समिति के व्यास आचार्य दिलीप कुमार कन्नौजिया ने बताया कि कल 25 सितंबर को राम-सीता विवाह की भव्य लीला का मंचन किया जाएगा। इस आयोजन में सभी दर्शक बाराती बनकर अयोध्या प्रस्थान करेंगे। रामलीला के इस अनोखे आयोजन की चर्चा पूरे क्षेत्र में हो रही है और श्रद्धालु अगले दिन की लीला का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

## एक दिन एक घंटा एक साथ जनपद के ग्राम पंचायतों में शुरू हुआ अभियान

### स्वच्छता सभी की जिम्मेदारी- भूपेश चौबे

**सदर संवाददाता/ अल्ताफ कादरी/ समाज जागरण**



सोनभद्र। भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आज 25 सितंबर को स्वच्छ उत्सव के तहत एक दिन, एक घंटा, एक साथ सफाई अभियान का शुभारंभ सभी विकास खण्डों में एक साथ किया गया। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण मंत्री श्री संजीव कुमार गोंड़ ने कहा कि भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान से जन-जन में स्वच्दता के प्रति जागरूकता उत्पन्न होगी, इस कार्यक्रम का शुभारम्भ मा0 मंत्री जी द्वारा विकास खण्ड चोपन की ग्राम पंचायत बिल्ली मारकुंडी से किया गया, इसी क्रम सदर विधायक भूपेश चौबे ने ग्राम पंचायत सेमर में झाड़ियों और कूड़ो की सफाई कर किया। माननीय विधायक श्री भूपेश चौबे जी के नेतृत्व में स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत एक दिन, एक घंटा और एक साथ अभियान के तहत विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों, पंचायत प्रतिनिधियों तथा युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और ग्राम पंचायत को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने का संकल्प लिया। माननीय विधायक जी ने स्वयं सफाई कार्य में सहभागिता करते हुए ग्रामीणों को यह संदेश दिया कि स्वच्छता केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि गाँव की स्वच्छता से ही गाँव की पहचान और प्रगति होती है। यदि हम सभी मिलकर प्रतिदिन थोड़ा-थोड़ा प्रयास करें, तो अपने गाँव को आदर्श और स्वच्छ बना सकते हैं साथ ही स्वच्छ सेमर सुंदर सेमर के नारे भी लगाए गए स्वच्छता कार्यक्रम सभी ग्राम पंचायतों में चलाया जा रहा है कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणों को स्वच्छता शपथ भी दिलाई गई, जिसमें सभी ने कूड़ा-कचरा इधर-उधर न फैलाने, सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने और घर-आँगन, गलियों व सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने का वचन लिया। विकास खण्ड म्योरपुर की ग्राम पंचायत म्योरपुर में माननीय मानसिंह गोंड, नगवा में माननीय ब्लॉक प्रमुख आलोक सिंह शुरूआत की।

यह अभियान न केवल सफाई का प्रतीक बना बल्कि ग्रामवासियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना भी जागृत हुई। ग्राम पंचायत सिमर में हुए इस सामूहिक प्रयास ने यह सिद्ध कर दिया कि जब जनता और जनप्रतिनिधि एक साथ आगे आते हैं, तो किसी भी अभियान को सफल बनाना कठिन नहीं है। अभियान में अपर जिला पंचायत राज अधिकारी राजेश सिंह, सभी विकास खण्ड के एडीओ पंचायत, डीसी किरन सिंह, अनूप पाल कई ग्राम पंचायतों के पंचायत प्रतिनिधि अनूप तिवारी, ग्राम प्रधान श्रीमती कृष्णा देवी, राजाराम विश्वकर्मा, सचिव चांदनी गुप्ता, आशा, आंगनवाड़ी के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सहभागिता निभाई।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में उ०प्र० रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष के जिला संचालन समिति की बैठक सम्पन्न

**सदर संवाददाता/ अल्ताफ कादरी/ समाज जागरण**

सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में उ०प्र० रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष के जिला संचालन समिति की बैठक किये, बैठक में जिलाधिकारी द्वारा रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजना के अन्तर्गत लम्बित 26 प्रकरणों पर चर्चा की गयी। 26 प्रकरणों में 01 प्रकरण 304 बी० दहेज हत्या का था, व 01 प्रकरण 306ए एवं शेष 24 प्रकरण पोक्सो से संबंधित थे। समिति द्वारा 26 पोक्सो के प्रकरणो में से 05 प्रकरण व 01 प्रकरण 304 बी० दहेज हत्या के प्रकरण में क्षतिपूर्ति भुगतान किये जाने हेतु सहमति प्रदान की गयी एवं 01 प्रकरण 326ए में



नोडल पुलिस अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देशित किया गया कि उक्त प्रकरण में शासनादेश के अनुसार पुनः अध्यनन करना सुनिश्चित करेंगें। उन्होंने कहा कि मेडिकल स्तर पर वर्तमान समय में 56 प्रकरण लम्बित प्रदर्शित हो रहे है, जिसमें नोडल चिकित्साधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि 35 प्रकरणों में मेडिकल नहीं हुआ है। जिस कारण मेडिकल पोर्टल पर मेडिकल अपलोड नहीं हो पा रहा है एवं 15 प्रकरण मा० उच्च न्यायालय, इलाहाबाद में दर्ज है। उन्होंने निर्देशित किया गया कि पुलिस विभाग से समवन्य स्थापित कर नोडल चिकित्साधिकारी के पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों में मेडिकल रिपोर्ट प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगें। निर्देशित किया गया कि पूर्व के लम्बित प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही करना सुनिश्चित करें, साथ ही नवीन प्राप्त प्रकरणों का भी ससमय निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जिला प्रोबेशन अधिकारी पुनीत टण्डन, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया, नोडल मेडिकल डा० सुमन जायसवाल सहित कार्मिकगण उपस्थित रहें।

